# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, मंगलवार 24 मार्च 2026


ई-कॉमर्स साइट पर होगा उपलब्ध

## जल्द लॉन्च होगा भारत का पहला 'सेल्फी मिरर' फोन



**नई दिल्ली।** रियलमी के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। कंपनी ने आधिकारिक तौर पर कंफर्म कर दिया है कि उसका नया स्मार्टफोन रियलमी 16 5जी जल्द ही भारत में दस्तक देने वाला है। सोमवार को जारी किए गए ▸▸ शेष पेज 4 पर

पश्चिम एशिया से आई जंग के 24 वें दिन खुशखबर

*2 दिन से चर्चाओं और बैठकों का दौर जारी ईरान पहले ही रख चुका है अपनी 6 शर्तें*

# सीज फायर के साफ संकेत... ट्रंप ने पांच दिन हमले रोके, कहा- ईरान से अच्छी बातचीत जारी



*ट्रंप ने कहा-अमेरिका और ईरान के बीच मध्य पूर्व में हमारी आपसी दुश्मनी को पूरी तरह से खत्म करने के संबंध में बहुत अच्छी और सार्थक बातचीत हुई*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल व ईरान के बीच चल रहे युद्ध के समाप्त होने के संकेत मिलने शुरु हो गए हैं। डोनल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर सोमवार को पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि अमेरिका ने ईरान के साथ अच्छी और सार्थक बातचीत की है और वह सेना को ईरानी पावर प्लांटों और ऊर्जा बुनियादी ढांचे के खिलाफ किसी भी सैन्य हमले को टालने का आदेश देंगे। पिछले दो दिनों में, अमेरिका और ईरान के बीच मध्य पूर्व में हमारी आपसी दुश्मनी को पूरी तरह से खत्म करने के संबंध में बहुत अच्छी और सार्थक बातचीत हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे लिखा कि इन गहरी, विस्तृत और रचनात्मक बातचीत के मिजाज और लहजे को देखते हुए जो पूरे हफ्ते जारी रहेगी। मैंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि वे ईरान के बिजली संयंत्रों और ऊर्जा बुनियादी ढांचे के खिलाफ किसी भी और सभी सैन्य हमलों को पांच दिनों के लिए टाल दें। ट्रंप ने आगे होने वाली चर्चा को लेकर लिखा कि यह फैसला चल रही बैठकों और चर्चाओं की सफलता पर निर्भर करेगा। ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी

**ईरान बोला हमारे सख्त रुख के बाद अमेरिका को पीछे हटना पड़ा**



डोनाल्ड ट्रंप



मसूद पेजेश्कियन

**इन गहरी, विस्तृत और रचनात्मक बातचीत के मिजाज और लहजे को देखते हुए बात हफ्ते भर तक चलेगी**

### ट्रंप ने दिया था 48 घंटे का अल्टीमेटम

राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पूरी तरह से खोलने के लिए 48 घंटे का समय दिया था। ट्रंप ने कहा था कि अगर इस समयसीमा में होर्मुज को नहीं खोला गया तो वे ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेंगे। ट्रंप का 48 घंटे का अल्टीमेटम मंगलवार, 24 मार्च की शुरुआत के साथ ही समाप्त होने वाला था, लेकिन उससे पहले ही ट्रंप ने बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच बेहतर बातचीत हुई है ▸▸ शेष पेज 4 पर

### ईरान ने कहा-बाजार के दबाव में किया ट्रंप ने फैसला

ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति को जवाब देते हुए कहा है कि ट्रंप पीछे हट गए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य युद्ध से पहले वाली स्थिति में वापस नहीं आएगा और ऊर्जा बाजार अस्थिर बने रहेंगे। ट्रंप ने वित्तीय बाजार के दबाव के ▸▸ शेष पेज 4 पर

*ये हो रहा बाजार पर असर?*

70 से 112 पहुंचा ब्रेंट क्रूड, 60% से ज्यादा महंगा



सोना करीब 15000 और चांदी लगभग 27000 रुपए तक टूटी



निवेशकों के करीब 14 लाख करोड़ रु. डूब गए



***पश्चिम एशिया संकट पर पीएम मोदी ने संसद में दिया बयान***

***हमारे पास अन्न भंडार, बिजली व यूरिया पर्याप्त, सरकार की कोशिश युद्ध का भारत पर कम से कम पड़े प्रभाव***

# 53 लाख मीट्रिक टन 'पेट्रोलियम' उपलब्ध, 41 देशों से कर रहे इंपोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रही जंग के बाद पश्चिम एशिया में आए संकट को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि भारत ने इन हमलों का विरोध किया है और होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट अस्वीकार्य है। भारत शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष है और नागरिकों और पावर प्लांट पर हमले मंजूर नहीं हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की स्पष्ट भूमिका है कि पश्चिम एशिया में तनाव खत्म होना चाहिए।

पीएम ने बताया कि पहले 27 देशों से आयात होता था अब 41 देशों से होता है। तेल की चुनौती से निपटने के लिए साथ ही लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म प्लान पर काम हो रहा है। हमने मंत्रियों का समूह बनाया है। उन्होंने कहा कि हमारे पास अन्न भंडार, बिजली व यूरिया पर्याप्त है। सरकार की कोशिश है कि युद्ध का भारत पर कम से कम पड़े प्रभाव पड़े। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार संवेदनशील भी है, सतर्क भी है और हर सहायता के लिए तत्पर भी है। भारत के सामने भी इस युद्ध ने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ये चुनौतियां आर्थिक भी हैं, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी भी हैं और मानवीय भी हैं। युद्धरत और युद्ध से प्रभावित देशों ▸▸ शेष पेज 4 पर

- ▸▸ होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट अस्वीकार्य शांतिपूर्ण समाधान चाहता है भारत
- ▸▸ पश्चिम एशिया से 3.75 लाख से अधिक भारतीय सुरक्षित लौटे
- ▸▸ ऊर्जा सुरक्षा हेतु रणनीतिक तेल भंडार एथेनॉल मिश्रण पर जोर



पीएम मोदी

***हमारी रिफाइनरी कैपेसिटी में भी उल्लेखनीय वृद्धि***

*पीएम ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास रहा है कि पेट्रोल, डीजल और गैस की सप्लाई बहुत ज्यादा प्रभावित न हो। विशेष रूप से कच्चे तेल और गैस की हमारी जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा होर्मुज क्षेत्र पूरा करता है। बीते दशक में भारत ने संकट के ऐसे ही समय के लिए कच्चे तेल के भंडारण को भी प्राथमिकता दी है। आज* ▸▸ शेष पेज 4 पर

*भारत की क्या तैयारी है?*

### एथेनॉल के उत्पादन और उसकी ब्रांडिंग पर अभूतपूर्व काम

पीएम ने कहा कि संकट के इस समय में देश की एक और तैयारी भी है, जो बहुत काम आ रही है। पिछले 11 साल में एथेनॉल के उत्पादन और उसकी ब्रांडिंग पर अभूतपूर्व काम हुआ है। आज हम पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल ब्लैंडिंग के करीब पहुंच रहे हैं। इसके कारण प्रति वर्ष करीब साढ़े 4 करोड़ बैरल कम ऑयल इंपोर्ट करना पड़ रहा है। बीते दशक में 6 नए यूरिया प्लांट शुरु किए गए। फिलहाल देश के सभी पावर प्लांट्स में कोल स्टॉक उपलब्ध है। भारत ने लगातार दूसरे साल 100 करोड़ टन कोयला उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया है। पावर जेनेरेशन से लेकर पावर सप्लाई तक की हमारी सभी सिस्टम की निरंतर मॉनिटरिंग भी की जा रही है।


**डायवर्टेड प्लाट उपलब्ध है**

बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध



66 फीट रोड सनराईज गार्डन के पीछे, महोली, भानपुर भोपाल

सर्व सुविधा युक्त प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण प्रदूषण मुक्त कवर्ड केम्पस के साथ

आफिस:आदित्य कन्सट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल

7222901488, 9755600827

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**षष्ठम : माता कात्यायनी**



चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी॥


हरिभूमि सहेली

आज के अंक के साथ


ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट सख्त

## 2 महीने में आ जाएगा फैसला 'अंतिम दौर' की सुनवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर



प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को लेकर वर्षों से चला आ रहा विवाद अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। हाईकोर्ट ने साफ संकेत दिए हैं कि अब इस मामले को और लंबा नहीं खींचा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की 90 दिन की समयसीमा के भीतर ही अगले दो महीने में बड़ा फैसला आने की हाईकोर्ट ने पुष्टि कर है। ओबीसी आरक्षण का मामला जब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो वहां से इसे स्पष्ट निर्देशों के साथ वापस हाईकोर्ट भेज दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मामला वर्षों से पिंग-पोंग की तरह घूम रहा है, इसलिए अब मप्र हाईकोर्ट ही इसकी वैधानिकता पर अंतिम निर्णय करेगा। 16 अप्रैल से मामले की फाइनल हियरिंग भी तय कर दी गई है। सोमवार को चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ ▸▸ शेष पेज 4 पर

- ***6 साल पुराने मामले में अब जल्द फैसला***
- ***90 दिन की समयसीमा का हवाला, हस्तक्षेप याचिकाओं पर रोक 16 अप्रैल से फाइनल सुनवाई***
- ***2 अप्रैल तक सभी पक्षों को डिजिटल रिकॉर्ड के आधार पर जवाब दाखिल करने के निर्देश***

### *87-13 फॉर्मूला बना विवाद की जड़*

मध्यप्रदेश में ओबीसी आरक्षण को 14% से बढ़ाकर 27% किया गया था, जिसके बाद 87-13 फॉर्मूला लागू किया गया। इसमें 13% पदों को होल्ड पर रखा गया। इसी को लेकर हाईकोर्ट में चुनौती दी गई और 50% सीमा के आधार पर अंतरिम आदेश भी दिए गए। यही कारण है कि हजारों भर्तियां और उम्मीदवार वर्षों से अटके हुए हैं।

मोहन कैबिनेट ने आंगनवाड़ी केंद्रों के कुपोषित बच्चों के लिए पूरक पोषण आहार की राशि 8 रुपए से बढ़ाई

# कुपोषित बच्चों के लिए पोषण आहार की राशि 12 रुपए, 10 लाख बच्चों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार की दर बढ़ा दी है। सोमवार को मप्र कैबिनेट की बैठक में भी उक्त मसौदे को मंजूरी दे दी गई। इसके बाद से आंगनवाड़ी केंद्रों में 6 महीने से लेकर 6 साल तक के आयु वर्ग के अति कम वजन के बच्चों को पूरक पोषण आहार के लिए अब प्रति दिन 8 रुपए के स्थान पर 12 रुपए की राशि दी जाएगी। इसे सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में लागू किया गया है। इससे करीब 10 लाख से अधिक बच्चों को लाभ मिलेगा। इन सभी बच्चों को अभी तक प्रति दिन 8 रुपए के मान से पूरक पोषण आहार दिए जाते थे, अब उसमें 50 फीसदी का इजाफा कर दिया गया। सरकार पूरक पोषण आहार पर हर दिन करीब सवा करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च करेगी। हालांकि, यह पूरी राशि केंद्र सरकार अपने फंड से देगी। कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय में हुई। कैबिनेट ने 6,940 करोड़ रुपए के विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों और उनकी निरंतरता की स्वीकृति दी है। कैबिनेट ने रीवा जिले की महाना माइक्रो सिंचाई परियोजना के निर्माण के लिए 82 करोड़ 39 लाख रुपए की मंजूरी के अलावा शासकीय सेवकों और पेंशनर्स के लिए 1 जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत ▸▸ शेष पेज 4 पर

*कैबिनेट ने 6,940 करोड़ रुपए के विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों और उनकी निरंतरता की स्वीकृति दी*

**सरकार पूरक पोषण आहार पर हर दिन करीब सवा करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च करेगी**



सीएम डॉ. यादव मंत्रियों के साथ कैबिनेट की बैठक लेते हुए

- ***दिव्यांगता के क्षेत्र में संचालित संस्थाओं के अतिथि शिक्षकों को 18 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय को स्वीकृति***
- ***शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के संचालन की मंजूरी***

### अन्य पिछड़े वर्ग के 4000 युवाओं को सैन्य बल प्रशिक्षण मिलेगा

कैबिनेट ने प्रदेश के अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों, पुलिस, होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए सक्षम बनाने लिए शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026 का संचालन किए जाने की मंजूरी प्रदान की है। इस अनुसार प्रतिवर्ष अन्य पिछड़े वर्ग के 4000 युवाओं को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण ▸▸ शेष पेज 4 पर

*डीए बढ़ोतरी की राशि के एरियर का भुगतान 6 समान किस्तों में होगा*

*कैबिनेट ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तहत दिव्यांगता के क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में अतिथि शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग के अतिथि शिक्षक वर्ग-1 के समरूप प्रतिमाह 18 हजार रुपए मानदेय दिया जाने का निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने सातवां वेतनमान प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों के डीए में एक जुलाई, 2025 से 3 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए कुल 58 प्रतिशत के मान से मंहगाई भत्ता (डीए) स्वीकृत किया है। छठवें वेतनमान के* ▸▸ शेष पेज 4 पर

## *निगम के बजट में कोई नया टैक्स नहीं, शहर के विकास पर खर्च होंगे 3938 करोड़*

पिछले साल की तुलना में 327 करोड़ रुपए अधिक राशि का बजट पेश

# नवबहार सब्जी मंडी पूरी करोंद में शिफ्ट होगी, इतवारा में कवर्ड मीट मार्केट बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

महापौर मालती राय ने सोमवार को निगम मुख्यालय आईएसबीटी परिसर में 2026-27 का बजट पेश किया। 3938 करोड़ रु. के बजट में ज्यादा राशि शहर के विकास पर खर्च करने का प्रावधान किया गया है। बजट की यह राशि पिछले बजट की राशि से 327 करोड़ रुपए ज्यादा है। बजट में किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दीपड़ी और राजेंद्र नगर में 1856 आवासों के निर्माण के लिए डीपीआर सरकार को भेजी गई है। इसके लिए 40 लाख रु. का प्रावधान किया गया है। शाहपुरा तालाब, कलियासोत डेम, बड़े व छोटे तालाब के सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार ▸▸ शेष पेज 4 पर

- ***पीएम आवास योजना के तहत दीपड़ी और राजेंद्र नगर में बनेंगे 1856 आवास, 40 लाख का प्रावधान***
- ***शाहपुरा तालाब, कलियासोत, बड़े व छोटे तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 64 करोड़ होंगे खर्च***



बजट पेश करती हुईं महापौर मालती राय

### बल्क कनेक्शन खत्म करने खर्च होंगे 800 करोड़

महापौर ने बजट भाषण में कहा कि कवर्ड कॉलोनियों में रहने वाले परिवार लंबे समय से बल्क कनेक्शन की जगह व्यक्तिगत नल कनेक्शन की मांग कर रहे थे। साल 2022 के चुनाव में भी इसकी घोषणा की गई थी, लेकिन तीन साल तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका था। अब इसकी मंजूरी मिली है। वर्तमान में 1566 कॉलोनियों में से करीब 829 कॉलोनियों में बल्क कनेक्शन के माध्यम से पानी सप्लाई हो रहा है। निगम के वाटर वर्क्स के मुताबिक अमृत-2 में इसकी डीपीआर स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। यह डीपीआर करीब 874 करोड़ 33 लाख रु. ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 03 भी

सीएम हेल्पलाइन में जबलपुर नगर निगम फिर नंबर-1

## 99.16% वेटेज स्कोर के साथ चौथी बार प्रदेश में प्रथम स्थान

फरवरी 2026 की ग्रेडिंग में मिला 'ए' ग्रेड



रामप्रकाश अहिरवार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

नगर निगम जबलपुर ने एक बार फिर उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का परिचय देते हुए सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के मामले में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की सतत मॉनिटरिंग, प्रभावी मार्गदर्शन और निगम की टीम के समन्वित प्रयासों के चलते नगर निगम ने वेटेज स्कोर के आधार पर 99.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथी बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी फरवरी 2026 की ग्रेडिंग सूची में नगर निगम जबलपुर को 'ए' ग्रेड प्रदान किया गया है। सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से नगर निगम को कुल 2723 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से बड़ी संख्या में ▸▸ शेष पेज 4 पर

# कुछ का सबकुछ, सबका कुछ-कुछ, मैदान में इस मंत्र से मिल सकता है हर समस्या का हल...

यूपीएससी चयनित अभ्यर्थी सम्मान विशेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में सोमवार को प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूपीएससी-2025 में चयनित 61 अभ्यर्थियों सम्मान किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान चयनित अभ्यर्थियों को सम्मान के साथ मैदान में खरे उतरने के लिए मूलमंत्र भी मिला। यह मंत्र कार्यक्रम के अंत में दिया गया। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि यूपीएससी परीक्षा दुनिया की सबसे कठिन परीक्षाओं में से लगभग 4 या 5 वें स्थान पर है। इसलिए इस परीक्षा के बाद मैदान में असल सफलता अहम रखती है। कार्यक्रम के अंत में बताया कि मैदान में सफलता के लिए अगर कुछ का सबकुछ, सब का कुछ- कुछ का मूल मंत्र यदि सिद्ध कर लिया जाए तो सफलता के रास्ते आसान हो सकते हैं।

**यूपीएससी-2025 में चयनित अभ्यर्थियों का किया सम्मान, कार्यक्रम के अंत में सफलता का मूलमंत्र भी...**

**कुछ अभ्यार्थियों ने कहा, अब शुरू होगी असल परीक्षा, उस पर भी खरे उतरेंगे, असल सफलता रखती है मायने**

**भोपाल के सरकारी और निजी कॉलेजों के विद्यार्थी, प्राचार्य के साथ ही कुछ विवि के कुलगुरु भी रहे मौजूद**



### छोटे शहरों के अभ्यर्थियों का भी हुआ चयन

कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा में इस वर्ष देशभर से कुल 958 अभ्यर्थी चयनित हुए। इनमें मध्यप्रदेश के 61 प्रतियोगी शामिल हैं। देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले हमारे 22 अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने सरकारी स्कूल-कॉलेज से पढ़ाई की है। सोहागपुर और सिरोंज जैसे छोटे शहरों से आने वाले अभ्यर्थियों का भी चयन हुआ है।

### किसे क्या रैंक मिली

इस अवसर पर अखिल भारतीय स्तर पर 5वीं रैंक प्राप्त ईशान भटनागर और 260वीं रैंक प्राप्त प्राची चौहान ने अपने अनुभव साझा किए। भटनागर ने बताया कि गवर्नेंस से संवैधानिक मूल्यों को धरातल पर लाने का सही तरीका होता है, यही मेरी प्रेरणा रही। प्रशासन के माध्यम से जमीनी स्तर पर काम करते हुए संविधान की मूल भावना के अनुरूप लोगों को न्याय दिलाया जा सकता है। ये सेवा आम आदमी के जीवन में वास्तविक परिवतज्न लाने का प्रभावी माध्यम हो सकती है। प्राची चौहान ने कहा कि धैर्य और ईमानदारी से किया गया प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता।


### कॉलेजों का विद्यार्थी पहुंचे, प्रश्न पूछे

सम्मान समरोह में एक्सीलेंस कॉलेज, हमीदिया कॉलेज, बाबूलाल गौर, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी कॉलेज, बीएसएसएस, गीतांजलि, एमवीएम सहित कई कॉलेजों के करीब 20-20 विद्यार्थी पहुंचे। कई विद्यार्थियों ने परीक्षा से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इससे आगे की तैयारी के लिए उनका काफी मनोबल बढ़ा है।

### प्राचार्य और कुलगुरु भी रहे मौजूद

कार्यक्रम में सरकारी और निजी कॉलेजों के प्राचार्य जिनमें विशेष रूप से एमवीएम, डा श्यामाप्रसाद मुखर्जी कॉलेज, गीतांजलि आदि कॉलेजों के प्राचार्य और बीयू सहित कुछ विवि के कुलगुरु भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### असल परीक्षा अब शुरू, खरे उतरेंगे



कार्यक्रम के दौरान प्रदेशभर के चयनित अभ्यार्थियों में से कुछ को छोड़कर शेष मंच पर मौजूद रहे। इस दौरान चर्चा में कुछ अभ्यार्थियों ने सवालों के जवाब बड़े उत्साह और जोश के साथ दिए। इंदौर के आयुष भदौरिया और पन्ना की पूजा सोनी का भी यह मानना था है कि असल परीक्षा अब शुरू होगी, जब फील्ड में वर्कआउट होगा। लेकिन हम हर परीक्षा में खरे उतरेंगे, ऐसा भरोसा है।

## दीक्षा चौरसिया ने समाज का नाम किया रोशनः पूरन चौरसिया



**भोपाल।** सिविल सेवा परीक्षा (आईएएस) 2025 में 44वीं रैंक प्राप्त कर चौरसिया समाज को गौरवावित करने वाली होनहार बिटिया दीक्षा चौरसिया के भोपाल आगमन पर चौरसिया समाज भोपाल एवं चौरसिया तंबोली समाज विकास परिषद द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय संगठन मंत्री पूरन चौरसिया ने कहा कि यह पूरे समाज के लिए अत्यंत गौरव की बात है और दीक्षा की सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। समिति द्वारा दीक्षा चौरसिया एवं उनके पिता रवि प्रसाद चौरसिया का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गौरव चौरसिया, रमेश चंद चौरसिया, मुन्नालाल चौरसिया, निधि चौरसिया, विनोद चौरसिया, लक्ष्मण चौरसिया, सीताराम चौरसिया, दशरथ चौरसिया, शंकर चौरसिया, कैलाश चौरसिया, प्रियंका चौरसिया, नीलम चौरसिया, दुर्गेश चौरसिया सहित अनेक सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

- सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 44वीं रैंक प्राप्त करने पर समाज ने किया सम्मान

### यात्री बोले-श्रवण कुमार की तरह सीएम मोहन यादव हम गरीबों को करा रहे तीर्थ, सरकार की इस योजना की खुलकर की सराहना

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनाः रानी कमलापति से 800 यात्रियों के साथ रामलला के दर्शन करने अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन रवाना

**मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत यात्रा पर रवाना होने से पहले हरिभूमि टीम ने कुछ बुजुर्ग यात्रियों से की बातचीत**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोई अपने बुजुर्ग माता-पिता को गोद में लेकर आ रहा था, तो किसी की बहू अपनी सास को बैंड-बाजे के साथ तीर्थ यात्रा के लिए छोड़ने पहुंची। ऐसा नजारा सोमवार को रानीकमलापति रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला। मौका था मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अयोध्या के लिए ट्रेन रवाना होने के दौरान का। यहां से 800 से अधिक यात्री रवाना हुए। तो वहीं अन्य यात्री दूसरे स्टेशनों से सवार होंगे।

रानी कमलापति स्टेशन सोमवार दोपहर करीब 3:00 बजे से यात्रियों का आने का सिलसिला शुरू हो गया था। सभी तीर्थ यहां पर एकत्रित होकर जय श्रीराम ,जय श्री सीताराम तो कोई बम-बम भोले के जयकारे लगा रहा थे। पूरा स्टेशन भक्ती मय हो रहा था। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत यात्रा पर रवाना होने से पहले हरिभूमि समाचार ने कुछ बुजुर्ग यात्रियों से बात की। तो किसी ने कहा कभी सोचा नहीं था कि तीर्थ यात्रा पर जा सकेंगे। तो कोई बोला सीएम मोहन यादव ने श्रवण कुमार की तरह हम लोगों को तीर्थ दर्शन करा रहे है। सरकारी की यह अच्छी योजना है। जिससे गरीबों को भी तीर्थ करने का मौका मिल रहा है। कुछ यात्री ने भगवान राम लाला से अमेरिका, इजरायल, ईरान युद्ध जल्द से जल्द खत्म हो,विश्व भर में शांति के लिए प्रार्थना करने की बात कहीं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन ट्रेन के रवाना होने के दौरान पहली बार है,जब कोई बड़ा आयोजन या कोई मंत्री या बड़े अधिकारी नहीं पहुंचे।

### पानी से लेकर मेडिकल तक की सुविधा

स्टेशन के साथ ही ट्रेन में यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। एक तरफ जहां खाने-पीने का विशेष ध्यान रखा गया। तो वहीं मेडिकल सुविधा के तहत डॉक्टरों की टीम भी रवाना हुई। साथ ही सभी कोच में एक केयरटेकर के रूप में कर्मचारी तैनात किया गया।

### बुजुर्गों के साथ युवाओं की संख्या भी अधिक

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना विशेष रूप से बुजुर्गों के लिए चलाई जाती है। लेकिन अयोध्या रवाना हुई,इस तीर्थ दर्शन ट्रेन में युवाओं की संख्या में अधिक नजर आ रही थी। सूत्रों के अनुसार जो बुजुर्ग तीर्थ यात्री बीमार व चलने में असमर्थ होते है। उनके साथ एक केयरटेकर ले जाने की अनुमति है। लेकिन अयोध्या रवाना हुई,ट्रेन में अधिक तीर्थयात्रियों के साथ युवा परिजन अधिक नजर आए।

## यह बोले तीर्थ यात्री

### अमेरिका, इजरायल, ईरान युद्ध खत्म हो, यही आशीर्वाद मांगूंगी



भगवान रामलला की बड़ी कृपा हुई,जो मुझे अयोध्या प्रभु श्रीराम के दर्शन करने का मौका मिला,मैं घर-परिवार देश व प्रदेश की उन्नती के साथ खासतौर पर अमेरिका, इजरायल, ईरान युद्ध जल्द से जल्द खत्म होने का आशीर्वाद मांगूंगी। विश्व भर में शांति हो।

### सोचा नहीं था कि कभी तीर्थ कर सकूंगा



मैने कभी सोचा नहीं था की उम्र के इस पड़ाव में रामलला के दर्शन करने जा सकूंगा। लेकिन मप्र सरकार की तीर्थ दर्शन योजना के चलते यह यात्रा पूरी करा दी। मन में बहुत खुशी व उत्साह है।

**देवी सिंह भोपाल, तीर्थ यात्री**

### आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी



कई दिनों से मन में तीर्थ यात्रा पर जाने की सोच रहा था। लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। इसलिए तीर्थ पर नहीं जा पा रहा था। लेकिन मुख्यमंत्री ने मोहन यादव ने स्पेशल ट्रेन चलाकर यह इच्छा पूरी कर दी। सीएम साहब का बहुत-बहुत धन्यवाद,ऐसी ही हम बुजुर्ग और गरीबों के कल्याण के लिए काम करते रहे। **-अनिल कुमार भोपाल, तीर्थ यात्री**

### आशा की किरण की तरह से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना



मेरे मन में काफी दिनों से रामलला अयोध्या तीर्थ दर्शन करने की इच्छा थी। आशा की किरण की तरह से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत ट्रेन चलाई गई। मुख्यमंत्री मोहन यादव के चलते इस यात्रा पर जा रही हूं। मेरे बेटा बहू मुझे छोड़ने आए। मन में बहुत खुशी व उत्साह है। **-सजन दुलारे, तीर्थ यात्री**

### बच्चों ने बनाया निषादराज का चित्र

## बच्चों के साथ श्रद्धा-भक्ति संग मनाई निषादराज जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निषाद वंशीय समाज के आराध्य देव भगवान श्रीराम के अभिन्न मित्र निषादराज की जयंती सोमवार को भोईपुरा बुधवारा में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। चित्रकला प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लेकर निषादराज का चित्र बनाया।

लोगों ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को हाथ घड़ी उपहार स्वरूप वितरित की गई। निषादवंशीय समिति के अध्यक्ष सुभाष रायकवार ने बताया कि बड़ी संख्या में उपस्थित प्रबुद्ध जन एवं माताओं बहनों द्वारा हवन, पूजन एवं भंडारे में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर समिति के महामंत्री मुकेश केवट, महामंत्री संजय मांझी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल रायकवार व वरिष्ठ कोषाध्यक्ष राजेंद्र रायकवार आदि लोग मौजूद थे।

### प्रतिनिधि मंडल ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

## बीएचईएल कर्मियों के लिए ईएल नकदीकरण की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉइज यूनियन संबद्ध नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (एनएफटीटीयू के नेतृत्व में बीते बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने बीएचईएल प्रबंधन से मुलाकात कर कर्मचारियों के अर्जित अवकाश (ईएल) के नकदीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। यूनियन के इकाई महासचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष रामनारायण गिरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक (मानव संसाधन) टीयू सिंह से भेंट की और उनके माध्यम से बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के.एस. मूर्ति को ज्ञापन प्रेषित किया। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन के कोषाध्यक्ष विशाल वाणी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित कुमार, कार्यालय मंत्री योगेश देवस्कर एवं सह-कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता शामिल थे। यूनियन ने प्रबंधन से मांग की है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अर्जित अवकाश के नकदीकरण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए, ताकि कर्मचारियों को तत्काल आर्थिक राहत मिल सके। साथ ही यूनियन ने विश्वास जताया कि प्रबंधन इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगा।

### जय हिंद सेना ने मनाया शहीद सम्मान दिवस

## शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव युवाओं के लिए प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत माता की वीर सपूत अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर सोमवार को जय हिंद सेना के युवा सदस्यों ने भारत माता चौराहा भदभदा पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर युवा सभा आयोजित करके 23 मार्च को हर वर्ष शहीद सम्मान दिवस मनाने का संकल्प लिया। जय हिंद सेना के अध्यक्ष अरुण पांडे ने बताया कि 23 मार्च शहीद दिवस को हर वर्ष जय हिंद सेना के नेतृत्व में अमर शहीदों की शहादत को याद करते हुए शहीद सम्मान यात्रा निकाली जाती है। यह यात्रा निकालने का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र प्रेम जागृत करना और देश के



शहीदों के प्रति सम्मान जागृत करने का है। अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव देश की युवाओं के लिए प्रेरणा है। आज उनके बलिदान दिवस पर भारत माता चौराहे पर सभी युवा सदस्यों ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर हर वर्ष शहिद सम्मान यात्रा निकलने का और सदैव राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में सेना के युवा सदस्य वीर बहादुर, राणा भट्ट, आदित्य मिश्रा, नितेश मिश्रा, मयंक सिंह, पीयूष रायकवार आदि उपस्थित रहे।

### पहले दिन शैक्षणिक उपयोगिता पर डाला प्रकाश

## केंद्रीय संस्कृत विविः हिंदी पुस्तक समीक्षा दो दिवसीय कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में हिंदी (चतुर्थ सत्रार्ध) प्रायोगिक विषय के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला हिंदी पुस्तक समीक्षा का आयोजन सोमवार से मंगलवार के बीच किया जा रहा है। यह कार्यशाला एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम सत्र 2025-26 के तहत आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी के संरक्षण एवं भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. हंसधर झा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

### पुस्तक समीक्षा की विधि

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विनय पांडे राजाराम (निदेशक सप्तवर्ण कला-साहित्य सृजन-शोध पीठ भोपाल) निर्मला और बाणभट्ट की आत्मकथा पर हिंदी पुस्तक समीक्षा के विविध आयामों पर अपने विचार व्यक्त किए।

### चैत्र नवरात्रि के अवसर पर राजधानी के प्राचीन मंदिरों में शामिल तलैया काली मंदिर में बड़ी संख्या पहुंच रहे श्रद्धालु

# मन्नत के लिए दरबार में बांधते हैं कलावा, माता करती हैं मुरादें पूरी



तलैया स्थित काली मंदिर। इनसेट में पीठाधीश रजनीश सिंह बगवार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवरात्र में देशभर में माता रानी के मंदिरों में भक्ती की भीड़ उमड़ने लगती है। श्रद्धालु प्रसिद्ध मंदिरों में पहुंच कर माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद मांगते है। चैत्र नवरात्रि पर राजधानी के प्राचीन मंदिरों में शुमार तलैया काली मंदिर में बड़ी संख्या श्रद्धालु पहुंच रहे। वैसे आम दिनों में रोजाना हजारों की संख्या में लोग माता रानी से आशीर्वाद लेने पहुंचते है। भक्त मां से जो भी अर्जी लगाते है,माता रानी उनकी मुराद को पूरा करती है।






नवरात्रि के अवसर पर लोग नौकरी, संतान प्राप्ति सहित अनेक प्रकार की मुरादें लेकर मां के पास आते हैं और कलावा या पन्नियां बांधकर मातारानी के चरणों में अर्जी लगाते है,कई श्रद्धालुओं की यहां मनोकामना पूरी होती है। वैसे तो इस मंदिर का निर्माण 1968 में हुआ था। लेकिन इसका इतिहास काफी पुराना हैं। मंदिर के पीठाधीश रजनीश सिंह बगवार ने बताया कि वैसे यहां सैकड़ों सालों से पूजा हो रही है। लेकिन आज से करीब 56-57 साल पहले पूर्वजों को माता रानी ने सपने में यहां मंदिर की स्थापना करने का आदेश दिया। इसके बाद मंदिर निर्माण की तैयारियां शुरू की गई। यहां 1967 में एक मढ़िया बनाई गई और माता रानी की स्थापना की गई।

माता की पूजा और अपनी मन्नत के लिए दरबार में कलावा बांधने लगें और लोगों की मुरादें पूरी होने लगी। दूर-दूर से लोग यहां आने लगें। भोपाल के अलावा आसपास से भी यहां बड़ी संख्या में भक्त आते है और माता रानी सबकी मुराद पूरी करती है।

### नवरात्र में जलती है अखंड ज्योति

नवरात्र में यहां पर अखंड ज्योति जलाई जाती है और ज्वारों की स्थापना होती है। आमतौर पर मंदिर सुबह 6 से दोपहर एक बजे तक और शाम 4 से 10 बजे तक खुला रहता है। लेकिन नवरात्र में मंदिर सुबह 5 से दोपहर एक और शाम को चार से रात 11 बजे तक खुला रहता है। वहीं सप्तमी से नवमी तक भक्तों की भीड़ को देखकर यहां पर पूरे दिन मंदिर के पट खुले रहते है।

### मेरी देवी माता पर बड़ी आस्था



श्रध्दालु राजकुमार ने बताया कि माता के दरबार में मन्नत का कलावा बांधने से माता रानी हमारी मन्नत को पूरी करती है। माता रानी पर मेरी व परिवार के लोगों की बड़ी अस्था है।

### नवरात्रि पर विशेष रूप से दर्शन के लिए आते हैं



श्रद्धालु जीवन सेन ने बताया कि कई सालों से माता रानी के दरबार में आ रहा हूं। विशेष रूप से नवरात्रि पर दर्शन के लिए परिवार के साथ आते है। माता रानी के आशीर्वाद सभी मनोकामना पूरी होती है।

भोपाल
मंगलवार, 24 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष -6
वर्ष : 12, अंक : 351
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 21

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 मैनचेस्टर सिटी बना ईएफएल कप....

विचार पेज
06 दुनिया पर भारी पड़ता जंग...

# प्रयागराज में अमोनिया गैस टैंक फटने से कोल्ड स्टोरेज धराशायी, 4 की मौत

**पीएम मोदी ने जताया दुख, मुआवजे का ऐलान**

**समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद के परिवार के कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया**

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर में प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर स्थित सपा नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का कोल्ड स्टोरेज तेज धमाके के साथ धराशायी हो गया।

अमोनिया गैस टैंक फटने के चलते यह हादसा हुआ है। मलबे में डेढ़ दर्जन से अधिक मजदूर दब गए। चार मजदूरों के मौत हो गई। छह की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिले भर की एंबुलेंस को राहत बचाव कार्य में लगाया गया। ▶▶ शेष पेज 4 पर


हादसे के बाद घायल को पुलिसकर्मी ले जाते हुए


कोल्ड स्टोरेज में घायलों का रेस्क्यू ऑपरेशन

# इंदौर में गैरेज में ब्लास्ट, जली 6 कारें अस्पताल तक पहुंची आग, बचे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

चोइथराम अस्पताल के नजदीक स्थित लेकपार्क कॉलोनी में सोमवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब यहां स्थित एक गैरेज में अचानक भीषण आग लग गई। राजेंद्र नगर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया गया। जिस गैरेज में यह अग्निहादसा हुआ वहां 6 कारें खड़ी थीं। आग की चपेट में आने के कारण ये 6 कारें पूरी तरह जलकर खाक हो गई हैं। यह गैरेज चोइथराम अस्पताल के ठीक सामने स्थित एक ऑटो डीलिंग ▶▶ शेष पेज 4 पर


गैरेज में भीषण आग को बुझाती फायर ब्रिगेड की टीम

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यूपीएससी 2025 के चयनित युवाओं से किया संवाद

# अधिकारी बनने के बाद ठहराव को स्वीकार न करें, उससे आगे निकलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अधिकारी बनने के बाद ठहराव स्वीकार न करें, उससे आगे निकलें। यह क्षण मध्यप्रदेश के लिए संकल्प, सामर्थ्य, ऊर्जा और आनंद का है। यूपीएससी में चयनित हुए यह अभ्यर्थी पूरे प्रदेश का गौरव हैं और जब देश आजादी के अमृतकाल-2047 की ओर बढ़ेगा, तब यही युवा उच्च पदों पर रहकर उस समय के साक्षी बनेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित 'सफलता के मंत्र' कार्यक्रम में यूपीएससी 2025 में चयनित युवाओं से संवाद करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि यूपीएससी में चयन के बाद युवाओं के सामने नई जिम्मेदारी आती है और यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में सेवा करने का बड़ा अवसर है। इस बार टॉप रैंक में भी मध्यप्रदेश के बच्चों ने जगह बनाई है, जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और शहीद भगत सिंह का उदाहरण देते हुए कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

*मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि यहां एक चाय वाला प्रधानमंत्री बनता है और एक गाय वाला मुख्यमंत्री*

**आपका चयन स्थायी, हमें तो हर पांच साल में देनी पड़ती है परीक्षा**


सीएम यूपीएससी में चयनित लोगों से बात करते हुए

- प्रदेश से 61 अभ्यर्थियों का यूपीएससी 2025 की परीक्षा में चयन हुआ
- इस बार टॉप रैंक में भी मध्यप्रदेश के बच्चों ने जगह बनाई है, जो प्रदेश के लिए गर्व की बात
- आज बलिदान का नहीं बल्कि देश के लिए जीने और वंचितों के लिए काम करने का समय
- मुख्यमंत्री ने 'प्रतिभाओं का परचम' पुस्तिका का विमोचन कर अभ्यर्थियों को सम्मानित किया

### मुख्यमंत्री की नए अधिकारियों से अपेक्षाएं

- **अंत्योदय:** समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के लिए काम करें
- **नवाचार:** आत्मनिर्भर भारत के लिए नए आइडियाज पर काम करें
- **शुचिता:** समय और कार्य की पवित्रता का ध्यान रखें
- **ईमानदारी:** सत्यनिष्ठा के मार्ग को कभी न छोड़ें
- **शिल्पकार:** विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं

### ईमानदारी के साथ सत्य के मार्ग पर चलें

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि यहां एक चाय वाला प्रधानमंत्री बनता है और एक गाय वाला मुख्यमंत्री। उन्होंने चयनित अधिकारियों से कहा कि आप गरीबों की मदद करें, नवाचार और आत्मनिर्भरता को अपनाएं, समय का सही उपयोग करें और ईमानदारी और ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 37 से 61 तक पहुंचा सफर

अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने बताया कि यह सिलसिला 2020 में तब शुरू हुआ था जब डॉ. मोहन यादव उच्च शिक्षा मंत्री थे। तब चयनित बच्चों की संख्या केवल 37 थी, जो अब बढ़कर 61 हो गई है। खास बात यह है कि इनमें 20 बेटियां हैं और 22 अभ्यर्थी ऐसे हैं जिन्होंने किसी महंगे प्राइवेट कॉलेज के बजाए सरकारी कॉलेजों से पढ़ाई की है।

**लव जिहाद मामले में बवाल**

## आरोपी के घर तोड़फोड़ करने वालों की गिरफ्तारी से आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

महू के पातालपानी रिसॉर्ट में एक डॉक्टर को हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारियों ने एक युवती के साथ आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ा। डॉक्टर को पुलिस के हवाले कर दिया, लेकिन नाराज लोगों ने डॉक्टर के क्लीनिक और घर में आग लगा दी। इसके बाद पुलिस ने आग लगाने के मामले में केस दर्ज कर दिया। इससे नाराज ग्रामीणों ने महू रोड पर वाहनों को रोकना शुरू कर दिया। वे प्रकरण दर्ज करने का विरोध कर रहे थे। गुर्जरखेड़ा निवासी डॉक्टर सईद खान पर आरोप है कि उसने युवती को नशे का इंजेक्शन दिया और उसके साथ गलत हरकत की। उसने युवती का वीडियो बना लिया था और उसे ब्लैकमेल कर रहा ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ ग्रामीणों ने किया चक्काजाम भड़के हिंदूवादी

**केंद्र सरकार उठा सकती है कदम**

## अब 14.2 किलो के सिलेंडर में 10 किलो होगी एलपीजी गैस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खाड़ी देशों में जारी संघर्ष का असर अब भारत की ऊर्जा सप्लाई पर भी नजर आने लगा है। कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से आयात में कमी आई है। इसकी वजह से ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के पास उपलब्ध स्टॉक तेजी से कम हो रहा है। इस स्थिति से बचने के लिए सरकार और कंपनियां अपनी कमर कस रही हैं। ऐसे में अब आने वाले समय में आपको 14.2 किलो ग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर का वजन कम हो सकता है। सरकार और ऑयल मार्केटिंग कंपनियां इसका वजन 10 किलो ग्राम करने पर विचार कर रही हैं। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार 14.2 किलो ग्राम वाले सिलेंडर में अब करीब 10 किलो गैस दी जाने की योजना पर ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ गैस सिलेंडर के कम होंगे दाम

**नवरात्रि पर घर पहुंचा नॉनवेज**

## जोमैटो से मंगाया चिली पनीर आया चिकन, हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

गुलाबबाग क्षेत्र में रहने वाले एक मोबाइल व्यवसायी राहुल तिवारी के साथ ऑनलाइन फूड डिलीवरी एप की बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। पीड़ित ने नवरात्रि के पावन पर्व पर एक प्रतिष्ठित फूड डिलीवरी एप के माध्यम से शुद्ध शाकाहारी भोजन का ऑर्डर दिया था, लेकिन पार्सल में नॉनवेज डिश निकलने से हड़कंप मच गया। तिवारी ने वेज कॉम्बो पैक का ऑर्डर दिया, जिसमें रोटी, बटर पनीर और चावल के साथ चिली पनीर शामिल था। इसके लिए उन्होंने 363 रुपए का ऑनलाइन भुगतान भी किया था। ऑर्डर देने के लगभग 15 मिनट बाद ही पार्सल घर पहुंच गया, लेकिन जैसे ही परिवार ने चिली पनीर ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ ऑनलाइन फूड एप पर फूटा ब्राह्मण परिवार का गुस्सा

## जवान को आया अटैक सीपीआर से बची जान

**मुरैना।** एमएस रोड पर एक पुलिस जवान को हार्ट अटैक आ गया। लोगों ने करीब 15 मिनट तक सीपीआर दिया। इससे जवान की सांसें लौट आईं। इसके बाद उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रविवार शाम करीब 6:30 बजे की है। इसका वीडियो सोमवार को सामने आया है। जवान की पहचान खड़ियाहार निवासी कुलदीप तोमर के रूप में हुई है। वे केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स में कॉन्स्टेबल हैं।



**सागर में डॉक्टर पति ही निकला हत्यारा**

# पहले गला घोंटा फिर हार्ट अटैक के बहाने कार समेत फूंक दिया

**आरोप- पति के दूसरी महिला से थे अवैध संबंध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

कार में जली हालत में मिली 38 वर्षीय सीमा कुर्मी की मौत अब महज हादसा नहीं, बल्कि एक सोची-समझी हत्या थी। पुलिस ने मृतका के पति डॉक्टर नीलेश पटेल और उसके अस्पताल में काम करने वाले दो अन्य सहयोगियों को दबोच लिया है। फॉरेंसिक टीम को मौके पर सबसे बड़ा सबूत यह मिला कि कार का ढांचा पूरी तरह नहीं जला था, जबकि सीमा का शव बुरी तरह झुलस चुका था। मृतका के पिता राधा चरण पटेल ने दामाद पर संगीन आरोप लगाए हैं। उनके मुताबिक नीलेश का किसी दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध था। सीमा को इस बात की भनक लग गई थी। शुरुआत में डॉ. नीलेश ने परिजनों को बताया कि सीमा को हार्ट अटैक आया है। वह उसे सागर ले जा रहा है। फिर उसने कहा कि एक्सीडेंट हो गया है। आखिर में कहा कि कार में अचानक आग लग गई थी। जांच में पुलिस ने नीलेश के मोबाइल से कुछ आपत्तिजनक फोटो और जानकारी निकाली। पुलिस पता लगा रही है कि कार में पेट्रोल छिड़ककर आग लगाई थी या तकनीकी ▶▶ शेष पेज 4 पर


सीमा कुर्मी (मृतका) नीलेश पटेल (आरोपी)

**दो सकुर्लेशन और कश्मीर में पश्चिमी विक्षोभ के साथ ही 26 को नए डब्ल्यूडी के असर से फिर बदलेगा मौसम**

# प्रदेश में दो दिन बाद फिर आंधी चलेगी बारिश-ओले गिरेंगे....भोपाल भी भीगेगा

**दिन का पारा अभी सामान्य के नीचे, 5 दिन तक रात के तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में 25 से 26 मार्च के बीच फिर से गरज-चमक के साथ बारिश और आंधी और कुछ जगह ओलों का दौर चलेगा। इस बीच भोपाल सहित प्रदेश के उत्तरी, उत्तर पश्चिमी, उत्तर पूर्वी और मध्य के अधिकांश जिले भीगेंगे।

अभी दो से तीन दिन में तापमान करीब 3 डिग्री तक और बढ़ेगा। इसके बाद कुछ कमी आएगी। इस बीच चार से 5 दिन रात के तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। मौसम केंद्र के अनुसार ▶▶ शेष पेज 4 पर


राजधानी का कमला पार्क, दोपहर 1:44 बजे का दृश्य

### यहां पारा चढ़ा, तेज गर्मी में कमी रही

बैतूल, भोपाल, गुना, दतिया, खंडवा, पचमढ़ी, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, नौगांव, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया और मलाजखंड आदि जिलों में पारा तेजी से बढ़ा। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शहर में दोपहर बाद छाए बादल

सोमवार को भोपाल में सुबह से धूप खिली। दोपहर बाद करीब 3 बजे से बादलों ने डेरा जमाना शुरू किया। देर शाम तक शहर के आसमान पर बादल घुमड़ते रहे, लेकिन बरस नहीं पाए। हवाओं के साथ धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ गए। विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार राजस्थान में बने सकुर्लेशन के ▶▶ शेष पेज 4 पर



## शहर सरकार का 3938 करोड़ का बजट, 1050 करोड़ से 70% सीवेज नेटवर्क होगा कवर, स्वच्छ भारत मिशन के लिए 84 करोड़ का प्रावधान

# कोकता में शिफ्ट होगा पूरा ट्रांसपोर्ट कारोबार, रेलवे स्टेशनों के आसपास कुलियों के लिए बनेंगे घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के आईएसबीटी सभागार में सोमवार को साधारण सम्मेलन में महापौर मालती राय ने वर्ष 2026-27 का अपने कार्यकाल का चौथा बजट पेश किया। इस बजट में 3938 करोड़ 45 लाख 28 हजार रुपए प्रस्तावित हैं। राजस्व आय का 5 प्रतिशत सुरक्षा निधि राशि 108 करोड़ 89 लाख 29 हजार रुपए का संभावित घाटा दर्शाया गया है। शहर में विकास के लिए हर वार्ड को 50 लाख रुपए वार्ड नियोजन निधि के तहत देने, शहर के तालाबों, पार्कों, स्वच्छ भारत मिशन, सडकों, पानी, सीवेज सहित मूलभूत सुविधाओं पर बजट में राशि खर्च करने का प्रावधान किया गया है। बजट में इस बार टैक्स नहीं बढ़ाया गया है। शहर में 1050 करोड से 70 फीसदी सीवेज नेटवर्क कवर करने के लिए खर्च होंगे तो वहीं स्वच्छ भारत मिशन के लिए 84 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वहीं, महापौर और परिषद अध्यक्ष के लिए इस बजट में निधि का प्रावधान नहीं किया गया है।

इसके साथ ही पूरा ट्रांसपोर्ट कारोबार कोकता में शिफ्ट किया जाएगा। इसके साथ ही रेलवे स्टेशनों के आसपास कुलियों के लिए घर बनाए जाएंगे। महापौर ने अपने बजट भाषण में कहा कि अम्रत-1 के तहत शहर की जल प्रदाय व्यवस्था के लिए 440 करोड़ रुपए व्यय किए गए थे, लेकिन शहर के बढ़े हुए क्षेत्रफल की आबादी एवं अन्य छूटे हुए क्षेत्रों में जल प्रदाय व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अमृत 2-0 योजना में मप्र सरकार एवं भारत सरकार ने राशि स्वीक्रत की है। उन्होंने कहा कि नगर निगम भोपाल द्वारा 582 करोड़ रुपए से कार्य कराए जा रहे हैं। इस योजना के तहत 36 उच्च स्तरीय टंकियों, चार जल शोधन संयंत्रों का निर्माण एवं 600 किलो मीटर पाइप लाइन बिछाई जाएगी।

आय का 5% सुरक्षा निधि राशि 108 करोड़ 89 लाख 29 हजार का संभावित घाटा

रानी कमलापति की स्मृति में झील महोत्सव के लिए 3 करोड़ का प्रावधान



समर्थक पार्षदों के साथ निगम का बजट प्रस्तुत करने जातीं महापौर।

### हम भोपाल को और अधिक स्वच्छ, ग्रीन भोपाल बनाएंगेः मेयर

महापौर ने कहा कि भोपाल पहले से ही स्वच्छ भोपाल है और ग्रीन भोपाल है, उसे ओर अधिक स्वच्छ और ग्रीन भोपाल बनाएंगे। उन्होंने तालाबों का सौंदर्यीकरण, संरक्षण, सडकों का निर्माण, हाउसिंग फॉर आल के आवासीय प्रोजेक्ट, जल प्रदाय, सीवेज नेटवर्क सिस्टम को मजबूत बनाने की बात कही।

### निगम कर्मियों के बच्चों को मिलेंगे 15 हजार रुपए

नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों के मेद्यावी बच्चों को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। कक्षा 10वीं और 12वीं में मेरिट प्राप्त बच्चों को इस बजट में राशि बढ़ाकर 15 हजार रुपए प्रति छात्र-छात्रा किया गया है। इसी तरह हादसे में यदि कोई कर्मचारी आकस्मिक दुर्घटना का शिकार होता है तो उसे सहायता प्रदान की जाएगी। अधिकारी-कर्मचारियों को समय-समय पर महंगाई भत्ते और अन्य सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा। सफाई मित्रों को वर्दी और रैन कोट दिए जाएंगे। इसके लिए 2.70 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है।

### सामुदायिक भवन व म्यूजियम बनेंगे

नगर निगम सीमा के तहत म्यूजियम, सामुदायिक भवन, सम्मेलन केंद्र, ऑडिटोरियम निर्माण के लिए बजट में 6 करोड़ 50 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। वहीं सामुदायिक भवनों के संधारण और मरम्मत में 4 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

### फिल्टर प्लांट के बिल में 6 लाख रुपए की कमी

बजट पेश करते हुए महापौर मालती राय ने कहा कि जलप्रदाय फिल्टर प्लांट पर सौर ऊर्जा प्लांट की स्थापना का काम भी पिछले बजट में किया था। श्यामला हिल्स, ईदगाह हिल्स, पुल बोगदा आदि प्लांट पर सौर ऊर्जा प्लांट लगाने से हर महीने बिजली बिल में 6 लाख रुपए तक की कमी आई है। चांदबड़ जोन कार्यालय पर भी सौ ऊर्जा प्लांट लगाया गया है। निगम के नए मुख्यालय भवन पर भी सिस्टम लगाया जा रहा है। भोपाल निगम की जरूरत को देखते हुए नीमच जिले में स्थापित 10 मेगावॉट क्षमता के सौर प्लांट का सफल संचालन किया जा रहा है। वहीं अन्य 10 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र को भी तीन महीने में शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

### बजट की खास बातें

- 6 पत्रकारों का हर साल सम्मान नगर निगम करेगा। इसमें तीन इलेक्ट्रॉनिक और तीन प्रिंट मीडिया के पत्रकार सम्मानित होंगे।
- प्रत्येक वार्ड को विकास के लिए 50 लाख रुपए रुपए मिलेंगे।
- सड़कों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था के लिए 3 करोड़ रुपए खर्च होंगे।
- तालाबों के संरक्षण और संर्वधन के लिए 7 करोड़ का प्रावधान।
- छठ घाटों के विकास के लिए 1000 लाख का प्रावधान।
- स्टेशनों पर कुलियों के लिए स्टेशन के नजदीक ही आवास आवंटन का प्रावधान।
- पीएम आवास योजना के तहत दीपडी और राजेंद्र नगर में 1856 आवासों का निर्माण।
- स्वच्छ भारत मिशन के लिए 84 करोड़ रुपए का प्रावधान
- 829 कॉलोनियों के लोगों को मिलेगा व्यक्तिगत नल कनेक्शन।
- चौराहों के विकास के लिए 6 करोड 90 लाख का प्रावधान।

### विभिन्न पुरस्कारों के लिए भी 3 करोड़ का प्रावधान

*सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, पत्रकारिता, महापुरुषों एवं खेलकूद से संबंधित पुरुस्कार भी दिए जाएंगे। बजट में 3 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया है। सांस्कृतिक एवं अन्य विभिन्न आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए मानस भवन का निर्माण मुख्यमंत्री अधोसंचरना के तहत प्रगतिरत है। पुराने भोपाल में जरूरतों के अनुसार सत्संग हॉल भवन का निर्माण प्रस्तावित किया गया है।*

### किराना, सराफा, दवा-लोहा बाजार के लिए भी योजना

बजट भाषण में महापौर मालती राय ने कहा कि भोपाल में थोक किराना बाजार की स्थापना की जाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। लोहा मंडी की स्थापना करने और नया सराफा बाजार बनाने की भी मांग है। नया थोक दवा बाजार बनाए जाने की भी मांग है। टीटी नगर स्टेडियम के पास स्मार्ट सिटी भोपाल द्वारा निर्मित शॉपिंग कॉम्पलेक्स है। भोपाल स्मार्ट सिटी के चेयरमैन कलेक्टर हैं। उनसे चर्चा करके यह प्रयास करेंगे कि सराफा बाजार, थोक दवा बाजार, किराना बाजार, लोहा बाजार आदि के लिए अलग-अलग विंग बनाने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रांसपोर्ट व्यापारियों को भूखंड आवंटित किए लंबा समय हो चुका है। इसमें से कई व्यापारी ट्रांसपोर्ट नगर में ही अपना व्यवसाय कर रहे हैं, लेकिन अधिकांश अब भी शहर के अलग-अलग स्थानों पर है। इसलिए जिला प्रशासन और पुलिस के साथ बैठक करके सभी ट्रांसपोर्ट कारोबारियों को कोकता में ही शिफ्ट करने का प्लान बना रहे हैं। ट्रांसपोर्ट नगर को सुव्यवस्थित करने के लिए बजट में राशि का प्रावधान किया गया है। रेलवे स्टेशनों पर कार्यरत कुली शहर के अलग-अलग स्थानों पर रहते हैं और उन्हें अपने कार्य पर आने-जाने में ज्यादा समय लगता है। इसके चलते रेलवे स्टेशनों के आसपास ही कुलियों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास का निर्माण कराएंगे। इसके लिए जमीन जिला प्रशासन से मांगी गई है। जमीन मिलते ही काम शुरू कर देंगे।

### सड़क, पार्क और विश्राम घाटों के लिए भी राशि का प्रावधान

सड़कों के निर्माण के लए 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। नए पार्कों के लिए 5 करोड़ रुपए, महापुरुषों की प्रतिमा की स्थापना के लिए 3 करोड़ रुपए का प्रावधान है। शहर के शासकीय नवीन स्कूल में इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण होगा। इसके लिए 1 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

### 5 करोड़ से होगा विश्राम घाटों का निर्माण

रातीबड़, नीलबड़, बरखेड़ीखुर्द आदि जगहों पर विद्युत शवदाह गृह का निर्माण कराया जाएगा। बजट में विश्रामघाट और कब्रिस्तानों के विकास के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### शहर में होगा झील महोत्सव

सालों बाद शहर में झील महोत्सव मनाया जाएगा। रानी कमलापति की स्मृति में यह सांस्कृतिक झील महोत्सव होगा। इसके लिए बजट में 3 करोड़ रूपए रखे गए हैं।

### शिक्षा उपकर में रखे 34 करोड़

शिक्षा उपकर की राशि से शहर की शालाओं का उन्नयन होगा। इसमें विकास, पानी, टॉयलेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके लिए बजट में 34 करोड़ 35 लाख रुपए रखे गए हैं।

## हंगामे और नोंकझोंक के बीच देर रात तक चली बजट की बैठक... परिषद में आदमपुर खंती में 55 करोड़ के लेगेसी वेस्ट के टेंडर मामले को मंजूरी नहीं

आईएसबीटी स्थित नगर निगम मुख्यालय भवन में सोमवार को करीब साढ़े 12 बजे बजट बैठक शुरू हुई जो रात करीब आठ बजे तक चलती रही। सबसे पहले प्रश्नकॉल, फिर तीन प्रस्तावों पर चर्चा हुई। जिसमें से एक प्रस्ताव को लौटा दिया गया। बैठक में आदमपुर खंती में लेगेसी वेस्ट के टेंडर मामले को परिषद की मंजूरी नहीं मिली। एमआईसी के वर्क प्लॉन में अधिकारियों द्वारा बदलाव करने को लेकर एमआईसी ने खासा विरोध किया और जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों के निलंबन पर अड गए। आयुक्त इस मामले की जांच करेंगी। दोपहर बाद महापौर मालती राय ने बजट भाषण दिया। बजट पर चर्चा के पूर्व निगम परिषद की बैठक में प्रश्नकाल के दौरान गोमांस को लेकर हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने स्लाटर मामले को लेकर रिपोर्ट सदन में पेश करने की मांग की। विपक्ष की मांग थी कि अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। जबकि महापौर ने जवाब देते हुए कहा कि एसआईटी गठित हो गई और जांच समिति भी बन गई है। जांच में जो दोषी होंगे उन पर कार्रवाई होगी। पार्षद मो सरवर ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की तो वहीं, महापौर ने स्लाटर हाउस के सामने लगने वाले पशु बाजार को बंद करने की बात सदन में कही।

*शहर में 14 नई पार्किंग बनाने, कंडम वाहनों की नीलामी को मंजूरी, विपक्ष ने किया विरोध*

*गोमांस को लेकर हंगामा, विपक्ष रिपोर्ट सदन में पेश करने पर अड़ा, जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग*

*एमआईसी के वर्क प्लान में अफसरों के बदलाव करने का विरोध, निलंबन पर अड़े, आयुक्त करेंगी जांच*

### आदमपुर खंती में लेगेसी वेस्ट के निष्पादन के लिए टेंडर प्रक्रिया को मंजूरी नहीं



जल दर वसूली को लेकर कांग्रेस पार्षद दल ने आसंदी को घेर लिया।

एजेंडे में शामिल आदमपुर खंती में लेगेसी वेस्ट के निष्पादन के लिए 55 करोड़ रुपए के टेंडर मामले को मंजूरी नहीं मिली। इसे लेकर सत्ता और विपक्षी पार्षद दल ने समर्थन नहीं किया। इस मामले को लेकर आयुक्त को स्पष्टीकरण देना पड़ा। परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने इस मामले को लेकर आयुक्त को निर्णय लेने के लिए अधिक्रत किया।

### जल दर की वसूली कम होने के आरोप पर कांग्रेस पार्षद दल आसंदी तक पहुंचा

पार्षद शीरीन के एक सवाल के जवाब के दौरान एमआईसी रविंद्र यति ने कहा कि वार्ड नंबर-35 में दो से तीन करोड़ रुपए जल दर के बकाया है। इस पर पार्षद नाराज हो गईं और सभी कांग्रेस पार्षद दल ने आसंदी को घेर लिया।

### कांग्रेस पार्षद दल ने किया विरोध प्रदर्शन

कांग्रेस पार्षद दल ने गो माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। थोडी देर तक पार्षदों ने नारेबाजी की। वे हाथ में पोस्टर लेकर पहुंचे थे।



सदन में अपनी बात रखतीं नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी।

### सवाल-जवाब के दौरान बहस के साथ कहासुनी हुई

नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी, पार्षद योगेंद्र सिंह, पार्षद शीरीन खान, पार्षद नसीम गफूर, पार्षद प्रताप वारे, पार्षद मो रियाज, पार्षद जितेंद्र सिंह राजपूत के सवालों के जवाब देते समय एमआईसी मेंबरों से बहस व कहासुनी हुई। पार्षद शीरीन खान, नसीम गफूर और रविंद्र यति व जगदीश यादव के बीच नौंकझोंक हुई।

## निगम में घोटालों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन घोटालों का घड़ा लेकर पहुंचे कार्यकर्ता

नगर निगम से जुड़े कथित गड़बड़ी और घोटालों को लेकर सोमवार को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आईएसबीटी स्थित निगम मुख्यालय भवन के सामने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता घोटालों का प्रतीकात्मक घड़ा लेकर निगम कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि नगर निगम में लगातार अनियमितताएं और भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि इन घोटालों से आम जनता प्रभावित हो रही है और शहर के विकास कार्यों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने महापौर के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने एवं दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में मो शावर, मुजाहिद सिद्दीक़ी, दीपक गुप्ता, आसिफ अली, तालिब अली, अंकित साहू, समीर ख़ान, नासिर ख़ान, शहजान ख़ान, नवेद ख़ान आदि कार्यकर्ता शामिल थे।



आईएसबीटी स्थित निगम परिषद के बाहर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किया शक्ति केंद्र का शुभारंभ

# काटजू अस्पताल में प्रदेश का पहला हाईटेक प्रिवेंटिव गायनेकोलॉजी सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के शासकीय डॉ. कैलाश नाथ काटजू अस्पताल में प्रदेश का पहला महिलाओं के लिए 'स्टेट ऑफ द आर्ट सेंटर फॉर प्रिवेंटिव गायनेकोलॉजी एंड इन्फर्टिलिटी' यानी शक्ति केंद्र का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री डॉ राजेंद्र शुक्ल ने किया। राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है। देश चौथे नंबर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसका मतलब यह है कि जो काम करना चाहते हैं, वह हम करें और उसके लिए हमें फंड की कमी नहीं होगी। आज यह शक्ति केंद्र इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यहां के डॉक्टरों ने यह प्लान बनाया था कि वह इस तरह का एक प्रोजेक्ट शुरू करना चाहते हैं, जहां महिलाओं से जुड़े हर इलाज की सुविधा मौजूद हो। उन्होंने हमें इसका प्रस्ताव दिया। हमने भी उनका पूरा सहयोग किया। आज यह शक्ति केंद्र के रूप में हमारे बीच में स्थापित हो चुका है। अब यह आगे महिलाओं को आधुनिक इलाज की सुविधा मुहैया कराएगी, जिससे वे स्वस्थ होगी। हेल्थ सेक्टर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हो या फिर मुख्यमंत्री मोहन यादव को दोनों का ही विशेष ध्यान है। पहले की सरकारी इस तरह के प्रोजेक्ट्स को गंभीरता से नहीं लेती थी।

मेनोपॉज वाली महिलाओं को मिलेगी जांच-उपचार की सुविधा

गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज एक ही जगह मिलेगा

### तीन करोड़ की लागत से बना, मशीनें भी हाईटेक



*करीब तीन करोड़ की लागत से आधुनिक और हाईटेक मशीनें अस्पताल में पहुंच चुकी हैं और उनके इंस्टालेशन का काम पूरा हो गया है। इस सेंटर के शुरू होने से मेनोपॉज, निसंतानता, पीसीओएस, मोटापा, अनियमित मासिक धर्म और सर्वाइकल कैंसर जैसी महिलाओं से जुड़ी कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज एक ही स्थान पर उपलब्ध होगा। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की समय पर पहचान बेहद महत्वपूर्ण होती है। इस सेंटर में वीआईए तकनीक के माध्यम से कैंसर की शुरूआती जांच की जाएगी।*

### हार्मोनल समस्याओं के लिए विशेष सुविधा

महिलाओं में आमतौर पर 45 से 50 वर्ष की उम्र के बीच मेनोपॉज की स्थिति शुरू होती है। इस दौरान शरीर में एस्ट्रोजेन हार्मोन का स्तर कम होने लगता है, जिससे हड्डियों से जुड़ी समस्याएं, हार्मोनल असंतुलन और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याएं सामने आती हैं। नए सेंटर में इन सभी समस्याओं के लिए विशेष परामर्श, जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**डॉ. रचना दुबे, स्टेट नोडल अधिकारी**

### आधुनिक मशीनों से होगा इलाज

- **केगेल चेयर**- पेल्विक फ्लोर मांसपेशियों को मजबूत करने वाली मशीन है। जिन महिलाओं को बच्चेदानी या पेल्विक मांसपेशियों के ढीले होने की समस्या होती है, उनमें बिना सर्जरी के उपचार संभव हो सकेगा।
- **कोलपोस्कोप**- मशीन के जरिए गर्भाशय ग्रीवा, योनि और संबंधित अंगों की गहन जांच की जाएगी।
- **लेजर मशीन**- इसके माध्यम से सिस्ट, मेनोपॉज से जुड़ी समस्याएं और यूरीन लीक जैसी बीमारियों का इलाज आसान हो जाएगा।

## कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई को लेकर कलेक्टर्स को निर्देश

# एयरपोर्ट, रेलवे, दीनदयाल रसोई को मिलेगा एलपीजी का 100 में से 35 प्रतिशत आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की वितरण व्यवस्था के संबंध में प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत कॉमर्शियल एलपीजी की वर्तमान खपत एवं जरूरी सेवाओं की जरूरत को देखते हुए कॉमर्शियल एलपीजी का आवंटन प्राथमिकता क्रम अनुसार किया जाएगा। इसमें शैक्षणिक संस्था, चिकित्सा संस्थान में आवश्यकता का 100 प्रतिशत में आवंटन 30 प्रतिशत, आवश्यक सेवाएं, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस, सुरक्षा बल, पुलिस, जेल, सामाजिक न्याय, महिला बाल विकास एवं अन्य विभाग के संस्थान, जहां वृद्ध महिला, बच्चे निवासरत हैं तथा एयरपोर्ट, रेलवे, दीनदयाल रसोई में 35 प्रतिशत, होटल 9 प्रतिशत, रेस्टॉरेंट, केटर्स 9 प्रतिशत, ढाबा, स्ट्रीट फूड वेंडर 7 प्रतिशत, उद्योग (फार्मास्यूटिकल,फूड प्रोसेसिंग, पॉल्ट्री फूड, सीड प्रोसेसिंग) में 5 प्रतिशत और अन्य उद्योग एवं अन्य (प्रकरणवार निर्णय) में 5 प्रतिशत का आवंटन होगा।

### जमाखोरी की रोकथाम और आपूर्ति प्रबंधन

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि जमाखोरी रोकने और समान वितरण सुनिश्चित करने प्रत्येक उपभोक्ता को आपूर्ति की जाने वाली दैनिक मात्रा संबंधित ओएमसी सॉफ्टवेयर सिस्टम में दर्ज पिछले 3 महीनों के दौरान औसत दैनिक खपत के आधार पर तय की जाएगी। आपूर्ति सीमा प्रतिशत तक ही सीमित रहेगी। ओएमसी अपने सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग अनुरोध स्वीकार करेंगे और रिफिल अनुरोधों का तिथिवार रिकॉर्ड संधारण करेंगे। प्रत्येक प्राथमिकता के अंतर्गत लंबित आवश्यकताओं को उपलब्धता के अधीन यथासंभव अगले दिन पूरा किया जाए।

### यह होगा आपूर्ति का तरीका

कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति 5 केजी., 19 केजी, 47.5 केजी और 425 केजी के पैक्ड सिलेंडरों में की जाएगी।

### जिला प्रशासन करेगा प्रवर्तन और निगरानी

जिला प्रशासन कॉमर्शियल सिलेंडरों का डायवर्जन, जमाखोरी, अवैध भंडारण, कम तौल और कालाबाजारी रोकने के लिये नियमित निरीक्षण एवं कार्यवाई करेगा।

## जैकेट का शेष...

### जल्द लॉन्च होगा भारत का

पहले टीजर ने इस फोन के लुक और फीचर्स को लेकर हलचल तेज कर दी है। यह फोन ई-कॉमर्स साइट फ्लिपकार्ट पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। रियलमी 16 5जी का डिजाइन न केवल प्रीमियम है, बल्कि यह काफी यूनिक भी नजर आता है। इसकी बनावट गूगल पिक्सेल 10 सीरीज की याद दिलाती है। इस फोन की सबसे बड़ी खासियत इसका 'सेल्फी मिरर' है।

### ट्रंप ने दिया था 48 घंटे ...

और पावर प्लांट होने वाले हमले को फिलहाल पांच दिनों के टाल दिया गया है।

**डॉलर के मुकाबले ऑल-टाइम लो रुपया:** भारतीय रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर हुआ और शुरुआती कारोबार में 41 पैसे गिरकर 93.94 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया।

### ईरान ने कहा-बाजार ...

चलते ईरान के अहम बुनियादी ढांचों पर हमला करने से कदम पीछे खींच लिए। तेहरान तब तक अपना बचाव करता रहेगा, जब तक वह अपनी रक्षा की मजबूत स्थिति हासिल नहीं कर लेता।

### 53 लाख मीट्रिक टन ...

के साथ भारत के व्यापक व्यापारिक रिश्ते हैं। हमारे मिशन नियमित रूप से एडवाइजरी जारी कर रहे हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 3 लाख 75 हजार से अधिक भारतीय सुरक्षित भारत पहुंच चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये आवश्यक है कि भारत की संसद से इस संकट को लेकर एकमत और एकजुट आवाज दुनिया में जाए। मैंने खुद पश्चिम एशिया के ज्यादातर राष्ट्राध्यक्षों के साथ दो राउंड फोन पर बात की है।

### हमारी रिफाइनरी कैपेसिटी ...

*भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व है और 65 लाख मीट्रिक टन से अधिक के रिजर्व की व्यवस्था पर देश काम कर रहा है। बीते 11 वर्षों में हमारी रिफाइनरी कैपेसिटी में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सरकार अलग अलग देशों के सप्लायर्स के साथ भी लगातार संपर्क में है।*

### 2 महीने में आ जाएगा ...

की डिवीजन बेंच में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साफ कर दिया कि अब इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा। इस मामले में सभी पक्षों को 2 अप्रैल तक अपने जवाब को कोर्ट में सबमिट करने का समय दिया गया है। सामान्य वर्ग की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने कोर्ट को बताया कि यह मामला पिछले 6 वर्षों से लंबित है कोर्ट ने स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा कि अंतिम सुनवाई में सभी पक्षों को सुना जाएगा, लेकिन केवल देरी के उद्देश्य से दायर याचिकाओं को अब एंटरटेन नहीं किया जाएगा।

### कुपोषित बच्चों के ..

महंगाई भत्ते की वृद्धि करते हुए 58 प्रतिशत के मान से महंगाई भत्ता स्वीकृत किया है। जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं के लिए शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के संचालन की स्वीकृति सहित अनेक कल्याणकारी प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

**पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स को मिलेगी राशि:** -एक जनवरी, 2025 से 31 मार्च, 2026 की अवधि में सेवानिवृत्त और मृत शासकीय सेवकों के संबंध में उन्हें अथवा नामांकित सदस्य को एरियर राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा। राज्य शासन के पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स को एक जनवरी, 2026 से सातवें वेतनमान तहत 58 प्रतिशत एवं छठवें वेतनमान के तहत 257 प्रतिशत पेंशन राहत स्वीकृत करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के 9 फरवरी, 2026 के पत्र पर सहमति प्रदान की गई है।

### अन्य पिछड़े वर्ग के 4000 युवाओं ...

अवधि में पात्र पुरूष अभ्यर्थी को 1 हजार रुपए प्रति माह तथा महिला अभ्यर्थी को 1100 रुपए प्रति माह की दर से शिष्यवृत्ति भी उपलब्ध कराई जाएगी। स्वीकृति अनुसार प्रदेश के 10 स्थानों पर स्थापित 40 केंद्रों पर महिला एवं पुरूष अभ्यर्थियों को पृथक-पृथक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसमें न्यूनतम 35 प्रतिशत सीट महिला अभ्यर्थियों की ओर से भरी जाएगी। इसके अंतर्गत निःशुल्क आवासीय एवं भोजन व्यवस्था तथा अध्ययन सामग्री प्रदान की जाएगी।

### डीए बढ़ोतरी की राशि के ...

*कार्मिकों एवं निगम, मंडल, उपक्रम के राज्य शासन में प्रतिनियुक्ति पर राज्य शासन में कार्यरत पांचवें एवं चौथे वेतनमान के तहत कार्मिकों को समानुपातिक आधार पर मंहगाई भत्ता में वृद्धि के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया। हालांकि डीए बढ़ोतरी की राशि (एक जुलाई, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक) का एरियर का भुगतान 6 समान किस्तों में किया जाएगा।*

### नवबहार सब्जी मंडी ...

बाउंड्रीवाल, पाथवे, स्टोन पिचिंग, फाउंटेन आदि कामों के लिए 64 करोड खर्च किए जाएंगे। नव बहार सब्जी मंडी को पूर्व में करोंद में शिफ्ट किया जा चुका है, लेकिन अभी भी नव बहार मंडी में व्यवसायी काबिज हैं। यह भूमि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से चर्चा कर अवैध कब्जों से रिक्त करवाई जाएगी। बजट में उक्त भूमि का उपयोग नई योजना के लिए किया जाएगा। शहर के इतवारा में सालों से मीटर मार्केट संचालित हो रहा है। इसके कारण आसपास के लोगों को दिक्कतें होती हैं। इस समस्या से निपटने के लिए व्यवस्थित कवर्ड मीट मार्केट बनाने की योजना बनाने की बात बजट में कही गई है।

### बल्क कनेक्शन खत्म ...

की है। महापौर ने कहा कि शहर के कई चौराहों पर लेफ्ट टर्न व्यवस्थित नहीं हैं। कई स्थान ब्लैक स्पॉट हैं। इन्हें समाप्त करना जरूरी है। इसलिए विभिन्न चौराहों का विकास, लेफ्ट टर्न क्लीयर करने और ब्लैक स्पॉट को खत्म करने के लिए बजट में 6 करोड 90 लाख रुपए का प्रावधान किया है।

### 99.16% वेटेज स्कोर ...

प्रकरणों का समाधान शिकायतकर्ताओं से सीधे चर्चा कर उनकी संतुष्टि के बाद किया गया। लगभग 59.34 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित कर संतुष्टिपूर्वक किया गया, जिससे आम नागरिकों को राहत मिली और शिकायतों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित हुआ। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए गए और नियमित मॉनिटरिंग की गई। अहिरवार ने इस उपलब्धि पर नगर निगम की पूरी टीम को बधाई दी।

## पेज एक का शेष...

### प्रयागराज में अमोनिया....

एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू आपरेशन में जुटी है। हादसे के चलते मलाक हरहर में लखनऊ हाईवे पर वाहनों का आवागमन ठप हो गया। मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सभी मजदूर बिहार के सहरसा जिले के बताए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद के परिवार के कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस पूछताछ कर रही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। पीएम ने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हों। पीएमएनआरएफ से हर मृतक के परिवार वालों को दो लाख रुपए की मदद दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। वहीं, सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के कोल्ड स्टोरेज में हुई भीषण दुर्घटना को हृदय विदारक बताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, घायलों के बेहतर इलाज के आवश्यक निर्देश दिए हैं।

### इंदौर में गैरेज में ...

कंपनी का है। जिस शेड में आग लगी थी वह सीधे तौर पर अस्पताल की दीवार से सटा हुआ था। खतरा भांपते हुए सबसे पहले अस्पताल प्रबंधन की ओर से ही पानी डालकर आग को रोकने की कोशिश की गई थी।

### अधिकारी बनने के...

कि आज बलिदान का नहीं, बल्कि देश के लिए जीने और वंचितों के लिए काम करने का समय है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'प्रतिभाओं का परचम' पुस्तिका का विमोचन कर अभ्यर्थियों को सम्मानित किया। प्रदेश से 61 अभ्यर्थियों को यूपीएससी 2025 की परीक्षा में चयन हुआ है। कार्यक्रम में उन्होंने अपनी सफलता की कहानी बताई और विजय के मंत्र दिए। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन और हिंदी ग्रंथ अकादमी के डायरेक्टर अशोक कड़ेल भी मौजूद रहे।

### ईमानदारी के साथ ...

सत्य के मार्ग पर चलें। मुख्यमंत्री ने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती, उन्होंने खुद राजनीति में रहते हुए कई डिग्रियां हासिल की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जब अपनी तुलना नवनियुक्त अफसरों से की, तो पूरा हॉल ठहाकों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में आप सौभाग्यशाली है कि एक बार परीक्षा पास की और आपका चयन पक्का हो गया। लेकिन हम राजनीतिज्ञों की परीक्षा हर पांच साल में होती है। हमें जनता के बीच जाना पड़ता है, अपनी नीतियों का हिसाब देना पड़ता है और फिर से उनका भरोसा जीतना पड़ता है। उन्होंने संदेश दिया कि पद मिलने के बाद अहंकार नहीं, बल्कि सेवा का भाव होना चाहिए क्योंकि असली परीक्षा मैदान में होती है।

### आरोपी के घर-....

था। इसकी जानकारी मिलने के बाद हिंदू संगठन के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने युवती के साथ डॉक्टर को रंगे हाथों पकड़ लिया। पहले उसकी धुनाई की और फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। युवती के परिजनों ने डॉक्टर के घर पर धावा बोला और तोड़फोड़ कर आग लगा दी। पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया, लेकिन उसके घर पर आग लगाने वालों के खिलाफ भी केस दर्ज कर लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने महू के किशनगंज रेलवे ब्रिज पर वाहनों को रोकना शुरू कर दिया। वहां पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी जुट गए और हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। पुलिस भी मौके पर पहुंची और जाम खुलवा कर ट्रैफिक बहाल करने की कोशिश करती रही।

### अब 14.2 किलो....

काम हो रहा है। इससे कम सप्लाई होने के बावजूद भी सरकार अधिक से अधिक घरों तक एलपीजी की सप्लाई करने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी तेल कंपनियों का मानना है कि एक सामान्य परिवार में 14.2 किलो का सिलेंडर करीब 35 से 40 दिनों तक चलता है। ऐसे में 10 किलो गैस वाला सिलेंडर भी लगभग 1 महीने तक इस्तेमाल किया जा सकता है। वहीं इस बदलाव से बची हुई गैस को उन घरों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी, जहां सिलेंडर खत्म होने की स्थिति में है। इससे किसी को भी सिलेंडर की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा और उन लोगों तक भी सिलेंडर पहुंच पाएगा जिन पर एलपीजी का असर सबसे ज्यादा हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि अगर यह रणनीति लागू होती है, तो सिलेंडरों पर एक नया स्टिकर लगाया जाएगा। इसमें कम मात्रा में भरे जाने की जानकारी दी जाएगी। कीमतों में भी उसी अनुपात में कटौती की जाएगी।

### जोमैटो से मंगाया....

का डिब्बा खोला, वहां पनीर की जगह चिली चिकन निकला। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने संबंधित एप पर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर कंपनी ने पैसे तो रिफंड कर दिए। तिवारी ने सोमवार को लसूड़िया थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित अब इस मामले को उपभोक्ता फोरम में ले जाने की तैयारी कर रहे हैं।

### पहले गला घोंटा ....

रूप से शॉर्ट सर्किट पैदा कर आग लगाई गई थी। जांच के लिए बिसरा और लिवर के सैंपल लिए हैं। पुलिस ने डॉक्टर के घर को सील कर डीवीआर से डेटा रिकवर किया जा रहा है।

### प्रदेश में दो ...

अभी दिन के तापमान में वृद्धि होगी। रात का पारा ज्यादा नहीं बदलेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी पाकिस्तान और राजस्थान में दो अलग-अलग सकुर्लेशन हैं। पश्चिमी विक्षाभ जम्मू-कश्मीर में है। नया पश्चिमी विक्षोभ 26 और एक अन्य डब्ल्यूडी 29 मार्च को आएगा। इनके असर से प्रदेश में 25 से 26 मार्च के आसपास बारिश होगी। भोपाल में भी गरज-चमक के साथ बारिश की उम्मीद है।

### यहां पारा चढ़ा,....

पश्चिमी हिस्सों में औसतन दो डिग्री की बढ़त रही, जबकि पूर्वी मप्र में औसतन 3 डिग्री तक बढ़कर औसत अधिकतम तापमान 34 डिग्री रहा है। यह नॉर्मल से औसतन 2 डिग्री कम है। पश्चिमी हिस्सों में औसतन 3 डिग्री तक कमी के साथ गर्मी की तेजी में अभी कमी बनी हुई है। भोपाल में दिन का पारा 3 डिग्री बढ़कर 34.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.1 डिग्री कम रहा। रात में 2.3 डिग्री की बढ़त के साथ 15.8 डिग्री रहा, यह नॉर्मल से 2.9 डिग्री कम है।

### शहर में दोपहर....

कारण अभी बादलों का आना जाना रहेगा। इससे मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। दो दिन बाद बारिश होगी।


## कार्यालय नगर परिषद् भैरुंदा, जिला - सीहोर

क्र./2026/ई-निविदा/दुकान नीलामी/872 भैरुंदा 09/03/2026

// ई-निविदा सूचना //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, वार्ड क्रमांक 13 में पुराने सचिवालय के पास लाल बहादुर शास्त्री काम्पलेक्स मे जमीन तल एवं प्रथम तल पर निर्मित निकाय स्वामित्व की 38 दुकानों को म.प्र. न.पा. अधिनियम 1961 के अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 यथा संधोधित प्रावधान के अनुरुप निर्धारित शर्तों के अन्तर्गत 30 वर्ष की लीज पर अंतरण किये जाने हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आंमत्रित की जाती है। उक्त अंतरण से संबंधित नियम, विस्तृत शर्तों की जानकारी एवं अन्य विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | दुकान क्रं. | न्यूनतम आरक्षित मूल्य | दुकानों का क्षेत्रफल वर्गमीटर में | प्रतिभूति निक्षेप राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | आरक्षित वर्ग | निर्धारित किराया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_492687_1 | G-1 | 20,86,200/- | 23.18 | 52155.00 | 5000 | अनारक्षित | निर्धारित शर्तो के अनुसार |
| 2 | 2026_UAD_462688_1 | G-2 | 20,76,120/- | 23.06 | 51903.00 | 5000 | अनारक्षित | |
| 3 | 2026_UAD_462689_1 | G-3 | 22,46,940/- | 24.96 | 56173.00 | 5000 | अनारक्षित | |
| 4 | 2026_UAD_462690_1 | G-4 | 22,19,400/- | 24.66 | 55485.00 | 5000 | अनारक्षित | |
| 5 | 2026_UAD_462691_1 | G-5 | 23,06,880/- | 25.63 | 57672.00 | 5000 | अनारक्षित | |
| 6 | 2026_UAD_462692_1 | G-6 | 24,14,475/- | 26.82 | 60362.00 | 5000 | अनारक्षित | |
| 7 | 2026_UAD_462693_1 | G-7 | 24,86,745/- | 27.63 | 62169.00 | 5000 | अनारक्षित | |
| 8 | 2026_UAD_462694_1 | G-8 | 15,55,200/- | 17.28 | 38880.00 | 2000 | अनु. जाति | |
| 9 | 2026_UAD_462695_1 | G-9 | 15,55,200/- | 17.28 | 38880.00 | 2000 | विकलांग प्राथमिकता दृष्टिहीन | |
| 10 | 2026_UAD_462696_1 | G-10 | 19,61,213/- | 21.79 | 49030.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 11 | 2026_UAD_462697_1 | G-11 | 15,55,200/- | 17.28 | 38880.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 12 | 2026_UAD_462699_1 | G-12 | 16,07,400/- | 17.86 | 40185.00 | 2000 | अन्य पि. वर्ग | |
| 13 | 2026_UAD_492700_1 | G-13 | 15,65,100/- | 17.39 | 39127.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 14 | 2026_UAD_492701_1 | G-14 | 15,43,950/- | 17.15 | 38599.00 | 2000 | अनुसूचित जनजाति | |
| 15 | 2026_UAD_492702_1 | G-15 | 15,43,950/- | 17.15 | 38599.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 16 | 2026_UAD_492703_1 | G-16 | 15,01,650/- | 16.68 | 37541.00 | 2000 | अनु. जाति | |
| 17 | 2026_UAD_492704_1 | G-17 | 15,43,950/- | 17.15 | 38599.00 | 2000 | अनु. जाति महिला | |
| 18 | 2026_UAD_492705_1 | G-18 | 15,65,100/- | 17.39 | 39127.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 19 | 2026_UAD_492706_1 | G-19 | 10,71,225/- | 11.90 | 26781.00 | 2000 | अनुसूचित जनजाति महिला | |
| 20 | 2026_UAD_492707_1 | F-1 | 12,74,900/- | 23.18 | 31872.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 21 | 2026_UAD_492710_1 | F-2 | 12,68,748/- | 23.06 | 31719.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 22 | 2026_UAD_492711_1 | F-3 | 13,73,130/- | 24.96 | 34328.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 23 | 2026_UAD_492712_1 | F-4 | 13,56,300/- | 24.66 | 33907.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 24 | 2026_UAD_492713_1 | F-5 | 14,09,760/- | 25.63 | 35244.00 | 2000 | अनुसूचित जनजाति | |
| 25 | 2026_UAD_492714_1 | F-6 | 14,75,512/- | 26.82 | 36888.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 26 | 2026_UAD_492715_1 | F-7 | 15,19,677/- | 27.63 | 37992.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 27 | 2026_UAD_492716_1 | F-8 | 9,50,400/- | 17.28 | 23760.00 | 2000 | अनारक्षित विधवा | |
| 28 | 2026_UAD_492717_1 | F-9 | 9,50,400/- | 17.28 | 23760.00 | 2000 | अनारक्षित विधवा | |
| 29 | 2026_UAD_492718_1 | F-10 | 11,98,519/- | 21.79 | 29963.00 | 2000 | अन्य पि. वर्ग | |
| 30 | 2026_UAD_492719_1 | F-11 | 9,50,400/- | 17.28 | 23760.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 31 | 2026_UAD_492720_1 | F-12 | 9,82,300/- | 17.86 | 24557.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 32 | 2026_UAD_492721_1 | F-13 | 9,56,450/- | 17.39 | 23911.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 33 | 2026_UAD_492722_1 | F-14 | 9,43,525/- | 17.15 | 23588.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 34 | 2026_UAD_492723_1 | F-15 | 9,43,525/- | 17.15 | 23588.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 35 | 2026_UAD_492724_1 | F-16 | 9,17,675/- | 16.68 | 22972.00 | 2000 | अनु. जाति | |
| 36 | 2026_UAD_492726_1 | F-17 | 9,43,525/- | 17.15 | 23588.00 | 2000 | अनु. जाति | |
| 37 | 2026_UAD_492727_1 | F-18 | 9,56,450/- | 17.39 | 23911.00 | 2000 | अनारक्षित | |
| 38 | 2026_UAD_492728_1 | F-19 | 6,54,637/- | 11.90 | 16366.00 | 2000 | अनारक्षित | |

नोट :- 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। 2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि 23.03.2026 प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 06.05.2026 सांय 5.30 बजे तक निर्धारित है। 3. दुकानों की ऑनलाईन निविदा हेतु विस्तृत शर्तें / नियम ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पोर्टल पर तथा कार्यालयीन समय मे अवकाश के दिनों को छोड़कर निकाय की राजस्व शाखा मे भी देखी जा सकती है। 4. उक्त ई-निविदा में भाग लिये जाने हेतु उल्लेखित वेब पोर्टल पर दिये गये निदेर्शानुसार डिजिटल सिग्नेचर बनवाये जाकर बिडर आई.डी. रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य होगा, उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिये अपने नजदीकी एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क तथा उक्त वेब पोर्टल हेल्पडेस्क पर सम्पर्क कर सकते है। 5. निविदाकार को शपथपत्र तथा अन्य समस्त दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाईन की जमा किया जाना है। 6. निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये दस्तावेज कम्प्यूटर प्रिंटर द्वारा स्केन, साफ एवं पढ़ने योग्य होने चाहिए। 7. उक्त किसी भी निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार निकाय के पास सुरक्षित रहेगा।

**समय सारणी** :-

01 निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभ दिनांक - 23/03/2026 (प्रातः 10:30 बजे से)
02 निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक - 06/05/2026 (शाम 05:30 बजे तक)
03 बिड जमा करने की प्रारंभ दिनांक - 07/04/2026 (प्रातः 10:30 बजे से)
04 बिड जमा करने की अंतिम दिनांक - 06/05/2026 (शाम 05:30 बजे तक)
05 निविदा खोलने की दिनांक - 08/05/2026 (प्रातः 11:00 बजे)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद भैरुंदा, जिला सीहोर



हरिभूमि आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

फार्म हाउस उपलब्ध है
प्राकृतिक सोन्दर्य से भरपूर संपूर्ण सुविधाओं के साथ।
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
अम्बाड़ी हिल्स फार्महाउस
दीवानगंज में मेन विदिशा रोड पर





सम्पर्क करें 9755600569, 9755600827
हर रविवार आफिस से साइट विजिट की सुविधा
आफिस: आदित्य कन्सट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644





नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यकता
कुत्ते के आश्रम में जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कुत्तों को खाना देना, देख-भाल, मल मूत्र सफाई का कार्य. रू. 10,000 मासिक वेतन, रहना व खाना उपलब्ध। चंदखुरी रायपुर, छत्तीसगढ़ 7225888800
RAI-22,23,24,25

नाम परिवर्तन
It is hereby informed to all concerned that my earlier name was Phatima Bi W/O Abdul Waseem as mentioned in my marksheet. However, after marriage, my name has now been changed to Fatma Bee Henceforth, I shall be known by my correct name: Fatma Bee W/O Abdul Waseem Address: H No 299 Dulha Badshah Road Divhan Bag Ka Shetra Sehore Nagar, Madhya Pradesh 466001

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।





18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330
R- 24,25,26/03/26

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यो कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## शब्द पहेली - 6174



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली- 6173 का हल



## सूडोकु नवताल - 6184

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6183 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

**27 जनवरी के बाद सिर्फ 53 दिनों में चांदी करीब आधी रह गई**

# करीब एक चौथाई की गिरावटः बाजार विश्लेषक बोले- सोना 1.15 लाख रु. प्रति 10 ग्राम और चांदी आ सकती है 1.75 लाख रुपए किलो के भाव पर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सर्राफा बाजार में हाल के दिनों में ऐसी तेज गिरावट देखने को मिली है, जिसने निवेशकों को चौंका दिया है। सोना और चांदी, जिन्हें आमतौर पर सुरक्षित निवेश माना जाता है, उनमें भी भारी बिकवाली देखने को मिल रही है।

27 जनवरी के बाद सिर्फ 53 दिनों में चांदी करीब आधी रह गई है, जबकि सोने में भी करीब एक चौथाई की गिरावट आ चुकी है। यह गिरावट केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना-चांदी दबाव में हैं। बाजार विश्लेषकों के अनुसार यह केवल सामान्य मुनाफावसूली नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते डर, बिकवाली और ब्याज दरों को लेकर बदली उम्मीदों का असर है।

## *सराफा बाजार में आगे भी गिरावट का दबाव बना रह सकता है*

## *चांदी भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 डॉलर प्रति औंस तक जा सकती है*

### सिर्फ सराफा बाजार नहीं, हर असेट क्लास में दबाव



*बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल ने कहा कि यह गिरावट अकेले सोना-चांदी की कहानी नहीं है। दरअसल वैश्विक बाजारों में इस समय निवेशकों का रुख जोखिम से बचने वाला हो गया है। रियल एस्टेट, क्रिप्टोकरेंसी, इक्विटी और कमोडिटी जैसे अलग-अलग एसेट क्लास में दबाव देखा जा रहा है। विश्लेषकों ने दुबई के रियल एस्टेट बाजार, क्रिप्टो बाजार और शेयर बाजार में भी बिकवाली की ओर इशारा किया गया है। इसका मतलब यह है कि निवेशक फिलहाल ज्यादा जोखिम लेने के बजाय नकदी या डॉलर जैसे सुरक्षित विकल्पों की ओर झुक रहे हैं। जब बाजार में व्यापक बिकवाली का माहौल बनता है, तब सोना-चांदी जैसे एसेट भी दबाव से बच नहीं पाते। निकट अवधि में सोना और चांदी में कमजोरी बनी रह सकती है। सोना आगे चलकर 1,15,000 रुपए तक का स्तर छू सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसके लिए 3,450 से 3,500 डॉलर प्रति औंस का दायरा बताया गया है। इसी तरह चांदी भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 डॉलर प्रति औंस तक जा सकती है, जिसका घरेलू एमसीएक्स भाव करीब 1,75,000 रुपए प्रति किलो के आसपास बैठता है। यानी यह संकेत है कि अभी गिरावट पूरी तरह थमी नहीं है और सराफा बाजार में आगे भी दबाव बना रह सकता है।*

### 53 दिनों में सोना-चांदी की चमक फीकी

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर चांदी ने 27 जनवरी के आसपास 4,20,048 रुपए प्रति किलो का रिकॉर्ड स्तर छुआ था। इसके बाद इसमें तेज गिरावट शुरू हुई और अब यह करीब 2,06,360 रुपए प्रति किलो के आसपास आ गई है। यानी चांदी ने बहुत कम समय में अपनी कीमत का बड़ा हिस्सा गंवा दिया है। सोने की बात करें तो उसने भी इसी अवधि में 1,80,779 रुपए प्रति 10 ग्राम का हाई बनाया था, लेकिन अब इसके भाव करीब 1,35,800 रुपए तक फिसल गए हैं। इतनी तेज गिरावट ने बाजार में यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या सुरक्षित माने-जाने वाला सोना-चांदी में जोखिम उम्मीद से ज्यादा बढ़ गया है।

## सोना-चांदी धड़ाम, ऑल-टाइम हाई से 1.84 लाख तक टूटी कीमतें

**नई दिल्ली।** निवेशकों के लिए सुरक्षित माना जाने वाला सोना और चांदी इन दिनों बाजार में गोता लगा रहे हैं। साल 2026 की शुरुआत में जिस तेजी ने सबको हैरान किया था, अब वैसी ही ऐतिहासिक गिरावट ने सबको चिंता में डाल दिया है। पिछले 50-55 दिनों के भीतर चांदी अपनी चमक खो चुकी है और सोना भी अपने उच्चतम स्तर से काफी नीचे आ गया है।

आमतौर पर जब दुनिया के किसी कोने में बम और मिसाइलें बरसती हैं, तो सोने की कीमतें आसमान छूने लगती हैं, लेकिन ईरान और इजराइल के बीच जारी भीषण तनाव के बीच सर्राफा बाजार से एक ऐसी खबर आई है जिसने सबको चौंका दिया है। युद्ध के बीच सोना महंगा होने के बजाय करीब 12,000 रुपए सस्ता हो गया है। जो सोना फरवरी के अंत में 1.59 लाख के शिखर पर था, वह मार्च के तीसरे हफ्ते तक गिरकर 1.47 लाख प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी इसमें 14 फीसदी की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। साल की शुरुआत में यानी 31 दिसंबर 2025 को सोना 1.33 लाख रुपए के स्तर पर था, जो महज एक महीने में 29 जनवरी 2026 को रिकॉर्ड 1.76 लाख पर पहुंच गया,लेकिन उसके बाद से इसमें लगातार गिरावट देखी जा रही है।

### खबर संक्षेप

#### यामाहा ने एआर रहमान को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**चेन्नई।** यामाहा म्यूजिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने ऑस्कर विजेता संगीतकार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संगीत आइकन एआर रहमान अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। यह साझेदारी भारत के संगीत इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का एक अहम मील का पत्थर साबित होगा। यामामोटो ताकेतोशी , मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहाकि गीत यामाहा म्यूज़िक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सोच के केंद्र में है।

#### विविड इलेक्ट्रोमेक का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** विविड इलेक्ट्रोमेक लिमिटेड ने 25 मार्च 2026 को अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम खोलने की घोषणा की है। इसके माध्यम से कंपनी ने 130.53 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखा है। इस इश्यू का आकार 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 23,52,000 इक्विटी शेयरों का है, जिनका प्राइस बैंड 528 से 555 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। एंकर निवेशकों के लिए बोली 24 मार्च 2026 को होगी। यह इश्यू बुधवार 25 मार्च 2026 को खुलेगा और सोमवार 30 मार्च 2026 को बंद होगा।

#### ग्रीनप्लाई औद्योगिक विकास की नई मिसाल गढ़ रही

**कोलकाता ।** ग्रीनप्लाई इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने कार्यों में हमेशा सस्टेनेबिलिटी को प्राथमिकता दी है और वुड पैनल उद्योग में जिम्मेदार उत्पादन के लिए जानी जाती है। कंपनी का मानना है कि औद्योगिक विकास तभी सार्थक है जब वह पर्यावरण और समाज के साथ संतुलन बनाकर आगे बढ़े। इसका उद्देश्य विकास के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा, संसाधनों का जिम्मेदार उपयोग और पारदर्शिता को सुनिश्चित करना है।

#### एक्सिस बैंक 5.25 लाख पौधे लगाने कर रहा मदद

**भोपाल।** एक्सिस बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के मौके पर मध्य प्रदेश में चल रही लैंडस्केप बहाली की पहलों का नेतृत्व कर पर्यावरण संबंधी वहनीयता और जैव विविधता संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है। राज्य के ज्यादा पारिस्थितिक रूप से कुछ सबसे महत्वपूर्ण वन क्षेत्रों में 750 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर 5.25 लाख से अधिक पौधे लगाने की योजना के साथ बड़े पैमाने पर पर्यावास बहाली को बढ़ावा दिया जा रहा है।

#### फिलिप्स ने पेश किया कुकिंग उपकरण वनशेफ

**मुंबई।** फिलिप्स होम अप्लायंसेज ने फिलिप्स वनशेफ के लांच की घोषणा की, जो एक नया ऑल-इन-वन स्मार्ट कुकिंग उपकरण है। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह रोजमर्रा की कुकिंग को आसान बनाए और भारतीय घरों के लिए विविध व्यंजनों की नई संभावनाएं खोले। आयोजित एक शेफ टेस्टिंग टेबल इवेंट में इसका अनावरण हुआ, जिसे शेफ रणवीर बरार ने क्यूरेट किया। इस कार्यक्रम में मेहमानों को लाइव टेस्टिंग और इंटरएक्टिव फूड स्टेशनों के जरिए भारत के विविध स्वादों का अनुभव कराया गया।

# बारदाने की कमी से गेहूं की खरीदी प्रभावित होने की संभावना

## मध्यप्रदेश में 10 करोड़ नग बारदाने की जरूरत आंकी गई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केन्द्र सरकार ने 2026 के रबी मार्केटिंग सीजन (अप्रैल-जून) में 303 लाख टन गेहूं की खरीद का लक्ष्य नियत किया है, लेकिन बारदाना (खाली बोरी) की उपलब्धता जरूरत से कम होने के कारण खरीदी की प्रक्रिया आंशिक रूप से प्रभावित होने तथा खरीदी में देरी होने की आशंका बढ़ रही है।

जानकारों के अनुसार इस वर्ष गेहूं की पैकिंग के लिए पंजाब में 14.30 करोड़ बोरी, मध्य प्रदेश में 10 करोड़, हरियाणा में 8.25 करोड़ राजस्थान में 2.50 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश में 1.40 करोड़ बोरी सहित कुल 36.45 करोड़ नग बारदाने की जरूरत आंकी गई है। जबकि केंद्र सरकार द्वारा 23.50 करोड़ बोरी (नए कट्टे) की खरीदी की मंजूरी दी गई है। अगर एक बोरी में औसतन 50 किलो गेहूं की दैनिक मान लिया जाए तो इस 36.45 करोड़ बोरी में करीब 182.25 लाख टन गेहूं की पैकिंग हो सकती है।

**केंद्र सरकार द्वारा 23.50 करोड़ बोरी की खरीदी की मंजूरी दी**

**करीब 182.25 लाख टन गेहूं की पैकिंग हो सकती है**



### जूट का आयात बंद होने से बारदाने का उत्पादन प्रभावित

*बताया जा रहा है कि बांग्लादेश से जूट का आयात बंद होने से भारत में बारदाने का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। सरकार ने इस चुनौती से निपटने के लिए पीपी बारदाने के उपयोग का विकल्प खुला रखा था मगर खाड़ी युद्ध के कारण इसके आयात में देरी हो रही है। इसे देखते हुए बारदाने की कमी के लिए सरकार को दोषी नहीं माना जा सकता है। महज आकस्मिक घटना इसके लिए जिम्मेदार है। पीपी बारदाना के आयात में जितनी देरी होगी, गेहूं की खरीद भी उसी गति से प्रभावित हो सकती है। पीपी बारदाने के लिए कच्चे माल का आयात सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात एवं ओमान जैसे देशों से होता है मगर अभी वहां हालात असामान्य है। उद्योग- व्यापार क्षेत्र को सजग-सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि यदि सरकारी खरीद में देरी हुई तो खुली (थोक) मंडियों में गेहूं की आपूर्ति एवं उपलब्धता बढ़ सकती है और इसकी कीमतों पर दबाव पड़ने की संभावना भी रहेगी।*

**ट्रांसपोर्ट संगठन ने कहा**

# औद्योगिक डीजल मूल्यवृद्धि से परिवहन व लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के कारोबारी परेशान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

औद्योगिक डीजल और प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि से परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की मुश्किलें बढ़ गई हैं और माल ढुलाई की लागत में उछाल आएगा। यह वृद्धि सीधे तौर पर उन थोक उपभोक्ताओं को प्रभावित कर रही है जो डिपो में ईंधन भरवाते हैं, जिसमें परिवहन ऑपरेटर, कारखाने और निर्माण क्षेत्र शामिल हैं।

यद्यपि यह सराहनीय है कि वर्तमान में सामान्य पेट्रोल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं की गई है, जिससे आम उपभोक्ता को तत्काल राहत मिली है, इसके लिए प्रधानमंत्री एवं पेट्रोलियम मंत्री का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने जनहित को प्राथमिकता दी है। यह बात ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट,


एआई इमेज

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कही।

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट के अनुसार ईंधन लागत में इस उछाल से ट्रकों और भारी वाहनों के संचालन की लागत बढ़ेगा, जिससे उनके मार्जिन पर दबाव पड़ा है। संगठन की ओर से सीएल मुकाती, विजय कालरा, हरीष डाबर ने कहाकि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले ट्रक एवं मालवाहक वाहन ही आवश्यक वस्तुओं, औद्योगिक कच्चे माल एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाते हैं। यदि इन वाहनों के संचालन में प्रयुक्त डीजल एवं सीएनजी की लागत में वृद्धि होती है, तो इसका सीधा एवं व्यापक प्रभाव वस्तुओं की कीमतों पर पड़ता है, जिसका अंतिम भार आम नागरिक को वहन करना पड़ता है। अतः प्रधानमंत्री और पेट्रोलियम मंत्री सहित राज्य के मुख्यमंत्री से अपील है कि परिवहन क्षेत्र में उपयोग होने वाले डीजल एवं सीएनजी की कीमतों में वृद्धि से यथासंभव परहेज किया जाए। यदि परिस्थितिवश मूल्य वृद्धि अपरिहार्य हो, तो मालवाहक वाहनों हेतु डीजल एवं सीएनजी पर विशेष सब्सिडी प्रदान की जाए। राज्य सरकारें परिवहन क्षेत्र को राहत देने के लिए वैट में कमी अथवा आवश्यकतानुसार पूर्ण छूट प्रदान करने पर विचार किया जाए।

## संस्थाओं को नाम के पीछे इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विस सेंटर एलएलपी जोड़ना अनिवार्य

# कॉरपोरेट कानून संशोधन बिल 2026, निवेशक और स्टार्टअप्स को राहत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद के बजट सत्र के दौरान 'कॉरपोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया है. यह बिल भारत में निवेश के माहौल को आधुनिक बनाने और बिजनेस करने की प्रक्रिया को और सरल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है. इस बदलाव का सबसे ज्यादा फायदा एलएलपी और एआईएफ को मिलेगा। बिल में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों के भीतर काम करने वाली एलएलपी के लिए खास प्रावधान किए गए हैं। अब इन संस्थाओं को अपने नाम के पीछे इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विस सेंटर एलएलपी जोड़ना अनिवार्य होगा।

### वैश्विक स्तर पर काम करना आसान होगा

इन कंपनियों को अपनी पार्टनरशिप और योगदान का हिसाब-किताब विदेशी मुद्रा में रखने की छूट दी गई है, जिससे वैश्विक स्तर पर काम करना आसान होगा। जो कंपनियां अभी रुपए में काम कर रही हैं, उन्हें विदेशी मुद्रा में बदलने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा। निजी इक्विटीऔर वेंचर कैपिटल इंडस्ट्री के लिए एक बड़ी बाधा दूर कर दी गई है। अब सेबी या आईएफएससी अथॉरिटी के पास रजिस्टर्ड 'स्पेशिफाइड ट्रस्ट' सीधे एलएलपी में बदल सकेंगे। इससे निवेश फंड्स को अधिक लचीलापन मिलेगा और उन्हें एक 'बॉडी कॉरपोरेट' का कानूनी ढांचा मिल सकेगा।




### कागजी कार्रवाई और रिपोर्टिंग में भारी छूट

सरकार ने कंपनियों पर 'अनुपालन का बोझ' कम करने पर जोर दिया है। पहले पार्टनरशिप में किसी भी छोटे बदलाव की सूचना तुरंत देनी पड़ती थी। अब सेबी और आईएफएससीए द्वारा रेगुलेटेड कंपनियों को यह जानकारी साल में सिर्फ एक बार देनी होगी। बार-बार फॉर्म भरने और रिपोर्ट देने के झंझट से राहत मिलेगी।

### जेल का डर खत्म, लगेगा सिर्फ जुर्माना

इस बिल की सबसे बड़ी विशेषता 'डिक्रिमिनलाइजेशन' है। कई प्रोसेस में गलतियों को अब अपराध की श्रेणी से हटाकर 'सिविल पेनल्टी' के दायरे में ला दिया गया है। यानी छोटी गलतियों पर अब जेल नहीं जाना होगा। जुर्माने के खिलाफ अपील करने और रजिस्ट्रार के फैसलों को चुनौती देने के लिए एक औपचारिक रास्ता भी तैयार किया गया है।

## टैक्स सुधारने का आखिरी मौका 31 मार्च तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वरिष्ठ कर सलाहकार राजेश जैन ने कहा कि मार्च का आखिरी दौर चल रहा है और टैक्सपेयर्स के लिए यह



वक्त अलर्ट से कम नहीं है। अगर पुरानी आईटीआर में कोई चूक रह गई है, चाहे इनकम छूट गई हो या कोई गलती हो गई हो, तो आईटीआर -यू के तहत अभी भी उसे सुधारने का मौका पास है। आईटीआर -यू एक ऐसा विकल्प है जो टैक्स हिस्ट्री को साफ सुथरा करने का दूसरा मौका देता है। सीबीडीटी ने यह सुविधा इसलिए दी है ताकि टैक्सपेयर्स अपनी पुरानी गलतियों को ठीक कर सकें और अपनी कमाई को सही से रिपोर्ट कर सकें, लेकिन यह सिर्फ तब काम आएगा,जब टैक्स बढ़ने वाला हो। अगर रिफंड मांगने या टैक्स कम करना चाहते हैं तो यह काम का नहीं है। चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेश जैन ने कहाकि आईटीआर -यू की शुरुआत सेक्शन 139(8ए) के तहत हुई थी। पहले ये सिर्फ 24 महीने तक सीमित था, लेकिन बजट 2025 में इसे बढ़ाकर 48 महीने कर दिया गया। मतलब असेसमेंट ईयर खत्म होने के 4 साल तक आप अपडेटेड रिटर्न फाइल कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, एवाय 2021-22 के लिए आखिरी तारीख 31 मार्च 2026 है।

### बिजनेस न्यूज

#### जेके अस्पताल में पहली बार ईबीयूएस प्रक्रिया से कैंसर और टीबी का निदान



**भोपाल।** राजधानी के कोलार स्थित जेके हॉस्पिटल में उन्नत चिकित्सा तकनीक ईबीयूएस प्रक्रिया सफलतापूर्वक की गई। यह उपलब्धि अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और चिकित्सा क्षेत्र में फेफड़ों से संबंधित रोगों के निदान एवं उपचार को नई दिशा प्रदान करेगी। ईबीयूएस एक अत्याधुनिक, न्यूनतम इनवेसिव (कम चीर-फाड़ वाली) तकनीक है, जिसका उपयोग फेफड़ों और आसपास के गांठ की सूक्ष्म जांच के लिए किया जाता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से बिना किसी बड़े ऑपरेशन के सटीक बायोप्सी संभव होती है, जिससे फेफड़ों के कैंसर, टीबी, सारकॉइडोसिस जैसी गंभीर बीमारियों का प्रारंभिक एवं सटीक निदान किया जा सकता है। मध्य प्रदेश में यह सुविधा अभी बहुत ही सीमित स्थानों पर उपलब्ध है, जिससे इसकी उपलब्धता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम डॉ. गौरव साहू, डॉ. शहज़ाद हुसैन एवं डॉ. शिवानी चतुर्वेदी ने इस जटिल प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस सफलता में एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. अशोक एवं पैथोलॉजी विभाग से डॉ. अंकिता बघेल का विशेष सहयोग रहा, जिनके महत्वपूर्ण योगदान के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी।इस उपलब्धि के साथ अब भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को उन्नत जांच और उपचार के लिए बड़े महानगरों का रुख करने की आवश्यकता नहीं होगी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार भविष्य में भी आधुनिक एवं उन्नत तकनीकों को अपनाकर मरीजों को बेहतर, सुरक्षित एवं विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

#### अडाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा 'एसीसी' दे रहा भोपाल में ठेकेदारों के विस्तार को बढ़ावा

**भोपाल।** अडाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा और तेजी से बढ़ती बिल्डिंग मटेरियल्स एवं सॉल्यूशंस कंपनी एसीसी मध्यप्रदेश में संरचित जुड़ाव के माध्यम से जमीनी स्तर के पेशेवरों को आगे बढ़ने में मदद कर रही है। वर्तमान में भोपाल में ठेकेदार के रूप में कार्यरत उमेश पंडित ने अपने करियर की शुरुआत एक मजदूर के रूप में की, जिसके बाद धीरे-धीरे वे राजमिस्त्री और फिर ठेकेदारी की ओर बढ़े। एसीसी के साथ उनका जुड़ाव वर्ष 2024 में शुरू हुआ, जब एसीसी के टीएसई धनंजय सिंह ने उन्हें विभिन्न सपोर्ट प्रोग्राम्स और तकनीकी संसाधनों से परिचित कराया। शुरुआत में वे एक अन्य ब्रांड के प्रति वफादार थे, लेकिन एसीसी के समग्र इकोसिस्टम-जिसमें एसीटी ,रिवॉर्ड कनेक्ट, सिल्वर स्कीम, कॉन्ट्रैक्टर पासपोर्ट और विभिन्न तकनीकी वर्कशॉप्स शामिल है ने उन्हें आकर्षित किया। एसीसी के साथ जुड़ने के बाद उन्होंने आठ एसीटी-समर्थित घरों का निर्माण किया है और निर्माण गुणवत्ता सुधारने के लिए नियमित रूप से एसीसी इंजीनियरों से परामर्श लेते हैं, जिससे स्थानीय बाजार में उनका भरोसा बढ़ा है। इस बदलाव ने न केवल उनके तकनीकी ज्ञान को मजबूत किया, बल्कि उन्हें ग्राहकों और साथियों के बीच विश्वसनीय पहचान बनाने में भी मदद की। उमेश पंडित की प्रगति इस बात को दर्शाती है कि एसीसी उत्पाद गुणवत्ता के साथ-साथ जमीनी स्तर पर सहयोग को जोड़कर अपने ठेकेदार नेटवर्क को मजबूत कर रहा है।

#### बैद्यनाथ आयुर्वेद समूह के ट्रूसोल ने लांच किया 'ट्रूसोल तुलसी हनी'




**गुरुग्राम।** बैद्यनाथ आयुर्वेद समूह के आधुनिक वेलनेस एवं पर्सनल केयर ब्रांड, ट्रूसोल ने आज 'ट्रूसोल तुलसी हनी' लांच करने की घोषणा की है। यह प्रीमियम डेली वेलनेस उत्पाद दो प्राकृतिक सामग्रियों तुलसी और शुद्ध शहद के अनूठे मिश्रण से तैयार किया गया है। अपनी आयुर्वेदिक विरासत से जुड़ी तुलसी पारंपरिक रूप से सांस लेने में आराम देने, तनाव प्रबंधन में मदद करने और संपूर्ण स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए जानी जाती है, जबकि शहद अपने सुखदायक गुणों और पोषण के लिए मशहूर है। इन दोनों को मिलाकर बनाया गया ट्रूसोल तुलसी हनी सांस लेने में आसानी, शरीर को आराम देने और रोज़ाना का पोषण प्रदान करने में मदद करता है। ट्रूसोल के सह-संस्थापक अधिराज शर्मा ने कहा कि भारत में बड़े होते हुए हमने देखा है कि हर घर में तुलसी और शहद रोज़ाना की सेहत के लिए बहुत भरोसेमंद चीज़ें थीं। लेकिन जैसे-जैसे जीवनशैली बदली, ये पुरानी आदतें धीरे-धीरे दिनचर्या से कम हो गईं। ट्रूसोल तुलसी हनी के साथ हम इस जाने-पहचाने मिश्रण को फिर से लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी में वापस लाना चाहते हैं लेकिन एक पारंपरिक दवा की तरह नहीं, बल्कि एक आसान और सुलभ आदत की तरह, जो आज की आधुनिक जीवनशैली में आराम से फिट हो जाए। साथ ही यह नया उत्पाद हमारे 'रॉ ऑर्गेनिक हनी' की मजबूत नींव पर ही आगे बढ़ता है, क्योंकि हम अपने हनी पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं और उपभोक्ताओं की बदलती सेहत संबंधी ज़रूरतों के लिए खास प्रोडक्ट्स ला रहे हैं।

#### वेल्थ मैनेजमेंट में संरचनात्मक बदलाव : धनवेस्टटर

**मुंबई।** भारत में पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज (पीएमएस) उद्योग में तेजी से हो रही वृद्धि उच्च-निवल-मूल्यनिवेशकों के निवेश दृष्टिकोण में आ रहे संरचनात्मक बदलाव को दर्शाती है। यह बात महिलाओं पर केंद्रित पीएमएस प्लेटफ़ॉर्म धनवेस्टटर ने कही है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के हालिया आंकड़ों के अनुसार पीएमएस के तहत प्रबंधित परिसंपत्तियां बढ़कर 10.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गई हैं, जो 2022 के स्तर से लगभग दोगुनी हैं। इसी अवधि में पीएमएस निवेशकों की संख्या में भी लगातार वृद्धि दर्ज की गई है, जो कस्टमाइज़्ड निवेश समाधानों की बढ़ती मांग को दर्शाती है। धनवेस्टटर की संस्थापक एवं सीईओ अनुश्का सोहम बाथवाल ने कहा कि पीएमएस उद्योग की तेज वृद्धि भारत के वेल्थ मैनेजमेंट इकोसिस्टम के परिपक्व होने का संकेत है।

# डीएस ग्रुप के सहयोग से किसान बन रहे आत्मनिर्भर

## प्रति एकड़ आय सीजन में 35 हजार रुपए हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कम पैदावार, बढ़ती लागत और कर्ज के बीच गुजारा करना मुश्किल हो गया है, लेकिन मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के गांव येनखेड़ी में रहने वाली महिला किसान वंदना का अपने आत्मनिर्भरता की कहानी लिखी। दो एकड़ जमीन और परिवार की जिम्मेदारी के साथ वंदना पूरी तरह से मौसमी खेती पर निर्भर थीं। वंदना स्वावलंबन और स्थाई खेती का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरी हैं। डीएस ग्रुप की फील्ड टीम



द्वारा आयोजित एक जागरूकता सत्र के दौरान वंदना को प्रशिक्षण पहल के बारे में पता चला, जिसका उद्देश्य सरल और स्थाई तरीकों से उत्पादकता बढ़ाना और लागत कम करना था। कृषि विशेषज्ञ विशाल ठाकरे के नेतृत्व में आयोजित डीएस ग्रुप के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वंदना ने अपने पूरे दो एकड़ खेत में मक्के की खेती शुरू की और अच्छे उत्पादन के साथ अच्छी आय प्राप्त में करने सफलता अर्जित की। आज वंदना की आय बढ़कर 30,000 से 35,000 रुपये प्रति एकड़ प्रति सीजन हो गई है। अब वह हर फसल चक्र में 5,000 से 10,000 रुपये की बचत कर पा रही हैं। वंदना की यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि कैसे डीएस ग्रुप जैसे लक्षित और सहानुभूतिपूर्ण सीएसआर हस्तक्षेप ग्रामीण स्तर पर वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं।

**सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला अशोकनगर (म.प्र.)**

*Email ID - csurgeonashmp@nic.in*

क्र./ई-निविदा/2026/3396 — अशोकनगर, दिनांक 18/03/2026

// ई-निविदा प्रकाशन //

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 हेतु जिला चिकित्सालय अशोकनगर में वाहन स्टैण्ड को संचालित किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी विभागीय बेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर से निर्धारित राशि रुपये 1000/- ऑनलाईन जमा कर डाउनलोड की जा सकती है। निविदा संबंधी तिथियों का विवरण निम्नानुसार है

| No. | Particular | Dated |
|---|---|---|
| 01 | Date of Publication | 26-3-2026 TO 05.30 PM |
| 02 | EMD Online | 50,000/- |
| 03 | Online Purchase of Tender Start Date | 27-3-2026 TO 10.30 AM |
| 04 | Online Purchase of Tender End Date | 17-4-2026 TO 05.30 PM |
| 05 | Online Bid Submission Start Date | 27-3-2026 TO 10.30 AM |
| 06 | Online Bid Submission End Date | 17-4-2026 TO 05.30 PM |
| 07 | Tender Document Fee (Non refundable) | 1000/- |
| 08 | Mandatory Submission Open Date | 20-4-2026 TO 03.00 PM |
| 09 | Offline Tacnical document Submission Date | 27-3-2026 TO 05 30 PM |

नोट :-
01. निविदा से संबंधित समस्त नियम एवं शर्ते **https://mptenders.gov.in** पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।
02. निविदा में कोई भी सशोधन होता है तो अलग से समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित नही किया जायेगा विभाग की टेण्डर वेबसाईड पर अपलोड कर दिया जावेगा।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला-अशोकनगर (म.प्र.)

**G-27791/25** — " स्वच्छता ही सेवा "

## चिंतन

# युद्ध के अल्पविराम को पूर्ण विराम में बदलने का वक्त

मध्य-पूर्व में तनाव के बीच हालात इस ओर इशारा कर रहे हैं कि अब बंदूकें खामोश होने को तैयार हैं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच हालिया तनाव में आया यह अल्पविराम महज एक रणनीतिक ठहराव नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन के लिए एक निर्णायक अवसर है। सवाल यह है कि क्या दुनिया इस मौके को पूर्ण विराम में बदल पाएगी, या फिर यह विराम अगली भीषण टकराहट का सिर्फ एक अंतराल बनकर रह जाएगा? इस संघर्ष ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक युद्ध अब केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उनके झटके पूरी दुनिया को झकझोर देते हैं। तेल और गैस की कीमतों में उछाल ने वैश्विक अर्थव्यवस्था की नब्ज पर सीधा प्रहार किया है। विकासशील देशों के लिए यह संकट और गहरा है, जहां महंगाई पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ रही है। ऐसे में यह युद्ध केवल तीन देशों का मसला नहीं, बल्कि पूरी मानवता के आर्थिक और सामाजिक संतुलन का प्रश्न बन चुका है। सामरिक दृष्टि से देखा जाए तो अमेरिका और इजराइल ने ईरान की सैन्य क्षमताओं को गहरी चोट पहुंचाई है। उसके पूरे नेतृत्व को खत्म कर दिया। ईरान के कई रणनीतिक ठिकानों और आधारभूत ढांचे को ध्वस्त कर ईरान को करीब 20 से 25 साल पीछे धकेल दिया है। यह एक स्पष्ट संदेश है कि तकनीकी और सैन्य श्रेष्ठता आज भी निर्णायक भूमिका निभाती है। दूसरी ओर, ईरान ने भी अपनी जवाबी कार्रवाई से यह साबित कर दिया कि वह दबने वाला नहीं है। उसने न केवल अपने क्षेत्रीय प्रभाव को बनाए रखा, बल्कि सैन डियागो पर असफल हमला कर पश्चिमी देशों को यह चेतावनी भी दी कि किसी भी आक्रामक कदम की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यही वह बिंदु है, जहां यह युद्ध अपने "औचित्य" की सीमा पर पहुंच चुका है। जब दोनों पक्ष अपनी-अपनी ताकत का प्रदर्शन कर चुके हैं और एक-दूसरे को संदेश दे चुके हैं, तब संघर्ष को जारी रखना केवल विनाश को आमंत्रण देना होगा। युद्ध का उद्देश्य यदि राजनीतिक या सामरिक बढ़त हासिल करना था, तो वह काफी हद तक पूरा हो चुका है। अब आगे की लड़ाई केवल संसाधनों की बर्बादी और मानवता के खिलाफ अपराध बनकर रह जाएगी। ट्रंप द्वारा ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमले टालने का निर्णय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह फैसला दर्शाता है कि कूटनीति की खिड़की अभी बंद नहीं हुई है। पांच दिनों का यह ठहराव केवल सैन्य रणनीति नहीं, बल्कि संवाद के लिए एक संभावित दरवाजा है। हालांकि, ईरान द्वारा किसी भी बातचीत से इनकार और अपनी शर्तों पर अड़े रहना यह बताता है कि रास्ता अभी आसान नहीं है। ईरान की ओर से रखी गई शर्तें, अमेरिकी सैन्य ठिकानों का बंद होना, होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए नए नियम और मीडिया से जुड़े व्यक्तियों पर कार्रवाई स्पष्ट रूप से उसकी रणनीतिक सोच को दर्शाती हैं। यह केवल युद्धविराम नहीं, बल्कि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को अपने पक्ष में मोड़ने की कोशिश है। दूसरी ओर, अमेरिका और उसके सहयोगी इन शर्तों को स्वीकार करने की स्थिति में शायद ही हों। ऐसे में गतिरोध की स्थिति बनना स्वाभाविक है। फिर भी, इस पूरे घटनाक्रम का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि तनाव कम होते ही तेल की कीमतों में गिरावट आई है। अब समय आ गया है कि बारूद की भाषा को छोड़कर बातचीत की भाषा अपनाई जाए। युद्ध का यह अल्पविराम इतिहास के पन्नों में एक निर्णायक मोड़ बन सकता है, बशर्ते इसे समझदारी और दूरदृष्टि के साथ पूर्ण विराम में बदला जाए।



विश्लेषण
राज कुमार सिंह

# दुनिया पर भारी पड़ता जंग का जुनून

> सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत ईरान के चार दर्जन शीर्ष नेताओं को अब तक मारने के बावजूद वहां कठपुतली सरकार बनाने का अमेरिका-इजराइल का सपना अधूरा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इच्छा के विपरीत ईरान ने खामेनेई के बेटे मोजतबा को ही अपना नया सर्वोच्च नेता चुना। मोजतबा ने युद्ध विराम से इनकार करते हुए साफ कर दिया है कि ईरानियों के खून का बदला लिया जाएगा और खाड़ी देशों से अमेरिकी सैन्य अड्डे नहीं हटे तो उन पर भी हमले जारी रहेंगे। ईरान को चंद दिनों में घुटनों पर ला देने का दम भरने वाले अमेरिका-इजराइल अब जंग खत्म होने तथा उसमें हो रही जन-धन हानि के सवालों से मुंह चुराने लगे हैं।

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग का यह चौथा सप्ताह है, लेकिन शांति की कोशिशों के बजाय उसे भड़काने का जुनून ही सिर चढ़ कर बोल रहा है। जंग के पक्ष और सफलता को लेकर इन देशों के अपने-अपने तर्क और दावे हो सकते हैं, पर हकीकत डरावनी होती जा रही है। इस बीच अफवाह युद्ध भी जारी है। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के मर जाने या घायल होने का दावा अमेरिका और इजराइल कर रहे हैं तो जवाब में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौत का दावा किया जा रहा है।

सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत ईरान के चार दर्जन शीर्ष नेताओं को अब तक मारने में सफलता के बावजूद वहां कठपुतली सरकार बनाने का अमेरिका-इजराइल का सपना अधूरा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इच्छा के विपरीत ईरान ने खामेनेई के बेटे मोजतबा को ही अपना नया सर्वोच्च नेता चुना। मोजतबा ने युद्ध विराम से इनकार करते हुए साफ कर दिया है कि ईरानियों के खून का बदला लिया जाएगा और खाड़ी देशों से अमेरिकी सैन्य अड्डे नहीं हटे तो उन पर भी हमले जारी रहेंगे। ईरान को चंद दिनों में घुटनों पर ला देने का दम भरने वाले अमेरिका-इजराइल अब जंग खत्म होने तथा उसमें हो रही जन-धन हानि के सवालों से मुंह चुराने लगे हैं। अमेरिका अब कन्फ्यूज्ड ज्यादा नजर आ रहा है। कभी ट्रंप कहते हैं कि किसी देश की मदद नहीं चाहिए तो कभी गुहार लगाते हुए धमकाते हैं। अभी तक कह रहे थे कि स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज बंद होने से अमेरिका को फर्क नहीं पड़ता तो अब 48 घंटों में न खुलने पर भयावह परिणामों की धमकी दे रहे हैं। अपनी जवाबी कार्रवाई से चौंका रहे ईरान ने भी धमकी दे दी है कि अगर उसके ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाया गया तो वह भी अमेरिका के मित्र खाड़ी देशों के ऊर्जा ही नहीं, पेयजल संयंत्रों को भी ठिकाना बनाएगा। ध्यान रहे कि इन देशों में उपलब्ध ज्यादातर जल खारा है, जिसे इन संयंत्रों में पीने योग्य बनाया जाता है। ईरान के नतांज परमाणु केंद्र को निशाना बनाया गया तो उसने भी इजराइल के डिमोना परमाणु केंद्र पर हमला करने में देर नहीं लगाई। विडंबना यह है कि जंग के इन जुनूनी बोलों के बीच शांति की समझदारी के सुर अभी तक कहीं से भी सुनाई नहीं पड़े हैं। याद रहे कि रूस और यूक्रेन युद्ध के सीमित दायरे के बावजूद युद्ध विराम की कोशिशें और दावे नजर आये थे। अनेक संघर्ष विराम का श्रेय लेते हुए अपने लिए शांति का नोबेल पुरस्कार मांगते रहे ट्रंप ने भी जल्द रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करवाने के दावे किए थे। उसी क्रम में उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को अमेरिका बुलाकर अपमानित किया तो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी कई बार बात की, लेकिन बात बनी नहीं और युद्ध चार साल बाद भी जारी है, जिसमें लगभग 18 लाख सैनिक और नागरिक मारे जा चुके हैं। इक्कीसवीं शताब्दी में विश्व व्यवस्था की विद्रूपता देखिए कि खुद को शांतिदूत बताने वाले ट्रंप ने ही इजराइल के साथ मिल कर ईरान पर हमले से खुद दुनिया को बड़ी जंग में धकेल दिया है। रूस और यूक्रेन की तरह



इजराइल-अमेरिका और ईरान के पास अपनी जंग को जायज ठहराने के तर्क हैं। इजराइल और ईरान अरसे से एक-दूसरे की आंखों में खटकते रहे हैं। अमेरिका भी ईरान के परमाणु कार्यक्रम का हौव्वा दिखा कर दुनिया को डराता रहा है। परमाणु कार्यक्रम तथा हमास, हूती और हिजबुल्लाह सरीखे आतंकी संगठनों को कथित ईरानी मदद के मुद्दे पर अमेरिका और ईरान में तीसरे देश में वार्ताएं भी चलीं। 26 फरवरी को जिनेवा में हुई वार्ता में ईरान परमाणु कार्यक्रम सीमित रखने पर राजी भी हो गया था, बशर्ते उसके विरुद्ध 1979 से लागू अंतराष्ट्रीय प्रतिबंध हटा लिए जाएं, जिनके चलते उसकी अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है।

आतंकी संगठनों को कथित मदद पर अगली वार्ता में बात आगे बढ़ पाती, उससे पहले ही इजराइल के साथ मिलकर अमेरिका ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला बोल दिया। अब जबकि ईरान ने मित्र देशों के अलावा सभी के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद कर दिया है, ट्रंप की मदद की गुहार उनके दोस्त देश भी नहीं सुन रहे। हाल के इतिहास में विश्व व्यवस्था में अमेरिका इतना अकेला कभी नहीं दिखा। बड़े सुरक्षा अधिकारी जो केंट द्वारा इस्तीफा देते हुए किए गए इस खुलासे ने भी ट्रंप को कठघरे में खड़ा कर दिया है कि अमेरिका को ईरान से कोई खतरा नहीं। खामेनेई शासन की कट्टर इस्लामी व्यवस्था के विरोध में ईरान में प्रदर्शन किसी से छिपे नहीं रहे। दमनचक्र के चलते हजारों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। अमेरिका और इजराइल को लगा कि खामेनेई के खात्मे के साथ ही असंतोष और मुखर हो जाएगा, जिसका फायदा उठाते हुए ईरान में कठपुतली सरकार बनवाकर अकूत तेल और गैस संसाधनों पर कब्जा कर लिया जाएगा। खामेनेई के खात्मे के बाद ईरानियों से सड़कों पर निकल कर सत्ता पर कब्जा कर लेने का आह्वान भी किया गया, लेकिन विदेशी आक्रमण के चलते वह आंतरिक असंतोष भी बीते वक्त की बात लगता है। दशकों से अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध झेलने के बावजूद आधुनिकतम हथियारों से लैस अमेरिका और इजरायल को ईरान जंग में जैसा जवाब दे रहा है, लगता नहीं कि युद्ध जल्द समाप्त होगा। अमेरिकी सैन्य अड्डे वाले खाड़ी देशों को निशाना बनाने के साथ ही अमेरिका और इजराइल पर भी ईरान सीधे हमले कर चौंका रहा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट कितना गहरा सकता है, इसका संकेत इसी से मिल जाता है कि हाल तक भारत पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव बनाने वाला अमेरिका ही अब उस समेत तमाम देशों को रूस से कच्चा तेल खरीदने को कह रहा है। ईरान से तेल खरीद पर लगा प्रतिबंध भी कुछ समय के लिए हटा लिया गया है। तीन सप्ताह की जंग में ही कच्चे तेल और गैस की कीमतों में आया उछाल बेहद मुश्किल वक्त की आहट ही है, लेकिन जंग के जुनून के बीच शायद कोई उसे सुनना नहीं चाहता।

लंबी जंग से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाली मार आर्थिक मंदी का कारण भी बन सकती है। वैसे यह आपदा रूस और अमेरिका की तेल कंपनियों के लिए जबर्दस्त कमाई का अवसर बन गई है। पिछले महीने कच्चा तेल 52 डॉलर प्रति बैरल बेचने वाला रूस अब 100 डॉलर प्रति बैरल बेच रहा है। अंजाम तो समय बताएगा, लेकिन असर बता रहा है कि दुनिया का चौधरी बनने की सनक में ट्रंप ने दुनिया को ऐसी जंग में झोंक दिया है, जिससे निकलना तो मुश्किल होगा ही, उसके असर से बच पाना नामुमकिन होगा।

( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
कमलाकर सिंह



# चयन प्रक्रिया व उपेक्षित उत्कृष्ट कृतियों पर पुनर्विचार आवश्यक


साहित्य अकादमी पुरस्कार को लेकर उठती बहस केवल एक लेखक या कृति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हिंदी साहित्य में सम्मान की कसौटियों, चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और समय पर मूल्यांकन जैसे व्यापक प्रश्नों को सामने लाती है।

इन दिनों ममता कालिया को उनके संस्मरणात्मक लेखन 'जीते जी इलाहाबाद' पर मिले साहित्य अकादमी पुरस्कार की चर्चा व्यापक रूप से हो रही है। अखबारों, सोशल मीडिया पर इसको लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। एक व्यंग्यात्मक टिप्पणी-"आखिर मिल ही गया ममता कालिया को साहित्य अकादमी पुरस्कार"- ने इस बहस को और तीखा बना दिया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि किसी लेखक को पुरस्कार मिलने पर इस तरह की प्रतिक्रिया क्यों उत्पन्न होती है। यह भी कहा जा रहा है कि उन्हें यह पुरस्कार बहुत पहले मिल जाना चाहिए था। कुछ लोगों ने तो उनकी समग्र रचनात्मकता को ही औसत बताया। इन बातों पर मैं कोई टिप्पणी नहीं करता, परंतु बड़ा प्रश्न यह है कि इस पुरस्कार का आधार लेखक होता है या कृति? हिंदी साहित्य में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जहां महत्वपूर्ण रचनाकारों को समय रहते सम्मान नहीं मिला। रमेश चंद्र शाह और रमेश कुंतल मेघ के संदर्भ में यह बात कही जाती रही है। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जैसे महान रचनाकार को उनके जीवनकाल में यह सम्मान नहीं मिला और धर्मवीर भारती जैसे महत्वपूर्ण साहित्यकार भी इससे वंचित रह गए। यह स्थिति पुरस्कार-प्रक्रिया के मानदंडों पर पुनर्विचार की मांग करती है। हिंदी जैसी विशाल भाषा, जिसके करोड़ो पाठक हैं, उसमें यदि पुरस्कारों की संख्या और संरचना सीमित रहेगी तो अनेक योग्य रचनाकार अनदेखे रह जाएंगे। ऐसे में विभिन्न विधाओं के लिए पृथक पुरस्कारों की व्यवस्था एक सार्थक विकल्प हो सकता है।

यह भी देखा गया है कि कई महत्वपूर्ण कृतियां समय पर सम्मान से वंचित रह जाती हैं, जबकि कभी-कभी कम प्रभावी रचनाएं भी पुरस्कृत हो जाती हैं। इसलिए आवश्यक है कि साहित्य अकादमी अपनी चयन-प्रक्रिया और ज्यूरी संरचना को अधिक लोकतांत्रिक और समावेशी बनाए, ताकि हाशिए पर छूटते हुए लेखकों को भी समान अवसर मिल सके। यह पुरस्कार केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय भाषाओं की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और बौद्धिक प्रवाह को सामने लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसी संदर्भ में आनंद कुमार सिंह की काव्यकृति 'अथर्वा मैं वही वन हूं' विशेष ध्यान आकर्षित करती है जो साहित्य अकादमी की विचारणीय सूची में शीर्ष पर थी। वर्ष 2021 में प्रकाशित यह कृति अल्प समय में ही हिंदी-जगत में व्यापक विमर्श का केंद्र बन गयी। अशोक वाजपेयी ने 28 नवंबर 2021 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में कृति के लोकार्पण समारोह में कहा था- " कविता में भाषा का एक काम यह है कि वो वहां ले जाए जहां, पहले कविता कभी न गई हो, न भाषा कभी गई हो। मेरे हिसाब से इस पुस्तक की एक प्रशस्ति ये हो सकती है कि इसने भाषा और कविता दोनों को वहां ले जाने की कोशिश की है जहां कम से कम पिछले पचास वर्षों में हिंदी कविता नहीं गई है।" अनेक विश्वविद्यालयों में इस पर शोध हो रहे हैं तथा आलोचनात्मक ग्रंथ प्रकाशित हुए हैं। किसी काव्यकृति के प्रकाशन के कुछ वर्षों के भीतर इस प्रकार की बौद्धिक सक्रियता कम ही देखने को मिलती है। यह कृति समकालीन हिंदी साहित्य में एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप है। ऐसे समय में जब गंभीर साहित्य के लिए पाठकीय आधार सिकुड़ता प्रतीत होता है, यह कृति एक नई संभावना का संकेत देती है। आनंद कुमार सिंह की यह कृति उनकी छब्बीस वर्षों की साधना का परिणाम है, जो अपने समय की आलोचना करते हुए भारतीय ज्ञान-परंपरा का काव्यात्मक पुनर्पाठ प्रस्तुत करती है। उनकी अन्य कृतियां- 'सौंदर्य जल में नर्मदा' और 'विवेकानंद'-भी इस सृजनात्मक ऊंचाई की पुष्टि करती हैं। 'अथर्वा मैं वही वन हूं मुक्त छंद में महाकाव्य की रचना को संभव बनाती है और हिंदी के लिए एक गौरवग्रंथ के रूप में उपस्थित है। साहित्य किसी भी सभ्यता की आत्मा होता है। आज जब समाज तीव्र गति से तकनीक-निर्भर होता जा रहा है, साहित्य की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। वर्ष 2025 का साहित्य अकादमी पुरस्कार ममता कालिया को मिला, यह स्वागत योग्य है; किन्तु अब कृति पर गंभीरता से विचार होना चाहिए, जो अपने समय को अभिव्यक्त करने के साथ-साथ साहित्य को नई दिशा देने की क्षमता रखती है।

( लेखक भोज मुक्त विवि भोपाल के पूर्व कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन-ऊर्जा का प्रवाह भीतर की ओर हो



संकलित
दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है।

## दान की बड़ी महिमा



संकलित
प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## विरोध




**मुंबई।** प्रस्तावित वधवन बंदरगाह परियोजना का लोग विरोध कर रहे हैं। किसानों, मछुआरा समुदाय के सदस्यों और विभिन्न पर्यावरण संगठनों ने यहां विरोध में रैली निकाली जिसमें एक महिला सिर पर भारी भरकम मछली का प्रतीक रखे हुए दिखाई दे रही है।

## आज की पाती

### ईरान की नीति और ऊर्जा संकट

दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार की एक महत्वपूर्ण धुरी हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य है। यह एक अत्यंत संकीर्ण जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को खुले समुद्र से जोड़ता है। इसी मार्ग से दुनिया के लगभग एक-चौथाई तेल और गैस का परिवहन होता है। ऐसे में ईरान द्वारा इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाज़ों पर शुल्क लगाने का प्रस्ताव केवल एक आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति, अंतरराष्ट्रीय कानून और ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम ऐसे समय में सामने आया है जब पूरी दुनिया पहले से ही ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा और भू-राजनीतिक तनावों से जूझ रही है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे देश इस मार्ग पर अत्यधिक निर्भर हैं। बहरहाल, यह लड़ाई अब बातचीत के जरिए खत्म होनी चाहिए। – *नमिश कुमार, रोहतक*

## ट्रेंड

### लोहिया को श्रद्धांजलि




डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। वे एक बहुमुखी व्यक्तित्व थे जिन्होंने औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध जन आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारत की प्रगति में योगदान दिया। लैंगिक समानता और सहभागी शासन पर उनके विचार भी उतने ही उल्लेखनीय हैं।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### कच्चे तेल का भंडारण



बीते दशक में भारत ने संकट के ऐसे ही समय के लिए कच्चे तेल के भंडारण को भी प्राथमिकता दी है। आज भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्व है और 65 से अधिक की व्यवस्था पर देश काम कर रहा है।
**- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

### प्रेरणा स्रोत



महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीद दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। देश के लिए बेखौफ लड़ते हुए उनका संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान हर भारतवासी के लिए प्रेरणा स्रोत है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**


### कृत्रिम बुद्धिमत्ता



नया उत्तर प्रदेश कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति को अपना रहा है। पुच एआई के साथ 25,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन से राज्य में एआई पार्क, बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर अवसंरचना, एआई कॉमन्स और एक एआई विश्वविद्यालय स्थापित होंगे।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

## करंट अफेयर

# व्हाइट हाउस के समीप स्थापित की गई कोलंबस की प्रतिमा



इतालवी खोजकर्ता क्रिस्टोफर कोलंबस की एक प्रतिमा को अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस के पास स्थित आइजनहावर सरकारी कार्यालय परिसर में स्थापित किया गया है। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा इस कथित विवादित खोजकर्ता को सम्मान देने के प्रयास का हिस्सा है। यह उस प्रतिमा की प्रतिकृति है, जिसे 2020 में ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान देशभर में संस्थागत नस्लवाद के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के बीच बाल्टीमोर के बंदरगाह में फेंक दिया गया था। ट्रंप पारंपरिक रूप से कोलंबस को 1492 के उस अभियान के नेता के रूप में देखते हैं, जिसे अमेरिका में यूरोपीय उपनिवेशवाद की अनौपचारिक शुरुआत और आधुनिक आर्थिक-राजनीतिक व्यवस्था के विकास का आधार माना जाता है। हालांकि, हाल के वर्षों में कोलंबस को पश्चिमी यूरोप द्वारा 'न्यू वर्ल्ड' उसके संसाधनों और मूल निवासियों के दमन और शोषण के प्रतीक के रूप में भी देखा जाने लगा है। 'न्यू वर्ल्ड' से तात्पर्य अमेरिका (उत्तरी, दक्षिणी और मध्य अमेरिका) और आसपास के द्वीपों से है व्हाइट हाउस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'इस व्हाइट हाउस में क्रिस्टोफर कोलंबस एक नायक हैं और राष्ट्रपति ट्रंप यह सुनिश्चित करेंगे कि आने वाली पीढ़ियों तक उन्हें इसी रूप में सम्मानित किया जाए।'

## ऑफ बीट

# खटमल एक वैश्विक समस्या इसके बारे में जानकारी कम



खटमल छोटे, उड़ने से लाचार कीड़े होते हैं जो मानव रक्त पर जीते हैं। कई प्रजातियां हैं, लेकिन सबसे अधिक लोगों को जिस प्रजाति का पता है वह साइमेक्स लेक्टुलरियस है। रोमनों ने उन्हें साइमेक्स कहा, जिसका अर्थ है बग। 1758 में बहुत बाद में प्राकृतिक इतिहासकार कार्ल लिनिअस ने इनके नाम के साथ 'लेक्ट्युलरियस' को जोड़ा, जिसका अर्थ है बिस्तर या सोफा। हमारा रक्त उनके पोषण का मुख्य स्रोत है, लेकिन वह जीने के लिए अन्य जानवरों का खून भी पीते हैं, जैसे पक्षियों, पालतू जानवरों और चमगादड़ों आदि का। खटमल में एक जटिल आंत माइक्रोबायोटा होता है, जो उन्हें हमारे रक्त से आवश्यक सभी पोषक तत्वों को निकालने में मदद करता है। किशोरों को एक जीवन चरण से दूसरे में विकसित होने के लिए रक्त भोजन की आवश्यकता होती है – इसलिए, वयस्क बनने के लिए, प्रत्येक खटमल को कम से कम पांच रक्त भोजन की आवश्यकता होगी। वयस्क खटमल, हालांकि, भोजन के बिना पूरे वर्ष जीवित रह सकते हैं। वे उड़ नहीं सकते। जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, चलने से वह बहुत दूर नहीं जा सकते, लेकिन यह घर में हर तरफ फैल जाते हैं। और खटमल ज्यादा दूर तक जाने के लिए इनसानों का इस्तेमाल करते हैं।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप




### भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में शहीद दिवस के अवसर पर देशभक्ति का माहौल देखने को मिला, जब सामाजिक संस्था सेवा समिति के तत्वावधान में वीर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत को याद करते हुए भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेशनल हाईवे स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सेवा समिति के उपाध्यक्ष दीपक सराठे ने कहा कि शहीद भगत सिंह का बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि जिस साहस और संकल्प के साथ उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए, वह आज भी हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की भावना जागृत करता है।

### स्व. चेतन खत्री की जयंती पर बांटा प्रसाद



**औबेदुल्लागंज।** पूर्व बहावलपुरी अध्यक्ष स्व. चेतन खत्री की जयंती और नवरात्रि के पावन पर्व पर उनके परिवार द्वारा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। सुधांशु खत्री ने बताया कि खत्री परिवार द्वारा आयोजित इस सेवा कार्य में हजारों की संख्या में लोगों को प्रसाद बांटा।

### थाना प्रभारी सिंह का माना जन्म दिन



**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज थाना प्रभारी भारत प्रताप सिंह का जन्मदिन सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान एसडीओपी कार्यालय में एसडीओपी शीला सुराणा, टीआई मंडीदीप, टीआई गौहरगंज, टीआई नूरगंज सहित अन्य लोगों ने केक काटा और फूल माला पहनकर बधाई दी। भारत प्रताप सिंह को पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, तहसीलदार निलेश सरवटे, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर आदि ने बधाई दी।

### हनुमान जयंती को लेकर बैठक में हुई चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** धाकड़ समाज मैरिज गार्डन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम, बजरंग दल-परिषद प्रशिक्षण वर्गों की योजना, सेवा कार्यों की रूपरेखा, हनुमान जयंती को लेकर चर्चा की गई। बैठक में विभाग के मंत्री शजीवन शर्मा एवं संयोजक अभिजीत का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। जिला प्रखंड एवं विभिन्न खंडों से आए सभी कार्यकर्ता सहित विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, जिला शिवराज धाकड़ जिला संयोजक बजरंग दल सुरेश मेहरा, जिला सह मंत्री राहुल राजपूत, ओमप्रकाश परमल, जिला सह संयोजक आदि उपस्थित रहे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 2705 | | |
| दिनः | 399 | 17 | 278 |
| रातः | 478 | 97 | 250 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 567 | 80 | 569 |
| रातः | 234 | 98 | 170 |

## नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्कूल में रखा पहला कदम, स्वागत में गाया वेलकम गीत

कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

शहीद हेमू कालानी ऐजूकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित विद्यासागर पब्लिक स्कूल, राधीबाई हासोमल ख्यांतानी फाउंडेशन स्कूल एवं अर्जन हाथीरामानी प्ले स्कूल के सत्र 2026-27 में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए 'स्वागत एवं परिचय' सत्र का आयोजन किया गया। इस नए सत्र में अपने बच्चों के स्कूल आने के लिए अभिभावक बहुत उत्साहित थे।

इस विशेष सत्र का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की नियमावली, अपेक्षाएं तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक व रचनात्मक विकास हेतु आयोजित की जाने वाली गतिविधियों से अवगत कराना था। इस अवसर पर शहीद हेमू



नए सत्र के प्रथम दिन आयोजित समारोह में छोटे-छोटे बच्चे सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए।

कालानी एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष संत सिद्ध भाऊ, सचिव घनश्याम बूलचंदानी, सहसचिव केएल रामनानी, विद्यासागर पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी, कोऑर्डिनेटर, शिक्षिकाएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। सिद्ध भाऊ ने कहा कि गृहस्थी का असली सुख संतान में है। माता-पिता अपने बच्चों के लिए बहुत मेहनत करते हैं। संतान अगर आज्ञाकारी और संस्कारी हो तो उनकी यह मेहनत सफल हो जाती है।

### विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ ही संस्कारवान बनाना मुख्य उद्देश्य

*हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें संस्कारवान बनाना भी है। प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी ने कहा कि हमारे यह नन्हे-मुन्ने बच्चे स्कूल में अपना पहला कदम रखने वाले हैं। हमें और आपको मिलकर इन्हें आगे बढ़ाना है तो आइए हम और आप उस परमेश्वर के आशीर्वाद और श्रद्धेय सिद्ध भाऊ के मार्गदर्शन में इस नई यात्रा को आरंभ करें। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर मिनी धारवा ने कई उपयोगी सुझाव दिए। इस अवसर पर कक्षा केजी के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। रिंकी जनयानी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।*



### शिव मंदिर गौरी मां के दरवार में कराया कन्या भोज

**औबेदुल्लागंज।** शिव मंदिर गौरी मां के दरवार में चैत्र नवरात्रि के पंचमी पर सोमवार को कन्या भोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में महिला मंडल के सहयोग एवं ज्योति पंडित, आरती यादव, मुन्नी शाहू, कवीता यादव आदि शामिल थीं।

## हबीबगंज पुलिस ने जब्त की 8 लाख की कार

## 12 घंटे के भीतर चोरी की एक्सयूवी 500 बरामद, शातिर वाहन चोर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 12 घंटे के भीतर चोरी की गई एक्सयूवी-500 कार बरामद कर एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। 22 मार्च को संजय झारिया (52), निवासी ई-7 अरेरा कॉलोनी, हबीबगंज ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उन्होंने अपनी महिंद्रा एक्सयूवी-500 21 मार्च की रात करीब 10 बजे घर के सामने खड़ी की थी।

रात करीब 12:06 बजे बाहर आने पर कार गायब मिली, जिसे अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की



फुटेज खंगाली तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। 22 मार्च को सूचना मिली कि एक युवक मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के आसपास दुकानदारों से एक्सयूवी-500 कार बेचने की बात कर रहा है। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजेन्द्र राजपूत (उम्र 26 वर्ष) निवासी एमआईजी-21, निर्मल स्टेट, मिसरोद बताया।

सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी की वारदात कबूल करते हुए बताया कि उसने वाहन को गोविंदपुरा क्षेत्र में छिपाकर रखा है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने करीब 8 लाख रुपए की एक्सयूवी-500 कार बरामद कर ली। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि उसने पूर्व में 6 नंबर स्टॉप के पास एक युवक की पैंट से कार की चाबी चोरी कर वाहन लेकर फरार हो गया था।

## गोलीकांड का वीडियो दिखाने से नाराज लल्लू रईस और उसके बेटों ने युवक से की मारपीट

बदमाश और उसके तीन बेटों के खिलाफ अड़ीबाजी, मारपीट व जान से मारने की धमकी का प्रकरण दर्ज

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित नवाब टी स्टॉल के पास शेडों वाली गली में रविवार शाम कुख्यात बदमाश लल्लू रईस और उसके तीन बेटों ने एक युवक के साथ मारपीट कर अड़ीबाजी कर दी। फरियादी युवक बीती 15 मार्च को लल्लू रईस और उसके बेटे इमरान पर हुई फायरिंग व जानलेवा हमले का सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो लोगों को दिखा रहा था। जानकारी मिलते ही बदमाश और उसके बेटे धारदार हथियार लेकर मौके पर पहुंच गए और मारपीट कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अड़ीबाजी, मारपीट व जान से मारने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने लल्लू रईस के एक बेटे को धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शेष तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक शेडों वाली गली अशोका गार्डन निवासी फैजान खान (35) प्राइवेट काम करता है। रविवार शाम करीब छह बजे वह अपने घर से कुछ दूर दोस्तों के साथ खड़ा था। वह लल्लू रईस और उसके बेटे इमरान की बीती 15 मार्च को हुई फायरिंग के वीडियो लोगों को दिखाकर मजाक उड़ा रहा था। यह बात लल्लू रईस और उसके बेटों को पता चल गई। बदमाश अपने बेटों इमरान, इफ्ताख व अयान के साथ मौके पर पहुंच गया और फैजान के साथ मारपीट कर दी। आरोपियों का कहना था कि वह गोलीकांड का वीडियो लोगों को क्यों दिखा रहा है। एसआई पवन सेन का कहना है कि मारपीट करने के बाद पिता-पुत्र फरार हो गए थे। फरियादी फैजान थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस ने कुछ देर बाद घेराबंदी कर आरोपी इफ्ताख को गिरफ्तार कर लिया था। उसके बाद से चाकू बरामद हुआ है। कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि लल्लू रईस के खिलाफ कुल 56 और इमरान के खिलाफ आधा दर्जन अपराध पंजीबद्ध हैं।

### युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** हबीबगंज मल्टी में शनिवार की रात को बहन के घर के बाहर खड़े युवक के पेट और उसके दोस्त के हाथ की अंगुलियां काटने वाले आरोपी अमित उर्फ मास पुलिस के हात्थे चढ़ गया है। उसने दोनों युवकों को नशे में धुत होकर गालिंया दी थीं। फलतू खड़े होने की वजह पूछी और युवकों ने विरोध किया तो छुरी से जानलेवा हमला कर दिया था।

सोमवार की सुबह आरोपी को मल्टी पीसी नगर से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल छुरी को जब्त कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार की रात को फरियादी गणेश कपिल पीसी नगर मल्टी स्थित अपनी बहन ज्योति के फ्लैट के नीचे दोस्त शुभम के साथ खड़ा था। तभी इलाके का बदमाश अमित भालेराव उर्फ मास उनके पास आया। उसने वहां खड़े होने की वजह पूछी और गालियां देना शुरू कर कर दिया। दोनों ने युवकों ने गाली देने का विरोध किया तो आरोपी ने अपनी कमर में फंसी छुरी को निकाल लिया।

**शुभम के पेट में घोंप दिया चाकू** - उसने शुभम के पेट में छुरी घोंप दी। बचाव करने आए गणेश पर आरोपी ने हाथ पर वार किया। वार रोकने के प्रयास में उसके एक हाथ की अंगुली और हथैली बुरी तरह से कट गई। दोनों का इलाज हमीदिया अस्पताल में चल रहा है। वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी अमित को पीसी नगर स्थित उसके घर गिरफ्तार कर लिया।

## रामनवमीं पर हवन-पूजन के साथ होगा अखंड रामायण पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नवरात्रि एवं रामनवमी पर श्री मानस मंडल द्वारा स्थानीय श्रीराम मंदिर में 26 मार्च को अखंड रामायण पाठ की स्थापना की जाएगी। रामनवमीं के दिन हवन पूजन, और भजनों का कार्यक्रम आयोजित होगा। श्री मानस मंडल के अरविंद राय, संतोष गुप्ता, संदीप माहेश्वरी, बाबूलाल बानिये, भैरों प्रशाद, राजकुमार माहेश्वरी, सुरेश काका, मन्नूलाल, मुकेश, लोकेश, दीपेश, पवन, अनिल, तेजसिंह, आनंद, गोपाल, पंकज, मोहित, अनुराग, हरीश, रामकिशोर,




दिलीप, प्रमोद, राजेश देवेंद्र, अवध किशोर, अनिकेत, अमन, राकेश, डॉ. बसंत, बंटी खन्ना, अजय, राजेंद्र, नरेश, बॉबी, अंशुल, दिनेश साहू सहित अन्य लोगों कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

## अमर शहीद हेमू कालाणी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

पूज्य सिंधी पंचायत व भारतीय सिंधु सभा के सयुक्त तत्वावधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी देश के गौरव अमर शहीद हेमू कालाणी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य कार्यक्रम अमर शहीद हेमू कालाणी स्टेडियम स्थित हेमू कालाणी की सुंदर आकर्षित प्रतिमा के समक्ष मनाया गया।

इस अवसर पर पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी ने हेमू कालाणी के व्यक्तित्व एवं आजादी के लिए दी कुर्बानी पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद सरदार भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु के



शहीद दिवस पर उन्हे भी नमन किया। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी, भारतीय सिन्धु सभा के राम कुमार आसुदानी, हरीष कुमार चांदवानी, अश्वनी नानकानी, नंद दादलानी, जगदीष आसवानी, गुलाब जेठानी, जेठांनद मंगतानी, माधव पारदासानी आदि उपस्थित थे।

## विचार, संगठन और तकनीक का संगम कार्यकर्ताओं में दिखा अभूतपूर्व जोश

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर मे भाजपा मंडल नगर मंडीदीप द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का उद्घाटन सत्र अत्यंत प्रभावशाली, ऊर्जावान और प्रेरणादायी माहौल में संपन्न हुआ। मंच से लेकर सभागार तक एक ही संदेश गूंजता रहा, सशक्त कार्यकर्ता ही सशक्त संगठन और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते हैं। मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविंद जैन, जीवन सिंह पाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बद्री सिंह चौहान, पूर्णिमा जैन, जिला मंत्री प्रार्थना चौहान, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुष्पा प्रेम शंकर साहू ने


पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में पहुंचे पदाधिकारी।



दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य रूप से पधारी प्रदेश की प्रदेश मंत्री तथा रायसेन जिले की प्रभारी राजा मालवीय ने वैचारिक अधिष्ठान पर चर्चा करते हुए कहा कि जब कार्यकर्ता सशक्त होता है, तब संगठन अजेय बनता है और जब संगठन अजेय होता है, तब राष्ट्र प्रगति के शिखर पर पहुंचता है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों को संगठन की आत्मा बताते हुए कहा कि भाजपा की राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। पार्टी का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना और उसे सशक्त बनाना है।

### चार दिन से लापता युवक की कुए में मिली लाश आत्महत्या की आशंका

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम रमगढ़ा के पास एक किसान के खेत के कुए में चार दिन से लापता युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। लाश काफी हद तक फूल कर डिकम्पोज हो चुकी थी। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। अनुमान लगाया जा रहा है युवक ने कुए में कूदकर आत्महत्या की है। पुलिस का कहना है कि शार्ट पीएम रिपोर्ट में पानी में डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई है। परिजनों के विस्तृत बयान दर्ज होने के बाद स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। पुलिस के मुताबिक ग्राम रमगढ़ा थाना बैरसिया निवासी भगवत सिंह (35) किसानी और मजदूरी करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। वह परिवार के साथ रहता था। विगत 19 मार्च को वह खेत पर जाने का कहकर घर से निकला था, लेकिन उसके बाद वह घर नहीं लौटा।

## नेहा बग्गा ने भाजपा कार्यकर्ताओं को समझाया सोशल मीडिया का महत्व

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा ने किया प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा मंडल औबेदुल्लागंज द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सत्र का भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा, जिला महामंत्री डॉ. दीपेंद्र पाल ने शुभारंभ किया। प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा ने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया का महत्व समझाते हुए बताया कि सोशल मीडिया में ज्ञान और राजनीती की बातें मिलती हैं।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, नरेंद्र शर्मा पूर्व महामंत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष, नपा अध्यक्ष, नपा उपाध्यक्ष नामिता बागिश अग्रवाल मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर दीपू


पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में आए भाजपा कार्यकर्ता।



परमार पंकज कोठारी, देवेंद्र सिंह राजू, सुजीत यादव, माया राय, राधा कुशवाहा, पार्षद भारती सेठी, नरेश सेठी, मनोज चौरसिया, हेमलता चौरसिया, आरती यादव, रामकिशोर चौहान, बाबूलाल चौहान, पुरुषोत्तम शर्मा, कमल चौहान, सुरजीत चौहान, सुरजीत सिंह बिल्ले, कांता पटेल, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, माधव यादव, गजेंद्र नागर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## साधु वासवानी स्कूल के ग्राउंड पर देर रात तक चलता रहा सामारोह, भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

## चैतीचांद के उपलक्ष्य में सिंधी मेले का आयोजन, सिंधी गीत पैसो आ पैसो आ... की रंगारंग प्रस्तुति पर जमकर झूमे समाज के लोग

सिंधी व्यंजन और साउथ इंडियन व्यंजन के लगाए स्टॉल, बच्चों ने झूले का लिया मजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था सिंधु नव जागरण समिति व सहयोगी संस्था स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला ट्रस्ट, सिंधु जाग्रति सेवा समिति द्वारा सिंधी समाज का पावन पर्व चैतीचांद के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में कमलेश कपूर (मुंबई), प्रिया ज्ञानचंदानी (भोपाल) व कशिश (इंदौर) रंगारंग प्रस्तुति दी। समिति द्वारा साधु वासवानी स्कूल के ग्राउंड पर सिंधी सांस्कृतिक संध्या के साथ-साथ सिंधी मेले का भी आयोजन किया गया था, जिसमें सिंधी व्यंजन के स्टॉल, साउथ


सांस्कृतिक संध्या में लोगों का अभिवादन करते विधायक रामेश्वर।


सांस्कृतिक संध्या में गीतों की प्रस्तुत देते कलाकार।

इंडियन के स्टॉल व बच्चों के लिए झूले लगाए गए थे।

कार्यक्रम के शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा, अध्यक्षता गोविंद गोयल, चेंबर ऑफ कॉमर्स व विशेष अतिथि सुशील वासवानी, पार्षद राजेश हिंगोरानी, पार्षद अशोक मारण, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बसंल, जिला मंत्री राकेश कुकरेजा, जिला उपाध्यक्ष विनय दादलानी, कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी ने भगवान झूलेलाल, सतगुरु स्वामी शांतिप्रकाश महाराज, परमहंस संत हिरदाराम साहिब, सतगुरु स्वामी देवप्रकाश महाराज के छायाचित्र पर मालार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि संत नगर के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस दौरान भगवान झूलेलाल के गीतों ने अतिथियों को झूमने पर मजबूर किया। कलाकार कमलेश कपूर, प्रिया ज्ञानचंदानी ने सिंधी गीत पैसो आ पैसो आ पैसो आ..., हथ मथे करें व लाल मुंहिजी पत पर... की प्रस्तुति दी। कशिश डांस ग्रुप द्वारा सिंधी गीतों पर डांस पेश की। नेन्सी भावनानी ने एकंरिग का संचालन किया। जिस पर धर्मप्रेमी बंधु जमकर झूमे।

### मेले में आए लोगों ने सिंधी व्यंजनों का उठाया लुत्फ

*सिंधी मेले में लोगों ने सिंधी व्यंजनों का लुफ्त उठाया। बड़ी संख्या में देर रात तक पारिवारिक सहित मेले का आनंद उठाते रहे। बड़ी संख्या में भीड़ के कारण लोग गार्डन के मुख्य मार्ग के बाहर खड़े रहे। आए हुए अतिथियों का स्वागत समिति अध्यक्ष नरेश चोटरानी, घनश्याम लालवानी, रमेश वाधवानी, सुरेश चोटरानी, आसनदास वाधवानी, राम पारदासानी, महेश खटवानी, हरीश वलेचा, मुरली गुरबानी, मनोहर सतानी, अनिल टेकचंदानी, दिलीप दीनानी, हीरो आडवानी, कमलेश छुगानी, कन्हैया नागदेव ने किया। कार्यक्रम का संचालन माधु चांदवानी व आभार रमेश वाधवानी ने प्रकट किया। अंत में बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया।*

# आग और आस्था का अनूठा संगम, भद्रकाली कोट्टायम नृत्य ने मोहा मन

## मानव संग्रहालय में स्थापना दिवस समारोह का तीसरा व अंतिम दिन

## स्थापना दिवस का समापन पर पुलियाट्टम बाघ और घूमर नृत्य से हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय में स्थापना दिवस समारोह के तीसरे और अंतिम दिन पारंपरिक खिलौने (काष्ठ कला ) का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक गतिविधियों की शुरुआत केरल के पारंपरिक भैरवी कोलम नृत्य से हुई, जिसमें रंगों, लय और भाव-भंगिमाओं के माध्यम से आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का सुंदर समन्वय देखने को मिला।



केरल के भद्रकाली कोट्टायम लोक नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार।

### लयात्मक घूमों और मधुर गीतों से सजी घूमर प्रस्तुति

इसके बाद राजस्थान का प्रसिद्ध घूमर नृत्य भी कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। रंग-बिरंगी घाघरा-चुनरी में सजी महिलाओं ने घूमर की लयात्मक घूमों और मधुर गीतों के साथ राजस्थानी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की, जिसने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया।





### ओडिशा का लोकनृत्य छुटकु छुटा रहा खास

इसके पश्चात ओडिशा का लोकप्रिय लोकनृत्य छुटकु छुटा प्रस्तुत किया गया। इस नृत्य में ग्रामीण जीवन की सादगी, उल्लास और सामूहिकता की भावना को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया। वहीं तमिलनाडु के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत पुलियाट्टम, मायलाट्टम एवं मारट्टम ने कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिया। पुलियाट्टम (बाघ नृत्य) में कलाकारों ने बाघ के रूप में सजकर साहस और शक्ति का प्रदर्शन किया, वहीं मायलाट्टम (मोर नृत्य) में सौंदर्य और लय का अद्भुत संयोजन देखने को मिला।



मानव संग्रहालय में स्थापना दिवस समारोह के अंतिम दिन सांस्कृतिक नृत्य की तैयारी करती कलाकार।

देशभक्ति के रंगों से सराबोर रहा समारोह

## 'अतुल्य भारत' थीम पर सजी नूतन कॉलेज की सांस्कृतिक संध्या

# छात्राओं ने बिखेरे विविधता के रंग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नूतन कॉलेज का वार्षिक उत्सव 'स्वयं प्रभा' सोमवार की शाम सांस्कृतिक विविधता और देशभक्ति के रंगों से सराबोर रहा। जहां 'अतुल्य भारत' थीम पर छात्राओं ने देश की समृद्ध परंपराओं और वेशभूषाओं का मनमोहक प्रदर्शन किया। जब विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में सजी छात्राओं ने मंच पर प्रवेश किया, तो दृश्य अत्यंत आकर्षक और जीवंत हो उठा। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत के हर कोने की झलक को न केवल वेशभूषा से, बल्कि उन राज्यों के लोक नृत्यों को भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में करीब 21 छात्राओं ने प्रस्तुति के माध्यम से देश की विविधता और सांस्कृतिक वैभव को खूबसूरती से दर्शाया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री इन्दर सिंह परमार, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग रहे।

*'स्वयं प्रभा' में सजा अतुल्य भारत, कश्मीर से कन्याकुमारी तक नजर आई देश की विविधता में एकता*



### साहस, जोश और देशभक्ति के भाव पर आधारित 'ऑपरेशन सिंदूर' प्रस्तुति

वहीं, कार्यक्रम की अगली कड़ी में एनसीसी की 28 छात्राओं द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित नृत्य-नाटिका ने भी देशभक्ति और साहस के भाव की जीवंत प्रस्तुति दी, जिसे देख सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पूरे आयोजन में छात्राओं के उत्साह, आत्मविश्वास और प्रस्तुति की भव्यता ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का समापन छात्राओं ने मप्र की जनजातीय संस्कृति पर आधारित कर्मा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से किया।



## सार्थक एप पर सुनिश्चित होगी विद्यार्थियों की उपस्थितिः परमार



मंत्री इन्दर सिंह परमार सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी (नूतन) महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोहः में शामिल हुए।

स्वयं प्रभा 2026 का शुभारम्भ करते हुए उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि हर संस्थान में विद्यार्थियों के वर्ष भर की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के सार्वजनिक प्रकटीकरण का सशक्त मंच है और महाविद्यालय की प्रतिष्ठा के प्रदर्शन का भी यह सुअवसर है। उन्होंने कहा कि सार्थक एप के माध्यम से, प्राध्यापकों की संस्थान में अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है। इस अनुक्रम में विद्यार्थियों की संस्थान परिसर में अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अगले सत्र से, सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी और विद्यार्थियों को अधिकतम उपस्थिति पर क्रेडिट भी दिया जाएगा।

### दुष्यंत संग्रहालय में नाटक 'खिड़की' का मंचन

# 'खिड़की' में दिखी लेखक की कल्पना, प्रेम और अंतर्द्वंद्व की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यंत संग्रहालय में चल रहे समर नाट्य उत्सव 2026 के दूसरे दिन सोमवार को प्रस्तुत नाटक 'खिड़की' ने दर्शकों को एक सूक्ष्म, आत्ममंथनकारी और भावनात्मक अनुभव से रूबरू कराया। विकास बिहारी द्वारा लिखित और अम्बुज ठाकुर के निर्देशन में सादगी थिएटर एंड वेलफेयर सोसाइटी के कलाकारों ने इस नाटक को अत्यंत संवेदनशीलता और कलात्मक संतुलन के साथ मंचित किया। यह प्रस्तुति स्व. समरसेन गुप्ता की स्मृति में कबीला सोसाइटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स द्वारा आयोजित इस उत्सव का महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुई। यह नाटक दर्शकों को सोचने के लिए विवश करता है क्या मनुष्य के अंदर कुछ करने की प्रेरणा बाहर से आती है, या वह पहले से हमारे भीतर मौजूद होती है?



दुष्यंत संग्रहालय में नाटक 'खिड़की' का मंचन करते कलाकार।

### लेखक के अंतर्द्वंद को किया अभिव्यक्त

नाटक न केवल एक कहानी कहता है, बल्कि रचनात्मकता, अकेलेपन और मानवीय संवेदनाओं की जटिलता को गहराई से छूती है। करीब एक घंटे चले इस नाटक की कथा एक ऐसे लेखक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रचनात्मक अवरोध से जूझ रहा है। उसकी कल्पनाशक्ति जैसे कहीं खो गई है और शब्द उससे रूठ गए हैं। यह आंतरिक सूखा उसे भीतर से खोखला करता जाता है। नाटक की विशेषता यह है कि यह बाहरी घटनाओं से अधिक, लेखक के भीतर घट रही प्रक्रियाओं को दृश्य भाषा में अनुवादित करता है। अभिनय की दृष्टि से मुख्य पात्र ने लेखक के अंतर्द्वंद्व को बड़ी सहजता से अभिव्यक्त किया।

### एक प्रतीक के रूप में उभरती है 'खिड़की'

नाटक में मंच सज्जा अत्यंत न्यूनतम रखी गई, जो नाटक के अनुरूप थी। सीमित वस्तुओं के बीच 'खिड़की' एक प्रतीक के रूप में उभरती है। निर्देशक अम्बुज ठाकुर ने इस प्रतीक को अत्यंत प्रभावी ढंग से प्रयोग किया है। खिड़की के पार दिखाई देने वाली लड़की केवल एक पात्र नहीं, बल्कि लेखक की खोई हुई प्रेरणा, उसकी कल्पना और शायद उसके प्रेम का रूपक बन जाती है। प्रकाश और ध्वनि संयोजन ने नाटक की भावभूमि को और सघन बनाया। विशेष रूप से प्रकाश का उपयोग लेखक के मानसिक उतार-चढ़ाव को दर्शाने में प्रभावी रहा।

ग्वालियर में गूंजा भोपाल के सांदीपनि स्कूल का नाम

# सांदीपनि स्कूल के छात्र आराध्य पाराशर ने अंग्रेजी ओलिंपियाड में किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोविंदपुरा, भोपाल के कक्षा पांचवीं के होनहार छात्र आराध्य पाराशर ने ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलिंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और राजधानी का गौरव बढ़ाया है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ ही आराध्य का चयन अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हो गया है, जहां वह प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। ग्वालियर में प्रदेश भर के विद्यार्थियों के बीच आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में आराध्या ने अपनी उत्कृष्ट भाषाई दक्षता और मेधा का परिचय देते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूनम अवस्थी, उपप्राचार्य रेखा श्रीवास्तव एवं आशा रावत ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विद्यालय के नेतृत्व ने संयुक्त रूप से कहा,




यह हमारे संस्थान के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। वर्तमान में 1061 विद्यार्थियों की संख्या वाला हमारा विद्यालय सदैव छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को वैश्विक मंच प्रदान करने के लिए संकल्पित है। आराध्या की इस सफलता के पीछे ओलिंपियाड प्रभारी शिक्षिका ऋतु सक्सैना का कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों का निरंतर सहयोग रहा है।

### अंग्रेजी पर पकड़ की बदौलत मिला यह मुकामः सक्सेना

ओलिंपियाड प्रभारी ऋतु सक्सेना ने आराध्य एक अनुशासित और जिज्ञासु छात्र है, जिसकी अंग्रेजी विषय पर पकड़ ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन द्वारा मेधावी छात्र आराध्य पाराशर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। छात्र के अभिभावकों ने भी विद्यालय की उच्च शिक्षण पद्धति और शिक्षकों के व्यक्तिगत मार्गदर्शन के प्रति गहरा आभार प्रकट किया है।

### माच शैली एवं कर्णप्रिय गीत-संगीत से सजा नाटक शहीद भगत सिंह

# 'शहीद भगत सिंह' के मंचन ने जीवंत की आज़ादी की कहानी



शहीद भवन सभागार में नाटक शहीद भगत सिंह का मंचन करते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्रांतिकारी गतिविधियों के द्वारा देश के युवाओं को भारत को आजाद कराने के लिए प्रेरित करने और 23 वर्ष की उम्र में फांसी का फंदा चूमकर शहीद होने वाले शहीद भगत सिंह का बलिदान देशवासियों को गर्व से भर देता है। संपूर्ण देश में देशभक्ति की अलख जगाने वाले शहीद भगत सिंह के शहीदी दिवस पर सोमवार को शहीद भवन सभागार में नाटक शहीद भगत सिंह का मंचन किया गया।

### भगत सिंह के बलिदान की गाथा का बखूबी मंचन

सांस्कृतिक माच समिति उज्जैन के कलाकारों के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इस नाटक में दिखाया कि कैसे जलियांवाला बाग नरसंहार के पश्चात वहां की मिट्टी शीशी में भरकर लाते हैं एवं उसकी पूजा करते हैं और अंग्रेजों को देश से भगाने का प्रण लेते हैं। अपने मित्रों के साथ ही नगर दल एवं गरम दल के नेताओं से चर्चा कर अंग्रजों से बदला लेने की योजना बनाने, लाला लाजपत राय की मृत्यु का बदला लेते हुए स्कॉट की जगह सांडर्स की हत्या, असेम्बली में बम फेंकना और अंत में स्वयं को गिरफ्तार करवाते हुए हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूमने वाले शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की घटनाओं पर केंद्रित माच शैली में मंचित नाटक एवं कर्णप्रिय गीत-संगीत के माध्यम से शहीद भगत सिंह के बलिदान एवं संघर्ष की गाथा को बखूबी प्रस्तुत किया गया।

### यह एक मंचन नहीं, बल्कि गुरु अलखनंदन और बाबा से मिली रंगमंचीय सीख के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की अभिव्यक्ति है

# रवींद्र भवन में 'रंग जोगी बाबा अलख बनाम महानिर्वाण' नाटक का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंगमंच की परंपरा और गुरु-शिष्य संबंधों की गरिमा को समर्पित नाटक 'रंग जोगी बाबा अलख बनाम महानिर्वाण' का मंचन सोमवार की शाम रविंद्र भवन सभागार में किया गया। सागर गुंचा नटरंग कल्चरल एवं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रस्तुत नाटक में लेखन सतीश आलेकर और बिशना चौहान का रहा, जबकि संगीत बी. वी. कारंत का। नाटक में पुनः संयोजन एवं परिकल्पना की बिशना चौहान की रही। 'रंग जोगी बाबा अलख' एक भावनात्मक और विचारशील प्रस्तुति के रूप में सामने आया। यह केवल एक मंचन नहीं, बल्कि गुरु अलखनंदन और बाबा से मिली रंगमंचीय सीख के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की अभिव्यक्ति के रुप में सामने आया। इस नाट्य प्रयोग में 'महानिर्वाण' को पुनः संयोजन के साथ प्रस्तुत किया गया, जिसे बाबा कारंत ने अभिनीत किया और गुरु अलखनंदन ने निर्देशित।



रविंद्र भवन में नाटक 'रंग जोगी बाबा अलख बनाम महानिर्वाण' का मंचन करते कलाकार।

### 'अलख निरंजन' के उद्घोष से हुई शुरुआत

जहां 'रंग जोगी बाबा अलख' केवल एक नाट्य प्रस्तुति ही नहीं बल्कि उत्तर भारत के ग्रामीण इलाकों में प्रचलित एक पारंपरिक लोक नाट्य और भक्तिपूर्ण गायन शैली भी है। इसमें जोगी (संत) के वेश में कलाकार, गुरु गोरखनाथ का स्मरण करते हुए 'अलख निरंजन' का उद्घोष करते हैं और भजनों के माध्यम से वैराग्य, भक्ति, और सामाजिक सीख देते हैं।



### व्यंग्य का उत्कृष्ट उदाहरण 'महानिर्वाण'

सतीश अलेकर द्वारा लिखित और निर्देशित कालजयी मराठी नाटक 'महानिर्वाण' डार्क कॉमेडी और व्यंग्य का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो मृत्यु और सामाजिक रीति-रिवाजों को अनूठे ढंग से प्रस्तुत करता है। यह नाटक मूल रूप से भाउराव नामक पात्र की मृत्यु के इर्द-गिर्द घूमता है, जो खुद अपनी मृत्यु के बाद की प्रक्रिया (पिंड दान, क्रिया-कर्म) के बारे में बताता है।

### निर्देशकीय

निर्देशक के अनुसार, यह नाटक वर्तमान पीढ़ी के उस दायित्व को भी रेखांकित करता है, जिसमें वे अपने वरिष्ठों से प्राप्त कला और अनुभव को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। यही परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। रंग जोगी बाबा अलख, इसी पवित्र भावना के साथ रचा गया है, जिसमें महानिर्वाण को पूरे सम्मान के साथ पिरोया गया है। यह नाट्य प्रस्तुति गुरु अलखनंदन को समर्पित है, जिनकी उपस्थिति और प्रेरणा कलाकारों के साथ हमेशा बनी रहती है।






## तमिलनाडु चुनाव के लिए मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके ने सीट शेयरिंग पर मुहर लगाई

# अन्नाद्रमुक के साथ हुआ एनडीए का गठबंधन, 27 सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाजपा, पीएमके को 18 और एएमएमके 11 विधानसभाओं में उतारेगी प्रत्याशी

तमिलनाडु में एनडीए गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतर रहा है। दिल्ली से लेकर चेन्नई तक भाजपा ने इस बार अपनी रणनीति बदली है। इतनी बड़ी संख्या में सीटों का मिलना बताता है कि पार्टी अब तमिलनाडु में एक मुख्य खिलाड़ी की भूमिका में है

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में भाजपा के साथ कई दौर की बातचीत के बाद मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके ने सीट शेयरिंग के फॉर्मूले पर मुहर लगा दी है। चेन्नई स्थित पार्टी मुख्यालय में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक- एआईएडीएमके) महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतर रहा है। इस समझौते की सबसे खास बात भाजपा का बढ़ता कद है। समझौते के तहत, भाजपा इस बार 27 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा अब उत्तर के साथ-साथ दक्षिण के किले को भी भेदने के लिए तैयार है। बैठक में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के शीर्ष नेता अंबुमणि रामदास और अम्मा मक्कम मुनेत्र कषगम (एएमएमके) के प्रमुख टीटीबी दिनाकरण मौजूद रहे। दिल्ली से लेकर चेन्नई तक भाजपा ने इस बार अपनी रणनीति बदली है। इतनी बड़ी संख्या में सीटों का मिलना बताता है कि पार्टी अब तमिलनाडु में सिर्फ एक सहयोगी दल नहीं, बल्कि एक मुख्य खिलाड़ी की भूमिका में है।

**भाजपा सहयोगी दल के बजाए मुख्य खिलाड़ी की भूमिका में**

भाजपा अब उत्तर के साथ-साथ दक्षिण के किले को भी भेदने को तैयार



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल एआईएडीएमके नेताओं के साथ गठबंधन की घोषणा करते हुए

**गठबंधन से डीएमके सत्ता से बाहर होगी**

फॉर्मूले के तहत उत्तरी तमिलनाडु में मजबूत पकड़ रखने वाली पीएमके को 18 सीटें दी गई हैं। वन्नियार समुदाय के वोट बैंक को साधने के लिए पीएमके का साथ होना गठबंधन के लिए संजीवनी माना जा रहा है। इस बार एएमएमके को 11 सीटें दी गई हैं। तमिलनाडु में विधानसभा की कुल 234 सीटें हैं। पलानीस्वामी ने कहा कि यह गठबंधन डीएमके सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए बनाया गया है।

## बंगाल में पीएम मोदी की 14, शाह की 8 रैली होंगी

पश्चिम बंगाल में जीत के लिए भाजपा ने मास्टरप्लान तैयार कर लिया है। इस बार पश्चिम बंगाल में पीएम मोदी 14 रैली करेंगे। इसकी शुरुआत सिलीगुड़ी से होगी।



वहीं, पीएम की बंगाल में आखिरी रैली भवानीपुर में होगा। यह दक्षिण कोलकाता की सबसे चर्चित सीट है। यहां सीएम ममता बेनर्जी और विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के बीच सीधा मुकाबला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कुल 8 कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 7 जनसभाओं को और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 6 जनसभाओं में जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 28 मार्च को भाजपा का घोषणापत्र यानि संकल्प पत्रजारी करेंगे।

## जोरहाट से गौरव गोगोई ने नामांकन पत्र दाखिल किया

कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने जोरहाट विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। गोगोई राज्य विधानसभा चुनाव में पहली बार किस्मत आजमा रहे हैं।



लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गोगोई ने जोरहाट स्टेडियम से रैली शुरू करने से पूर्व विभिन्न धार्मिक स्थलों का दौरा किया। लगभग तीन घंटे बाद इस रैली का समापन जिला आयुक्त कार्यालय पर हुआ। जोरहाट से सांसद गोगोई ने नजीर अली क्षेत्र स्थित अपने पैतृक आवास का भी दौरा किया और अपने पिता एवं असम के पूर्व सीएम तरुण गोगोई की तस्वीर के समक्ष खड़े होकर प्रार्थना की तथा श्रद्धांजलि दी।

## चुनाव आयोग ने डिजिटल वाउचर जारी किए, हर दल को 45 मिनट

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने दूरदर्शन और आकाशवाणी पर निःशुल्क प्रसारण और टेलीकास्ट समय के आवंटन के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर की मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों को




डिजिटल वाउचर जारी किए हैं। यह व्यवस्था लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 39ए के तहत लागू की गई है। प्रत्येक चरण में उम्मीदवारों की सूची जारी होने की तिथि से लेकर मतदान से दो दिन पहले तक प्रसारण और टेलीकास्ट की अवधि तय की जाएगी। इस योजना के तहत दूरदर्शन और आकाशवाणी दोनों पर प्रत्येक पार्टी को 45 मिनट का आधार समय निःशुल्क दिया जाएगा। यह समय राज्य के क्षेत्रीय नेटवर्क पर सभी दलों को समान रूप से उपलब्ध कराया जाएगा।

## जेएमएम ने जारी की 21 प्रत्याशियों की सूची

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने भी असम चुनाव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है। जेएमएम ने 21 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी के



महासचिव विनोद कुमार पांडे ने बताया कि जेएमएम पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतर रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो क्षेत्रीय पार्टी की छवि को मिटाकर एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में उभरना चाहता है।

## सीएम विजयन बोले- विकास, जनकल्याण एलडीएफ के मुख्य मुद्दे



केरल के सीएम पिनराई विजयन ने कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) राज्य को विकास के अगले स्तर पर ले जाने के उद्देश्य से नया जनादेश मांग रहा है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव लोगों के लिए एकजुट होने का एक ऐतिहासिक अवसर है, ताकि धर्मनिरपेक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखते हुए प्रगति और कल्याण की निरंतरता सुनिश्चित की जा सके। विकास और जन कल्याण वे मुख्य मुद्दे हैं जिन्हें हम जनता के समक्ष रख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दक्षिणपंथी ताकतें झूठ फैलाकर और सांप्रदायिक कार्ड खेलकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं। विजयन ने कांग्रेस और भाजपा पर कॉरपोरेट का पक्ष लेने का आरोप भी लगाया।

## खबर संक्षेप

### पंजाब के पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर अरेस्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य भंडारण निगम के एक अधिकारी को



आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी राज्य के पूर्व मंत्री एवं आम आदमी पार्टी के विधायक लालजीत सिंह भुल्लर को गिरफ्तार कर लिया गया। जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने उन पर आरोप लगाए थे।

### आर्यन खान को बख्शने के लिए रिश्वत नहीं मांगी

**मुंबई।** मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई जोन के पूर्व



निदेशक समीर वानखेड़े ने मुंबई उच्च न्यायालय में कहा कि उन्होंने अभिनेता शाहरुख खान से उनके बेटे आर्यन खान को मादक पदार्थ मामले में राहत देने के लिए कभी कोई रिश्वत नहीं मांगी और न ही ली।

### 'खीर सेरेमनी' के साथ दिल्ली में बजट सेशन शुरू

**बेंगलुरु।** 'खीर सेरेमनी' के साथ दिल्ली में बजट सेशन का शुभारंभ



हुआ। रेखा गुप्ता ने स्कूली छात्राओं को खीर परोसी और आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 जारी किया। प्रति व्यक्ति आय 5.31 लाख रुपए से अधिक रहने का अनुमान है जो जो पिछले साल से 7.92% अधिक है।

## लोकसभा सीटें 50% बढ़ेंगी, महिलाओं को मिलेगा 33% रिजर्वेशन

# संशोधन बिल लाने की तैयारी में सरकार, इसी सत्र में पेश होगा, शाह की विपक्षी दलों से चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिलाओं को आरक्षण देने के लिए सरकार अब संसद में संशोधन विधेयक लाएगी। इस बिल में लोकसभा सीटों के परिसीमन और सीटें बढ़ाने के लिए 2011 की जनगणना को ही आधार मानने का प्रावधान किया जाएगा। यह संशोधन विधेयक पारित होने के बाद नए परिसीमन में लोकसभा की सीटें 543 से बढ़कर 816 हो जाएंगी। 816 सदस्यों वाली लोकसभा में 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। बता दें, नारी शक्ति वंदन अधिनियम जो संसद के दोनों सदनों से पारित हुआ था, उसमें यह प्रावधान था कि यह नई जनगणना और परिसीमन के बाद लागू होगा।

अब सूत्रों का कहना है कि सरकार इस हफ्ते नारी शक्ति अभिनंदन अधिनियम बिल में संशोधन लेकर आएगी। बता दें कि मूल कानून में यह शर्त थी कि महिला आरक्षण तभी लागू होगा, जब नई जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। अब सरकार इस शर्त को संशोधित कर जल्द से जल्द कानून लागू करने के विकल्प तलाश रही है।

इस बिल में लोकसभा सीटों के परिसीमन और सीटें बढ़ाने के लिए 2011 की जनगणना को ही आधार मानने का प्रावधान किया जाएगा। यह संशोधन विधेयक पारित होने के बाद नए परिसीमन में लोकसभा की सीटें 543 से बढ़कर 816 हो जाएंगी

**816** होंगे लोकसभा सांसद

**273** सीटें महिलाओं के लिए



संसद भवन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फाइल फोटो

### 50 प्लस 33 का एक मास्टर फॉर्मूला तैयार

सरकार ने 50+33 का एक मास्टर फॉर्मूला तैयार किया है। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। नए प्रस्ताव के तहत 50% वृद्धि के बाद यह संख्या बढ़कर लगभग 816 हो जाएगी। इन 816 सीटों में से 33% यानी एक तिहाई करीब 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इस पूरी प्रक्रिया के लिए अब अगली जनगणना का इंतजार नहीं किया जाएगा, बल्कि 2011 की जनगणना के आधार पर ही परिसीमन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। साल 2029 का लोकसभा चुनाव इसी नए बिल और नई परिसीमन व्यवस्था के आधार पर लड़ा जाएगा।

### सीसीपीए में दिया था जोर

हाल ही में संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीपीए) की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने 2029 तक महिला आरक्षण को हर हाल में लागू करने के अपने विजन पर जोर दिया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के कई बड़े नेताओं को इस प्रस्तावित रोडमैप की जानकारी दी है। विपक्ष सैद्धांतिक तौर पर महिला आरक्षण का समर्थन करता रहा है, लेकिन सीटों के बंटवारे और परिसीमन को लेकर सर्वसम्मति बनाने के लिए बातचीत का दौर जारी है।

### दो-तिहाई समर्थन जरूरी

अगर सरकार परिसीमन से पहले महिला आरक्षण लागू करना चाहती है तो इसके लिए संविधान में संशोधन करना होगा। इसके तहत संसद के दोनों सदनों में बहुमत आवश्यक होगा, जिसमें उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों में दो-तिहाई समर्थन जरूरी है। यह प्रक्रिया भारतीय संविधान का अनुच्छेद 368 के तहत पूरी की जाएगी।

### लॉटरी सिस्टम से तय होंगी सीटें

यह तय करने के लिए कि कौन सी सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होगी, 'ड्रॉ ऑफ लॉट्स' (लॉटरी सिस्टम) का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे रोटेशन और निष्पक्षता बनी रहेगी।

### कर और अर्थव्यवस्था पर होगा बड़ा असर
### लोकसभा में पेश किया वित्त विधेयक 2026

वित्त मंत्री ने कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 को भी लोकसभा में पेश किया, और निचले सदन ने इसे आगे की



जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेजने की मंजूरी दे दी। इससे केंद्रीय बजट 2026-27 में पेश किए गए प्रस्तावों को कानूनी ढांचा मिलेगा। पारित होने के बाद, घोषित आयकर दरों, सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क में परिवर्तन प्रभावी हो जाएंगे। विधेयक का उद्देश्य एलएलपी अधिनियम, 2008 और कंपनी अधिनियम, 2013 में संशोधन करना है।

### पीएम ने कुछ नया नहीं कहा संसद में हो चर्चाः प्रियंका

प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम नरेंद्र मोदी के पश्चिम एशिया पर दिए गए बयान को लेकर



सवाल उठाए हैं और संसद में इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की मांग की है। प्रियंका गांधी ने कहा कि पीएम ने कोई नई बात नहीं कही। देश को सिर्फ जानकारी दी गई, लेकिन इस गंभीर मुद्दे पर सभी पक्षों की राय सामने आनी चाहिए।

## राहुल ने भाजपा पर साधा निशाना

# आदिवासियों को 'वनवासी' कहना संविधान का अपमान



एजेंसी ▶▶ वडोदरा

गुजरात दौरे पर गए कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। वडोदरा में आयोजित आदिवासी अधिकार संविधान सम्मेलन में राहुल गांधी ने यह भी कहा कि आदिवासियों को वनवासी कहना संविधान और आदिवासी नेता बिरसा मुंडा का अपमान है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल आदिवासी समाज की पहचान को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की विरासत और उनके विचारों पर हमला किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ लोग संविधान की बात करते हैं, लेकिन वही लोग आदिवासियों के अधिकारों को कमजोर कर रहे हैं।

### संविधान सिर्फ किताब नहीं

सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा कि संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है, बल्कि यह देश की सोच और हर नागरिक के अधिकारों की गारंटी है, जिसमें हजारों साल पुराने विचार शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम नरेंद्र मोदी समेत भाजपा के नेता एक तरफ महान नेताओं की मूर्तियों के सामने सम्मान दिखाते हैं, लेकिन दूसरी तरफ आदिवासियों के अधिकारों को कमजोर करते हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आदिवासियों को वनवासी कहना उनकी पहचान पर हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी जमीन, जल और जंगल छीनकर कॉर्पोरेट्स को दिए जा रहे हैं, जो संविधान और बिरसा मुंडा के आदर्शों के खिलाफ है। राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते को लेकर कहा कि पहली बार भारत का कृषि क्षेत्र अमेरिकी उत्पादों के लिए खोल दिया गया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि इस फैसले से देश के किसानों पर असर पड़ सकता है।

### जंतर-मंतर प्रदर्शन केस में ट्रायल पर रोक

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी है, जिसमें चार्जशीट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, अखिलेश यादव, डीएमके नेताओं कनिमोझी, ए. राजा, सीवीएमपी एझिलारासन समेत अन्य के नाम शामिल हैं। यह मामला फरवरी 2025 में जंतर-मंतर पर यूजीसी के ड्राफ्ट दिशानिर्देशों के खिलाफ कथित रूप से बिना अनुमति आयोजित किए गए प्रदर्शन से जुड़ा है। डीएमके नेता सीवीएमपी एझिलारासन ने एफआईआर रद्द करने की मांग की है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद मामला राउज एवेन्यू कोर्ट में लंबित है, हालांकि अभी तक अदालत ने संज्ञान नहीं लिया है।

## एलपीजी मुद्दा चिंता का विषय, लेकिन अफवाहों से बचें लोग, सिलेंडर की घर पर होगी डिलीवरी

### तेल रिफाइनरियां अपने उच्चतम स्तर के साथ काम कर रहीं

# पैनिक बुकिंग में गिरावट, केंद्र ने राज्यों के लिए किया 50% अतिरिक्त एलपीजी का आवंटनः सुजाता शर्मा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (तेल रिफाइनरी-मार्केटिंग) सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत की



सभी तेल रिफाइनरियां अपनी उच्चतम क्षमता के साथ उत्पादन कर रही हैं। रिटेल आउटलेट पर कमी की कोई शिकायत नहीं मिली है। प्राकृतिक गैस के संबंध में घरेलू उपभोक्ताओं तक 100% की गैस सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए कमर्शियल एलपीजी का आवंटन बढ़ाकर अब 50% कर दिया है। अभी तक 20 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने कमर्शियल एलपीजी का आवंटन किया है। लगभग 15,800 टन कमर्शियल एलपीजी वितरित की गई है।

### 550 से अधिक एफआईआर, 150 से अधिक गिरफ्तार

सुजाता शर्मा ने कहा कि जमाखोरी, कालाबाजारी रोकने के लिए केंद्र लगातार राज्य सरकारों से अनुरोध कर रहा है। 32 राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों ने कंट्रोल रूम बनाए हैं और जिला स्तरीय समितियां गठित की हैं। बीते कुछ दिनों में लगभग 35 हजार छापे मारे गए हैं। 550 से ज्यादा एफआईआर हुई हैं और 150 ज्यादा गिरफ्तारियां की गई हैं। हमारी तेल कंपनियों ने औचक निरीक्षण भी किए हैं और लगभग 234 डिस्ट्रीब्यूटरों को कारण बताओ नोटिस दिया है।

### साढ़े तीन लाख पीएनजी कनेक्शन दिए

उन्होंने कहा कि ग्रिड से जुड़े हुए औद्योगिक और कमर्शियल उपभोक्ताओं को उनके औसत उपभोग की 80 फीसदी एलपीजी दी जा रही है। सरकार ने सीजीडी इकाइयों को कमर्शियल कनेक्शनों को प्राथमिकता के तहत पूरा करने की सलाह दी है। पीएनजी नेटवर्क विस्तार के लिए अतिरिक्त 10 फीसदी एलपीजी देने की बात भी कही है। इन सभी प्रयासों के तहत बीते 3 सप्ताह में साढ़े तीन लाख पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं। एलपीजी की सप्लाई अभी भी सरकार के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। किंतु डिस्ट्रीब्यूटरों के पास कमी की कोई शिकायत नहीं है। देश में एलपीजी की पैनिक बुकिंग घटी है और डिलीवरी सामान्य है।

### रेस्तरां, ढाबा, होटल में दें पीएनजी गैस


सुजाता ने कहा कि राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों को केंद्र द्वारा अतिरिक्त 10% कमर्शियल एलपीजी देने की बात कही गई है, अगर वो पीएनजी विस्तार नेटवर्क में सहयोग देते हैं। आदेश में केंद्र ने राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों से कहा है कि वह अपने यहां इस 50 फीसदी गैस का वितरण रेस्तरां, ढाबा, होटल, औद्योगिक कैंटीन, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी यूनिट्स, सब्सिडाइज कैंटीन और आउटलेट्स, सामुदायिक किचन के लिए करेंगे। इसके अलावा प्रवासी मजदूरों को 5 किलोग्राम एफटीएल सिलेंडर भी प्रदान करेंगे।

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च की तीन बड़ी पहल

# एआई कौशल और डिजिटल कंटेंट को मिलेगा बढ़ावा, गूगल और यूट्यूब के साथ 'समझौता'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सुलभ प्रौद्योगिकी और मजबूत डिजिटल कंटेंट इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन नई पहलों का अनावरण किया। इन पहलों में एआई कौशल प्रशिक्षण, लोगों के लिए कंटेंट प्लेटफॉर्म और टीवी देखने की सुविधा को आसान बनाना शामिल है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गूगल और यूट्यूब के साथ साझेदारी में 15,000 रचनाकारों और मीडिया पेशेवरों के लिए राष्ट्रीय एआई कौशल प्रशिक्षण पहल शुरू की है। जो 23 मार्च से 30 जून तक चलेगा।



### 'मायवेव्स' फीचर लॉन्च

मंत्रालय ने वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म के तहत 'मायवेव्स' फीचर लॉन्च किया है। यह एक यूजर-जनरेटेड कंटेंट प्लेटफॉर्म है, जहां लोग अपनी सामग्री बना, अपलोड और साझा कर सकेंगे। यह प्लेटफॉर्म शॉर्ट वीडियो, वर्टिकल वीडियो और एपिसोडिक कंटेंट जैसे कई फॉर्मेट को सपोर्ट करेगा।

### डीडी फ्री डिश देखने सेटटॉप बॉक्स जरूरी नहीं

सरकार ने टीवी देखने के अनुभव को सरल बनाने के लिए बिल्ट-इन सैटेलाइट ट्यूनर वाले टीवी और नया उन्नत प्रोग्राम गाइड (ईपीजी) भी पेश किया है। अब दर्शकों को डीडी फ्री डिश चैनल देखने के लिए अलग से सेटटॉप बॉक्स की जरूरत नहीं होगी। इससे अतिरिक्त खर्च, वायरिंग और कई रिमोट के झंझट से राहत मिलेगी।

## ईरान के द्वीपों पर अमेरिकी सैनिकों के कब्जे की बढ़ी आशंका

ईरान अमेरिका से चल रहा दो कदम आगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को ऊर्जा आपूर्ति के लिए फिर से खोलने की कोशिश कर रहा है, जो फारस की खाड़ी का संकरा प्रवेश द्वार है। इस मिशन को समर्थन देने के लिए अमेरिकी मरीन नौसैनिक ईरान के द्वीपों या उसके तटीय क्षेत्रों पर कब्जा करने के लिए उतर सकते हैं। ईरान की रक्षा परिषद ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर जमीनी आक्रमण हुआ, तो वह पूरे फारस की खाड़ी में समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछा सकता है। रक्षा परिषद का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब तेहरान में इस बात को लेकर चिंता बढ़ रही है कि अमेरिकी मरीन नौसैनिक क्षेत्र में तैनात किए जा सकते हैं। रक्षा परिषद ने कहा, दुश्मन द्वारा ईरान के तटों या द्वीपों को निशाना बनाने का कोई भी प्रयास स्वाभाविक रूप से और स्थापित सैन्य प्रथाओं के अनुसार फारस की खाड़ी और तटीय इलाकों में पहुंच के सभी मार्गों को बारूदी सुरंगों से भर देने का कारण बनेगा। ईरान ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उसके बिजली संयंत्रों पर बमबारी करने की अपनी धमकी पर अमल करते हैं, तो वह पूरे मध्य पूर्व में बिजली संयंत्रों पर हमला करेगा। तेहरान की इस धमकी से खाड़ी अरब देशों में बिजली और पानी दोनों की आपूर्ति खतरे में पड़ गई है, खासकर तब जब इन रेगिस्तानी देशों में बिजली संयंत्रों के साथ-साथ खारे पानी को मीठा करने वाले संयंत्र भी हैं, जो पीने के पानी की आपूर्ति के लिए बेहद जरूरी हैं। इस धमकी के बाद ईरान की अर्ध-सरकारी एजेंसी ने ऐसे संयंत्रों की एक सूची प्रकाशित की, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात का परमाणु ऊर्जा संयंत्र भी शामिल है। पिछले दिन ईरान ने इजराइल के डिमोना को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं, जो उसके लंबे समय से संदिग्ध परमाणु हथियार कार्यक्रम के लिए सबसे अहम केंद्र के पास स्थित है। हालांकि, हमले में इजराइली संयंत्र को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।



# ईरान की अमेरिका को दो टूक, कहा- जमीनी हमला किया तो फारस की खाड़ी में बिछा देंगे बारूदी सुरंगें

एआई इमेज

## दो जहाजों ने होर्मुज किया पार, भारतीय टैंकरों का आना शुरू



पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच भारत के लिए राहत की खबर सामने आ रही है। शिप ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, दो भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत ने होर्मुज को सुरक्षित पार कर लिया है। सोमवार दोपहर ये दोनों जहाज ईरान के लारक और केश्म द्वीपों के बीच देखे गए, जहां वे संभवतः ईरानी अधिकारियों को अपनी पहचान स्पष्ट कर रहे थे। ये दोनों जहाज उन 22 भारतीय जहाजों में शामिल थे, जो पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण लगभग बंद हो चुके होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए थे। यह जलमार्ग ईरान और ओमान के बीच स्थित है और खाड़ी देशों से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस आपूर्ति का प्रमुख रास्ता है।

### जहाज 92,712 टन एलपीजी लेकर आए

इससे पहले भी भारत के कुछ जहाज सुरक्षित बाहर निकल चुके हैं। एलपीजी टैंकर एमटी शिवालिक 16 मार्च को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पहुंचा, जबकि एमटी नंदा देवी 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पहुंची। दोनों जहाज करीब 92,712 टन एलपीजी लेकर आए थे, जो देश की लगभग एक दिन की घरेलू गैस खपत के बराबर है। इसी क्रम में जग लाडकी नामक भारतीय तेल टैंकर, जो यूएई से 80,886 टन कच्चा तेल लेकर आ रहा था, 18 मार्च को मुंद्रा पहुंच गया। वहीं जग प्रकाश नामक टैंकर ओमान से पेट्रोल लेकर अफ्रीका के लिए सुरक्षित रूप से हॉर्मुज पार कर चुका है और तंजानिया की ओर बढ़ रहा है।

### 24 में से 22 जहाज पश्चिमी हिस्से में फंसे

युद्ध की शुरुआत में कुल 28 भारतीय जहाज इस क्षेत्र में मौजूद थे, जिनमें 24 जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से और चार पूर्वी हिस्से में थे। बीते दिनों दोनों ओर से दो-दो जहाज सुरक्षित निकल चुके हैं, लेकिन अभी भी 24 में से 22 जहाज पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए हैं, जिन पर 611 नाविक सवार हैं, जबकि दो जहाज पूर्वी हिस्से में हैं। फंसे हुए जहाजों में विविध प्रकार के पोत शामिल हैं छह एलपीजी टैंकर (जिनमें से दो अब रवाना हो चुके हैं), एक एलएनजी टैंकर, चार कच्चा तेल टैंकर, एक केमिकल टैंकर, तीन कंटेनर जहाज, दो बल्क कैरियर, एक ड्रेजर, एक खाली जहाज और तीन जहाज ड्राई डॉक में मरम्मत के लिए हैं। वैश्विक स्तर पर भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। करीब 500 टैंकर अभी भी पर्शियन (अरब) गल्फ में फंसे हुए हैं, जिनमें 108 कच्चे तेल के टैंकर, 166 ऑयल प्रोडक्ट टैंकर, 104 केमिकल/प्रोडक्ट टैंकर, 52 केमिकल टैंकर और 53 अन्य प्रकार के टैंकर शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, ईरान कुछ जहाजों को सत्यापन प्रक्रिया के बाद ही हॉर्मुज से गुजरने की अनुमति दे रहा है। इसके तहत जहाजों की मालिकी, कार्गो और गंतव्य की जांच की जा रही है। कुछ जहाज लारक-केश्म चैनल के रास्ते हल्का मार्ग बदलकर भी निकल रहे हैं, जो इस सत्यापन प्रक्रिया का हिस्सा माना जा रहा है।

### भारत के लिए महत्वपूर्ण है होर्मुज

भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य बेहद अहम है। देश अपनी जरूरत का करीब 88 फीसदी कच्चा तेल, 50 फीसदी प्राकृतिक गैस और 60 फीसदी एलपीजी आयात करता है। युद्ध से पहले भारत के आधे से ज्यादा कच्चे तेल का आयात सऊदी अरब, इराक और यूएई जैसे खाड़ी देशों से होता था, जो इसी मार्ग पर निर्भर हैं।हालांकि कच्चे तेल की आपूर्ति को रूस, अमेरिका, पश्चिम अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे वैकल्पिक स्रोतों से कुछ हद तक संतुलित किया गया है, लेकिन गैस और एलपीजी की सप्लाई प्रभावित हुई है। इसका असर औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं पर साफ दिख रहा है।

**यूरोप में हलचल तेज, बैठक में ही लगने लगे आरोप**

## रूस के नाम पर नाटो में कलह, हंगरी पर जासूसी का आरोप



एआई इमेज

यूरोपियन यूनियन के देशों में रूस के चलते मतभेद पैदा हो गए हैं। यूरोपियन यूनियन को आशंका है कि हंगरी की ओर से संवेदनशील जानकारियां रूस को लीक की जा रही हैं। इसके चलते हंगरी से यूरोपीय संघ के दूसरे देश दूरी बरत रहे हैं। यह पूरा मामला तब शुरू हुआ, जब पोलैंड के प्राइम मिनिस्टर डोनाल्ड टस्क ने आशंका जताई कि हंगरी की विक्टर ओरबान की सरकार की ओर से जरूरी जानकारियां रूस के साथ शेयर की जा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक यूरोपीय संघ ने ऐसी आशंकाओं को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन संघ के दूसरे देश चुपचाप ही दूरी बरतने में जुटे हैं। हंगरी की सरकार का कहना है कि यह पूरा मामला उनके देश में होने वाले चुनाव से जुड़ा है। हंगरी में 12 अप्रैल को संसदीय चुनाव होने वाले हैं। पोलैंड के प्राइम मिनिस्टर डोनाल्ड टस्क ने कहा, यह खबर आना कि ओरबान के लोग मॉस्को के साथ जानकारी शेयर कर रहे हैं। इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं है। ऐसा संभव है कि यूरोपियन यूनियन की बैठकों के बारे में जानकारी मॉस्को को दी जा रही हो।' डोनाल्ड टस्क के इस दावे पर हंगरी इसलिए सवाल उठा रहा है क्योंकि उसका कहना है कि पोलैंड के पीएम उनके यहां के विपक्षी नेताओं का समर्थन करते हैं। यही नहीं डोनाल्ड टस्क ने जवाब देते हुए यहां तक कहा कि हमें तो उनकी ही मंशा पर संदेह है। दरअसल इस मामले ने जोर तब पकड़ा, जब शनिवार को वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि ओरबान की सरकार के मॉस्को के साथ करीबी संबंध हैं। यही नहीं दावा किया गया कि हंगरी के विदेश मंत्री पीटर जिजारतो अकसर यूरोपियन यूनियन की मीटिंग्स में ब्रेक लिया करते थे। इस दौरान समय निकालकर वह रूस के विदेश मंत्री सेरजेई लावरोव से बात करते थे।

## 55 साल का सबसे बड़ा तेल संकटः आईईए चीफ



दुनिया में चल रहे दो युद्धों ने 55 साल का सबसे बड़ा तेल संकट पैदा कर दिया है। इन युद्धों के चलते एक ऐसा मर्ज आ गया है, जिसका कोई इलाज नहीं है। यह बात अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख फातिह बिरोल ने सोमवार को कही। बिरोल ने कहा कि पश्चिम एशिया का यह संकट 1970 के दशक के दो तेल संकटों और रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान गैस बाजारों पर पड़े प्रभाव से भी अधिक गंभीर असर डाल रहा है।

### नौ देशों के 40 ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर असर

बिरोल ने बताया कि इस पूरे क्षेत्र में नौ देशों के 40 ऊर्जा प्रतिष्ठान गंभीर या बेहद गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने यह भी कहाकि वह यूरोप और एशिया की सरकारों के साथ तेल भंडार को मुहैया करने की संभावना पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। उन्होंने कहाकि हम बाजार की स्थिति पर नजर रखेंगे। अगर आवश्यकता पड़ी, तो हम निश्चित रूप से कदम उठाएंगे, लेकिन पहले हम हालात का विश्लेषण करेंगे और सदस्य देशों के साथ चर्चा करेंगे।

## ईरान युद्ध के बीच मोसाद चीफ से नाराज हैं नेतन्याहू, रिपोर्ट पर बिगड़ी बात



*पश्चिम एशिया की जंग लगातार उलझती जा रही है। कुछ दिनों में ईरान की सत्ता परिवर्तन का सपना देखकर युद्ध में कूदे इजराइल और अमेरिका अब मदद के लिए दूसरे देशों की तरफ देख रहे हैं। इसी बीच दावा किया जा रहा है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपनी खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख से नाराज चल रहे हैं। दरअसल, युद्ध शुरू करने से पहले मोसाद चीफ ने नेतन्याहू को एक रिपोर्ट दी थी कि अगर ईरान की सत्ता को कमजोर कर दिया जाता है, तो वहां दंगा भड़काकर इस्लामिक सत्ता को पलटा जा सकता है। लेकिन अब तीन हफ्ते बाद भी ऐसा संभव नहीं हो पाया है। रिपोर्ट के मुताबिक मोसाद की तरफ से रखी गई इस रिपोर्ट के आधार पर ही नेतन्याहू ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मिलकर ईरान पर हमला करने की योजना तैयार की थी। दोनों राष्ट्राध्यक्षों को यह रिपोर्ट इसलिए भी सही लगी थी क्योंकि उस समय तक ईरान में खामेनेई के खिलाफ बड़े आंदोलन हो चुके थे। इजराइली अखबार के मुताबिक, मोसाद की तरफ से इस रिपोर्ट को लेकर खुद मोसाद चीफ डेविड बार्निया नेतन्याहू के पास पहुंचे थे, इसमें दावा किया गया था कि ईरान के शीर्ष नेताओं को खत्म करने के बाद एजेंसी दंगों और विरोध प्रदर्शनों को भड़काकर बड़े पैमाने पर अस्थिरता पैदा कर सकती है। यह योजना व्हाइट हाउस को भी बताई गई थी। पिछले सामने आई एक रिपोर्ट के मुताबिक सीआईए ने भी इस रिपोर्ट पर अपनी सहमति दी थी। इसके बाद भी 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। रिपोर्ट के आधार पर ही राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने पहले ही भाषण में ईरान की जनता को संबोधित करते हुए कानून को अपने हाथ में लेकर सड़कों पर उतरने का आह्वान किया, नेतन्याहू ने भी ईरान की जनता को इस्लामिक सत्ता को उखाड़ फेंकने के लिए कहा। हालांकि, बड़े हमलों के बाद भी ईरान में कोई आंदोलन नहीं हुआ। अब अमेरिकी और इजराइली अधिकारी भी इस बात को स्वीकार कर रहे हैं, कि सत्ता परिवर्तन करना इतना आसान नहीं है। दोनों देश ईरान के कमजोर होने की संभावना पर चल रहे थे, लेकिन वह और मजबूत होकर सामने आया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान के भीतर अलग-अलग धार्मिक गुटों में टकराव हो सकता है, लेकिन उससे लोकतांत्रिक सरकार बनने की संभावना बहुत कम है। साथ ही, कुर्द मिलिशिया के सहयोग से सरकार गिराने की उम्मीद भी पूरी नहीं हुई। अब, जबकि तीन हफ्ते बाद भी ऐसा कोई बड़ा आंदोलन खड़ा नहीं हुआ है।*

## खबर संक्षेप

### वायुसेना का विमान क्रैश 57 को जिंदा निकाला




**बोगोटा।** कोलंबिया में सोमवार को वायुसेना का एक सैन्य विमान उड़ान भरते समय क्रैश हो गया। विमान में 110 कोलंबियाई सैनिक सवार थे। हादसा पेरू सीमा के पास दक्षिणी अमेजन क्षेत्र के प्यूर्टो लेगुइजामो में हुआ। मिली जानकारी के अनुसार 57 सैनिकों को जिंदा बचाया गया है। अभी तक यह साफ नहीं है कि हादसे में कितने लोग घायल हुए या उनकी मौत हुई है। राहत और बचाव टीमों को मौके पर भेजा गया है।

### नेपाल के बाझंग में 4.1 तीव्रता का आया भूकंप



**काठमांडू।** नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत में सोमवार की दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसकी तीव्रता 4.1 मापी गयी। भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, सोमवार को दोपहर 1:14 बजे झटके लगे। बाझंग के पड़ोसी जिले बाजुरा और बैताडी समेत पड़ोसी जिलों के निवासियों ने भी भूकंप का झटका महसूस किया।

### मिसाइल का मलबा गिरने से एक भारतीय घायल



**दुबई।** अबूधाबी के अल शवामेख इलाके में हवा में मार गिराई गई मिसाइल का मलबा गिरने से एक भारतीय नागरिक मामूली रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हवाई रक्षा प्रणाली ने आती हुई मिसाइल पर हमला किया, जिसके बाद आपात टीमों ने कदम उठाया।

### भारत की अगली पीढ़ी की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सुखोई-30एमकेआई बेड़े में होगी शामिल

# बड़ी उपलब्धिः हाई-स्पीड और लंबी दूरी तक सटीक निशाना लगाने में भी है माहिर

*डीआरडीओ को भारत की उन्नत स्वदेशी स्टैंडऑफ स्ट्राइक क्षमताओं की खोज में बड़ी सफलता मिली है। लॉन्ग रेंज एयर-टू-सरफेस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल (एलआरए एसएससीएम) के लिए मंजूरी मिल गई है*

लॉन्ग रेंज एयर-टू-सरफेस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल

सुखोई की बड़े स्टैंडऑफ हथियार ले जाने की क्षमता




ये हैं ब्रह्मोस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत अपने एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत बना रहा है। इसी क्रम में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ( डीआरडीओ ) को भारत की उन्नत स्वदेशी स्टैंडऑफ स्ट्राइक क्षमताओं की खोज में एक बड़ी सफलता मिली है। इसके तहत लॉन्ग रेंज एयर-टू-सरफेस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल (एलआरए एसएससीएम) के लिए मंजूरी मिल गई है। यह लंबी दूरी तक मार करने वाली क्रूज मिसाइल है। डीआरडीओ के चेयरमैन समीर वी. कामत ने इस साल की शुरुआत इस संबंध ऐलान किया था। इससे इंडियन एयरफोर्स हाई-स्पीड और लंबी दूरी तक सटीक निशाना साधने में सक्षम बनेगी। इसे एक अहम कदम माना जा रहा है। इसे ऐसे डिजाइन किया गया है जिससे जमीन और समुद्री लक्ष्यों को दूर से ही निशाना बनाया जा सके। डिफेंस पोर्टल के मुताबिक एलआरएएसएससीएम को सबसे पहले सिर्फ वायुसेना के सुखोई 30 एमकेआई बेड़े में ही शामिल किया जाएगा। इसमें भारी पेलोड ले जाने की क्षमता, लंबी रेंज और ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल जैसे आधुनिक हथियारों के साथ साबित हुई है। सुखोई की बड़े स्टैंडऑफ हथियार ले जाने की क्षमता इसे एलआरए एसएससीएम के कैरिज ट्रायल, सेपरेशन टेस्ट और आखिरकार ऑपरेशनल तैनाती के लिए सबसे बेहतरीन शुरुआती प्लेटफॉर्म बनाती है।

#### क्रूज मिसाइल की खासियत

*लॉन्ग रेंज एयर-टू-सरफेस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल (एलआरए एसएससीएम) अपनी सुपरसोनिक क्रूज परफॉर्मेंस के लिए खास तौर पर जाना जाता है। इसे संभवतः रैमजेट प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी से पावर मिलती है, जो ब्रह्मोस परिवार में पहले ही साबित हो चुकी है। सबसोनिक क्रूज मिसाइलों के उलट यह नया सिस्टम अपनी पूरी उड़ान के दौरान अपनी तेज रफ्तार बनाए रखती है। इससे दुश्मन को प्रतिक्रिया देने का समय कम मिलता है और आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम्स के खिलाफ इसकी अचूक मारक क्षमता बढ़ जाती है। इसकी सटीक स्पेसिफिकेशन्स अभी भी गोपनीय हैं। उम्मीद है कि यह मिसाइल मौजूदा एयर-लॉन्च विकल्पों की तुलना में कहीं ज्यादा दूरी तक मार कर सकेगी। इसकी मारक क्षमता सैकड़ों किलोमीटर तक हो सकती है, जिससे लॉन्च प्लेटफॉर्म को सीमावर्ती खतरों के संपर्क में लाए बिना ही दुश्मन के अंदरूनी इलाकों में गहरे हमले किए जा सकेंगे।*

### रुको...रुको, न्यूयॉर्क विमान हादसे का ऑडियो सामने आया

## एयरपोर्ट पर यात्री विमान रनवे पर खड़े ट्रक से भिड़ा, दोनों पायलट की मौत

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क



अमेरिका के न्यूयॉर्क के व्यस्त ला ग्वार्डिया एयरपोर्ट पर सोमवार को एक विमान हादसा हुआ। एयर कनाडा का एक यात्री विमान रनवे पर एक फायर ट्रक से टकराया। इस हादसे में पायलट और को-पायलट की मौत हो गई। अब हादसे से ठीक पहले का एक ऑडियो सामने आया है। मॉन्ट्रियल ट्रूडो इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आए एयर कनाडा के विमान करीब 100 लोग सवार थे। आंकड़ों के मुताबिक, टक्कर के समय विमान करीब 39 किलोमीटर प्रति घंटा (24 मील प्रति घंटा) की रफ्तार से चल रहा था। वहीं हादसे से ठीक पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) और पायलटों के बीच हुई बातचीत का एक दर्दनाक ऑडियो सामने आया है। इसमें कंट्रोलर को चिल्लाते हुए साफ सुना जा सकता है। कंट्रोलर चेतावनी देकर कहता है, रुको, रुको, रुको! ट्रक। तभी विमान को खतरे से बचाने की कोशिश की गई। डेल्टा एयरलाइंस के विमान को तुरंत लैंडिंग रद्द करने का निर्देश दिया। टक्कर के कुछ ही पलों बाद कंट्रोलर ने कहा, डेल्टा 2603, चक्कर लगाएं, मैं देख रहा हूं कि आप एक गाड़ी से टकरा गए हैं, बस अपनी स्थिति बनाए रखें।

### एयरपोर्ट को पूरी तरह बंद किया गया

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और तस्वीरों में विमान के अगले हिस्से को भारी नुकसान पहुंचता दिख रहा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, फायर ट्रक में सवार दो लोगों के हाथ-पैर टूट गए हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है। हादसे के तुरंत बाद ला ग्वार्डिया एयरपोर्ट को पूरी तरह बंद किया गया। आने वाली उड़ानों को दूसरे एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया गया है। न्यूयॉर्क सिटी इमरजेंसी मैनेजमेंट ने कहा है कि लोग मानकर चलें कि उड़ानें कैंसिल हो सकती हैं, सड़कें बंद रह सकती हैं और ट्रैफिक जाम भी हो सकता है।

### धमाके में कोई घायल नहीं हुआ

## बॉर्डर से सटे गांव के पूर्व सरपंच के घर के बाहर धमाका, गेट को नुकसान

एजेंसी ▸▸ जम्मू



सांबा ज़िले के एक सीमावर्ती गांव में सोमवार तड़के एक धमाके के बाद अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों ने बताया कि यह धमाका रात करीब 2 बजे घगवाल इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 10 किलोमीटर दूर, गवाला तालाब गांव में पूर्व सरपंच जय राम शर्मा के घर के बाहर हुआ। धमाके के बाद लोग दहशत में आ गए। हालांकि इस धमाके में कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन धमाके के कारण पूर्व सरपंच जयराम शर्मा के घर का मेन दरवाज़ा और चारदीवारी का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस और फोरेंसिक विशेषज्ञों ने धमाके की वजह का पता लगाने के लिए घटनास्थल से सबूत इकट्ठा किए हैं। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है। इस घटना के बाद इलाके में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हो गईं। मामले की जांच तो शुरू ही हो गई है, इसके साथ ही इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती भी की गई है। पूर्व सरपंच ने स्थानीय मीडिया से बात करते हुए कहा कि मेरे घर को निशाना बनाते हुए हमला किया गया था।

### वैश्विक मंचों पर सहयोग बढ़ाएंगे भारत और रूसः जयशंकर

## भारत-रूस के संबंधों ने वैश्विक शांति, स्थिरता और तरक्की को आगे बढ़ाया

**बेहद बैलेंस तरीके से भारत और रूस के संबंध आगे बढ़ रहे**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली




पुतिन की भारत यात्रा का भी किया जिक्र

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बदलती भूराजनैतिक परिस्थितियों के बीच भारत-रूस के आपसी सहयोग की सराहना की। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'भारत और रूसः एक नए द्विपक्षीय एजेंडा की ओर' कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। जयशंकर ने कहा कि दशकों से हमारे आपसी फायदे वाले सहयोग ने क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, स्थिरता और तरक्की को आगे बढ़ाया है। आज के बदलते भू-राजनैतिक हालात में हमारा जुड़ाव लगातार गहरा होता जा रहा है, जो लगातार हाई-लेवल बातचीत से प्रेरित है। जयशंकर ने कहा कि ब्रिक्स की अध्यक्षता करते हुए, भारत मानवता को प्राथमिकता देने और जन-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है। रूस के साथ मिलकर भारत साझा चुनौतियों का संतुलित और समावेशी तरीके से समाधान करने के लिए तत्पर है। अंत में, मैं अपनी दीर्घकालिक साझेदारी और प्रिय मित्रता को मजबूत करने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराना चाहता हूं। जयशंकर ने इस दौरान रूस के राष्ट्रपति पुतिन के बीते साल हुए भारत यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पुतिन का दिसंबर 2025 में हुआ भारत दौरा कई नए आयाम लेकर आया। इस दौरान मोबिलिटी से लेकर हेल्थ और फूड सेफ्टी, मेरीटाइम सहयोग समेत कई मुद्दों पर अहम समझौते हुए। इस यात्रा के दौरान फर्टिलाइजर्स, कस्टम और कॉमर्स, एकेडमिक और मीडिया कोऑपरेशन पर भी अहम फैसले हुए। दोनों ही पक्षों ने आपसी ट्रेड को 68.7 बिलियन डॉलर से 2030 तक 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा। जयशंकर ने भारत-रूस सबंधों को लेकर कहा कि इसे बेहद बैलेंस तरीके से लगातार आगे ले जाने पर फैसला हुआ। इसके साथ ही भारतीय वर्कफोर्स का सही इस्तेमाल हो इस पर भी बात हुई। ट्रेड में फ्री टैरिफ को लेकर भी चर्चा की जा रही। रूस पहले से ही सिविल न्यूक्लियर एनर्जी को लेकर पार्टनर रहा है। कुडानकुलम न्यूक्लियर प्रोजेक्ट इसका स्पष्ट उदाहरण है। भारत लगातार न्यूक्लियर एनर्जी जेनरेशन क्षमता को बढ़ाने पर फोकस कर रहा है। इस 2047 तक 100 किलोवॉट तक ले जाने की योजना है। सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए ।

#### रूस हमारा भरोसेमंद और मजबूत सहयोगी

*जयशंकर आगे बोले कि मुझे लगता है कि रूस हमारा भरोसेमंद और मजबूत सहयोगी बना रहेगा। रूस बेहद शांति से इस न्यूक्लियर एनर्जी में हमारा सपोर्ट करेगा। योग, आयुर्वेद से आर्ट और कल्चर में लोगों से जुड़ाव बढ़ रहा है। भारत के ब्रिक्स की अध्यक्षता जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि हमारी पूरी कोशिश मानवता पहले और लोगों को केंद्र रखते हुए आगे बढ़ने की अप्रोच रही है। रूस से के साथ हमारा सहयोग लगातार बढ़ रहा है।*

## फाइनल में आर्सेनल को दी शिकस्त

# मैनचेस्टर सिटी बना ईएफएल कप चैंपियन

### निको ओ'रेली ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दागे दो गोल

एजेंसी ▶▶| लंदन

*मैनचेस्टर सिटी ने ईएफएल कप फाइनल में आर्सेनल को 2-0 से हराते हुए खिताब को अपने नाम किया। मैनचेस्टर की तरफ से फाइनल में निको ओ'रेली ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल करते हुए टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। मैनचेस्टर सिटी ने यह 9वीं लीग ट्रॉफी जीती है। सिटी से ज्यादा खिताब अब सिर्फ लिवरपूल के नाम है। हाफ टाइम के बाद सिटी ने आर्सेनल के मुकाबले ज्यादा बेहतर खेल दिखाया। मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। आर्सेनल की टीम खिताबी मुकाबले में संघर्ष करती हुई नजर आई, जिसका पूरा फायदा सिटी ने उठाया।*




#### यह बहुत गर्व का पल : कप्तान बर्नार्डो सिल्वा

*पूरे सीजन मैनचेस्टर सिटी की शानदार कप्तानी करने वाले कप्तान बर्नार्डो सिल्वा ने टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने टीम की इस सफलता को सभी के लिए खास पल बताया। उन्होंने कहा, यह सिटी में सभी के लिए बहुत गर्व का पल है। हमें यह प्रतियोगिता पसंद है और इस सीजन में शानदार प्रदर्शन करने वाले आर्सेनल को हराकर इसे जीतना वाकई खास है।*

#### मैनचेस्टर सिटी लेगी इंटरनेशनल ब्रेक

मैनचेस्टर सिटी अब एक इंटरनेशनल ब्रेक पर होगी। टीम अब अपना अगला मुकाबला 4 अप्रैल को एफए कप के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लिवरपूल के खिलाफ खेलेगी। गार्डियोला की टीम अगले हफ्ते चेल्सी में होने वाले प्रीमियर लीग पर ध्यान देगी। मैनचेस्टर सिटी प्रीमियर लीग टाइटल की दौड़ में बनी हुई है। गार्डियोला की टीम अभी टॉप पर काबिज आर्सेनल से 9 प्वाइंट पीछे है और उन्हें अभी एक मुकाबला खेलना है।

#### पेप गार्डियोला बने सबसे सफल मैनेजर

पेप गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी मैनेजर के तौर पर यह मशहूर ट्रॉफी पांच बार जीती है, जो इंग्लिश फुटबॉल में एक रिकॉर्ड है। वह इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा सफलता पाने वाले मैनेजर के तौर पर ब्रायन क्लॉ, सर एलेक्स फर्ग्यूसन और जोस मोरिन्हो (जिन्होंने सभी ने चार-चार जीते) से आगे निकल गए हैं। काराबाओ कप सिटी बॉस के तौर पर पेप की पहली ट्रॉफी थी, जिसमें उन्होंने 2018 में आर्सेनल को 3-0 से हराया था। उन्होंने अब उस विरासत में एक और नाम जोड़ लिया है और 1960 में प्रतियोगिता की शुरुआत के बाद से सबसे सफल मैनेजर बन गए हैं।

## एमएलएस : इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी को 3-2 से हराया



**न्यूयॉर्क।** इंटर मियामी सीएफ ने अपनी जीत की लय को बरकरार रखा है। टीम ने रोमांचक मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूयॉर्क सिटी एफसी को 3-2 से हराया। एमएलएस रेगुलर सीजन में यह इंटर मियामी की लगातार चौथी जीत है। इंटर मियामी के डिफेंडर गोंजालो लुजा, माइकल और कप्तान लियोनेल मेसी के किए गोल ने इंटर मियामी की जीत में अहम योगदान दिया। इंटर मियामी ने मैच के चौथे मिनट में ही बढ़त बनाई। टीम की तरफ से पहला गोल गोंजालो लुजान ने किया। टेलास्को जोस सेगोविया के किए प्रयास के विफल रहने के बाद लुजान ने रिबाउंड का फायदा उठाते हुए इंटर मियामी को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, न्यूयॉर्क सिटी एफसी ने जोरदार वापसी की और मैच के 17वें मिनट में निकोलस फर्नांडीज के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मेसी ने गोल करने के दो मौके बनाए, लेकिन उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी। पहले हाफ के बाद स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा। हालांकि, मेजबान टीम ने मैच के 59वें मिनट में अगस्टिन ओजेडा के गोल से बढ़त बना ली।

#### मेसी ने दागा गोल, स्कोर किया 2-2 से बराबर

इसके तुरंत बाद मेसी ने 61वें मिनट में इंटर मियामी के लिए गोल दागते हुए स्कोर को फिर से 2-2 से बराबर कर दिया। मेसी ने फ्री किक पर इस रेगुलर सीजन का अपना चौथा गोल किया। इंटर मियामी ने 74वें मिनट में अपनी बढ़त वापस पा ली, जब बॉक्स के दाएं छोर से माइकल ने एक जोरदार हेडर से एलन के पिच के बाईं तरफ से मिले सटीक क्रॉस का फायदा उठाया। यह गोल माइकल का इंटर मियामी के खिलाड़ी के तौर पर पहला गोल रहा, जबकि इस लीग कैंपेन में एलन का यह दूसरा असिस्ट था।

# अरुंधती ने रचा नया कीर्तिमान

### बनीं आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय महिला क्रिकेटर अरुंधति रेड्डी को फरवरी 2026 के लिए आईसीसी 'विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है। भारतीय सीमर के करियर में ऐसा पहली बार है, जब उन्हें इस पुरस्कार से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें ऑस्ट्रेलिया में भारत की यादगार जीत में निभाई गई उनकी शानदार भूमिका के लिए मिला है। अरुंधति रेड्डी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली गेंदबाज रहीं, जिन्होंने 10.87 की औसत और 7.25 की इकॉनमी रेट से कुल 8 विकेट हासिल किए। भारत की इस बड़ी जीत में उनका योगदान बहुत अहम रहा। अरुंधति के इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की। यह साल 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया में भारत की पहली टी20 सीरीज जीत थी।

- **टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली गेंदबाज**

दाएं हाथ की सीमर ने सिडनी में खेले गए अपने पहले ही मैच से सटीक गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मैच में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन देकर 4 विकेट हासिल किए, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। 28 वर्षीय गेंदबाज ने शेष दो मुकाबलों में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। कैनबरा में खेले गए मैच में उन्होंने 30 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि एडिलेड में खेले गए सीरीज के निर्णायक मुकाबले में उन्होंने 35 रन देकर 2 विकेट निकाले।

#### मेंस कैटेगरी में फरहान को मिला अवॉर्ड

वहीं मेंस कैटेगरी में ये अवॉर्ड साहिबजादा फरहान ने जीता है। फरहान टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। यही कारण है कि उन्होंने इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स और अमेरिका के तेज गेंदबाज शैडली वैन शाल्विक को पीछे छोड़कर इस अवॉर्ड को अपने नाम किया। फरहान ने भले ही इस वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन किया हो लेकिन उनकी टीम इस वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच पाई थी।

#### ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराना आसान नहीं : अरुंधती

*अवॉर्ड जीतने के बाद रेड्डी ने कहा कि आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए सचमुच एक बहुत बड़ा सम्मान है, और यह बात और भी खास है कि मैं ऑस्ट्रेलिया में टी20 सीरीज जीतने में अपनी टीम के लिए कुछ योगदान दे पाई। ऑस्ट्रेलिया को उसके अपने घर में हराना कभी भी आसान नहीं होता, और इसी वजह से यह अवॉर्ड मेरे लिए और भी ज़्यादा मायने रखता है। इस सीरीज में मिली जीत से हमारी टीम का आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है। हम आगामी वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप में भी इसी प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे।*

## खबर संक्षेप



#### अप्रैल में नहीं होगी एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप

**कराची।** इस्लामाबाद में अगले महीने होने वाली एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप खाड़ी में जारी संघर्ष के कारण स्थगित कर दी गई है। यह चैंपियनशिप 14 से 18 अप्रैल के बीच होनी थी। अधिकारी ने बताया,' एशियाई स्क्वाश महासंघ ने हमें बताया कि संघर्ष के कारण क्षेत्र के मौजूदा हालात को देखते हुए इस समय यह टूर्नामेंट करा पाना संभव नहीं है।'

#### विश्व क्रिकेट का मुख्य बाजार भारत : संजोग

**नई दिल्ली।** हाल ही में टी20 विश्व कप में एसोसिएट देशों के निडर प्रदर्शन की तारीफ करते हुए आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने उनके विकास को क्रिकेट के परिपक्व वैश्विक खेल बनने का संकेत बताया और कहा कि भारत मुख्य बाजार है लेकिन क्रिकेट निश्चित तौर पर वैश्विक होता जा रहा है। भारत ने 20 टीमों की भागीदारी वाला टी20 विश्व कप जीता लेकिन पहली बार टूर्नामेंट खेल रही इटली, अमेरिका, नेपाल और जिम्बाब्वे जैसी टीमों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। गुप्ता ने कहा कि भारत विश्व क्रिकेट का मुख्य बाजार है।



#### गुजरात टाइटंस टीम से जुड़े राशिद खान

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के लिए राशिद खान गुजरात टाइटंस की टीम से जुड़ गए हैं। राशिद से इस सीजन टीम को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज के लिए पिछला सीजन कुछ खास नहीं गुजरा था। वह 15 मुकाबलों में सिर्फ 9 ही विकेट निकाल सके थे। गुजरात टाइटंस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर राशिद खान के स्वागत में खास पोस्ट शेयर किया। राशिद की तस्वीर के साथ गुजरात ने कैप्शन में लिखा, खुशी का माहौल है, क्योंकि गुजरात की शान घर आ गए हैं। घर में आपका स्वागत है, राशिद खान। राशिद आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए संघर्ष करते नजर आए थे। हालांकि, हाल ही में खत्म हुए टी20 विश्व कप 2026 में राशिद का प्रदर्शन दमदार रहा था।



# मास्टर्स कप: वेटरन ग्रुप में कनारा विदिशा ने भोपाल मास्टर्स को 29 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

स्व. कैलाश नारायण सारंग (बाबूजी) की स्मृति मे आयोजित 9वीं मास्टर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को वेटरन ग्रुप में कनारा मास्टर्स विदिशा और भोपाल मास्टर्स के मध्य मैच खेला गया, जिसमे कनारा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाए। इनमें विनय गुप्ता ने 46, निलेश ने 31, धीरेंद्र सिंह राजपूत ने 22 और गुंजन सक्सेना ने 18 रन का योगदान दिया। अतिरिक्त के रूप में 6 रन मिले। भोपाल मास्टर्स के गेंदबाज शेखर दीक्षित ने 33 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि मज़हर ने 24 रन देकर 2 विकेट लिए। सोनू और ब्रह्मा ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में भोपाल मास्टर्स की टीम 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 118 रन ही बना सकी और यह मैच 29 रन से हार गई।



प्लेयर ऑफ़ द मैच धीरेंद्र सिंह राजपूत को पुरस्कृत करते अतिथि।

#### धीरेंद्र सिंह बने मैन ऑफ द मैच

भोपाल मास्टर्स के सोनू प्रजापति ने नाबाद 29, सौरभ यादव ने 26 और प्रदीप कनाड़े ने 16 रन ठोक। अतिरिक्त के रूप मे 19 रन मिले। कनारा के धीरेंद्र राजपूत ने 5 विकेट, जबकि करन परिहार ने 2 विकेट और मनीराज, निलेश ने 1-1 विकेट लिया। धीरेंद्र सिंह राजपूत को दोहरे प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया। उन्हें ओम कंस्ट्रक्शन कंपनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश मिश्रा एवं वरिष्ठ क्रिकेटर एवं एनआईएस कोच शैलेश शुक्ला ने पुरस्कृत किया।

# एमपीसीए का दो दिनी अंडर 15 बालिका वर्ग टीम का सिलेक्शन ट्रायल कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) द्वारा बीसीसीआई सत्र 2026-27 के लिए अंडर-15 बालिका वर्ग की टीम चयन हेतु ओपन ट्रायल 25 एवं 26 मार्च को क्रिकेट अकादमी ऑफ पठान, कोलार रोड में आयोजित की गई है। ट्रायल में भाग लेने के लिए पात्रता के अनुसार खिलाड़ी का जन्म 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के बीच होना अनिवार्य है। ट्रायल के पहले दिन खिलाड़ियों को सुबह 10 बजे रिपोर्टिंग करनी होगी,पहले दिन की प्रक्रिया के बाद चयनित खिलाड़ी ही दूसरे दिन ट्रायल में भाग लेंगे। खिलाड़ियों को ट्रायल के समय जन्म प्रमाण पत्र की एक फोटोकॉपी साथ लाना अनिवार्य होगा। एसोसिएशन के अनुसार प्रत्येक डिवीजन स्तर पर स्काउटिंग के बाद अंतिम चयन प्रक्रिया इंदौर में आयोजित की जाएगी, जिसकी जानकारी बाद में दी जाएगी।

## अंडर-12 बीडीसीए क्रिकेट टूर्नामेंट

# विश्वास सारंग अकादमी ने अभय अकादमी को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में आयोजित अंडर 12 बीडीसीए क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को वीएस अकादमी और अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया।

अभय गोस्वामी की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम प्रवेश बामरे के घातक गेंदबाज़ी के आगे ढेर हो गई। निर्धारित 30 ओवर मे सभी विकेट खो कर 97 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीएस अकादमी ने 3 विकेट के नुकसान पर 98 रन बना कर मैच जीत लिया।

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के कप्तान मेधांश उइके के आज फिर कप्तानी परी खेलते हुए शानदार 49 रन बनाए और अक्षत द्विवेदी ने 29 रन पर नाबाद रहे। अभय गोस्वामी अकादमी की ओरर से अर्णव विश्कर्मा ने 45 रन बनाए। वीएस अकादमी के प्रवेश बामरे ने 4 और हर्षिका वर्मा ने 3 विकेट लिए। प्रवेश बामरे को मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ क्रिकेटर योगेंद्र व्यास ने दिया।


प्रवेश बामरे को मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

## केएआई नेशनल कराटे चैंपियनशिप शुरू

# कराटे सिर्फ खेल नहीं, जीवन जीने की एक सशक्त कला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

एलएनसीटी विश्वविद्यालय में आयोजित केएआई सीनियर नेशनल कराटे चैंपियनशिप–2026 का सोमवार को अत्यंत भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में मंत्री विश्वास सारंग, प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ,अध्यक्ष केएआई बैकुंठ सिंह, उपाध्यक्ष, केएआई डॉ. पंकज शुक्ला एवं महासचिव केएआई योगेश कालरा मौजूद रहे। कार्यक्रम में राज्य अध्यक्ष जयदेव शर्मा, रेफरी आयोग के अध्यक्ष अमित गुप्ता सहित विभिन्न राज्यों से आए पदाधिकारी एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री विश्वास सारंग ने दीप प्रज्वलन कर किया, जो खेल भावना, अनुशासन और एकता का प्रतीक रहा। यह आयोजन शिहान अमित गुप्ता एवं शिहान परितोष शर्मा के तकनीकी मार्गदर्शन तथा शिहान जयदेव शर्मा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

मंत्री सारंग ने कहा कि कराटे केवल एक खेल नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक सशक्त कला है, जो अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता का निर्माण करती है। आप सभी खिलाड़ी अपने समर्पण और मेहनत के प्रतीक हैं। मैं आग्रह करता हूँ कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और देश का नाम रोशन करें। यहां सीखे गए मूल्य आपको भविष्य में एक मजबूत और जिम्मेदार नागरिक बनाएंगे।

#### यह व्यक्तित्व निर्माण करने का अवसर: डॉ. शुक्ला

डॉ. पंकज शुक्ला ने कहा, यह चैंपियनशिप केवल पदक जीतने का मंच नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन और आत्मविश्वास को विकसित करने का अवसर है। मैं सभी प्रतिभागियों से कहना चाहता हूं कि वे इस मंच का उपयोग खुद को बेहतर बनाने, नई सीख हासिल करने और अपनी सीमाओं को पार करने के लिए करें। 23 से 24 मार्च तक आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के 19 राज्यों से लगभग 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिन्होंने कुमिते और काता की विभिन्न श्रेणियों में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रतिस्पर्धा की।



# उद्घाटन मैच में अरेरा अकादमी ने रेलवे गर्वित को हराया

#### साथवी डीआरएम ट्रॉफी अंडर-12 टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी के रेलवे ग्राउंड पर खेली जा रही साथवी डीआरएम ट्रॉफी अंडर-12 टूर्नामेंट में पहला मैच अरेरा क्रिकेट अकाडमी एवं रेलवे गर्वित के बीच खेला गया। टूर्नामेंट की शुभारंभ पूर्व रणजी ट्रॉफी प्लेयर संजय पांडे ने किया। रेलवे गर्वित ने पहले बल्लेबाज करते हुए 140 रनों का संघर्षपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इनमें रियांश ने 32 और सौरभ ने नाबाद 26 रनों की अच्छी शुरुआत की, लेकिन अरेरा के गेंदबाजों ने लगातार विकेट लेकर उन्हें बड़ा स्कोर बनाने का मौका नहीं दिया।

जवाब में अरेरा क्रिकेट अकादमी ने 29 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। अरेरा से जय ने 52 और सार्थक ने 27 रन बनाए। रेलवे गर्वित से आरव शर्मा ने 2 और आरव साहू और पीयूष ने 1-1 विकेट लिए। अरेरा अकादमी के सार्थक और जय को उनकी शानदार प्रदर्शन के लिए संयुक्त रूप से मेन ऑफ़ द मैच चुना गया। उन्हें अरेरा क्रिकेट अकादमी के कोच सुरेश चेनानी और भोपाल के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी गजेंद्र सिंह गिल ने पुरस्कृत किया।



**न्यायालय तहसीलदार तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्रं.-3893/अ-6/25-26

// इश्तहार //

आवेदक कुन्दन लाल सीतलानी आ. स्व. श्री रामचन्द्र सीतलानी निवासी म.नं. 21, ईदगाह हिल्स भोपाल द्वारा ग्राम बावड़िया कलां स्थित खसरा नंबर 56/2/13एस 56-ख/2/4 क्षेत्रफल 0.0650 हे. का विक्रयपत्र / फौती / वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 30/03/2026 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार भोपाल**

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

// आम सूचना //

अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक एल.आई.जी. 448 जी सेक्टर मण्डल द्वारा श्री इन्द्र कुमार तिवारी आत्मज श्री संकठा प्रसाद तिवारी के नाम पर भाड़ाक्रय खरीद करार के आधार पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 2979-82 दिनांक 08/10/2004 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 10/11/2004 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री कृष्ण कुमार मिश्रा आत्मज स्व. श्री माणिक लाल मिश्रा एवं श्रीमती सोनम मिश्रा पत्नी श्री कृष्ण कुमार मिश्रा के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 09/03/2026 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री कृष्ण कुमार मिश्रा आत्मज स्व. श्री माणिक लाल मिश्रा एवं श्रीमती सोनम मिश्रा पत्नी श्री कृष्ण कुमार मिश्रा के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2. भोपाल**

**कार्यालय तहसीलदार संतहिरदाराम नगर वृत्त जिला भोपाल**

क्रमांक /207/तह./स.हि. (बैरा) / 26 भोपाल दिनांक 10/03/2026

पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) भोपाल ....................आवेदक

विरूद्ध

सर्वसाधारण ....................अनावेदक

:: सार्वजनिक उद्घोषणा ::

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जितेन्द्र पवार सिंह पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) भोपाल द्वारा ग्राम शहर भोपाल स्थित भूमि खसरा कमांक 106 रकवा 7.2480 हेक्टेयर में से 0.405 हेक्टेयर भूमि का आवंटन चाहा गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उपरोक्त कार्यवाही किये जाने में किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति स्वंय अथवा मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी हो।

G-27797/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

परिशिष्ट ट
प्रारूप-ण
(नियम 22 (क) (6) देखिए)
धारा 30-क के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना
क्रमांक BPLLP29082509497/ दिनांक / 18/MAR/2026

क्र./1961/नग्रानि/Bhopal दिनांक 16/MAR/2026

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/मेसर्स-1.SMT.MAMTA JAIN W/O SHRI. RAJESH KUMAR JAIN 2.SHRI. RAJESH KUMAR JAIN S/O SHRI. PRAKASH CHANDRA JAIN जो नगर/ग्राम Ahmadpur kalan के खसरा क्रमांक हेतु आदेश क्रमांक 1115-1119/G-297/DHARA-27-28/TNCP/ZO/2008 दिनांक 2020-07-16 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित RESIDENTIAL, PLOTTED HOUSING प्रयोजन के भू-खण्ड क्रमांक 161, 164 को स्वामी हैं, और श्री/श्रीमती/मेसर्स -

1. SMT.MAMTA JAIN W/O SHRI. RAJESH KUMAR JAIN 2. SHRI RAJESH KUMAR JAIN S/O SHRI PRAKASH CHANDRA JAIN जो नगर Huzur ग्राम Ahmadpur kalan के खसरा क्रमांक 22/1/2 (S), 22/1/3 (S) में स्थित भूमि के हेतु आदेश क्रमांक 1115-1119/G-297/DHARA-27-28/TNCP/ZO/2008 दिनांक 2020-07-16 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित RESIDENTIAL, PLOTTED HOUSING प्रयोजन के भू-खण्ड अथवा नगर / ग्राम Ahmadpur kalan खसरा क्रमांक 22/1/2 (S), 22/1/3 (S) रकबा 0.111036 भूमि जिसका भूमि उपयोग RESIDENTIAL है, के स्वामी है द्वारा उपरोक्त भू-खण्ड/भू-खण्ड एवं भूमियों के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलियन के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिन के भीतर, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=DxXjJV6p2b1961 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा मर्जर की जा रही भूमि / भूखण्ड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश, भोपाल मध्यप्रदेश




उप मुख्यमंत्री देवड़ा और शुक्ल समेत विभागीय मंत्रियों ने दी शुभकामनाएं

# राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष का पूर्व मंत्री पवैया ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने सोमवार को मंत्रालय में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया। संविधान के 73 वें एवं 74 वें संशोधनों के तहत पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय स्थानीय निकायों को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया है।

संविधान के अनुच्छेद 243 (आई) एवं 243 (वाई) के अनुसार प्रत्येक राज्य में हर पांच वर्ष में राज्य वित्त आयोग का गठन किया जाता है। राज्य वित्त आयोग का मुख्य उद्देश्य पंचायतों एवं नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति का आकलन करना, उनके आय के स्त्रोतों को मजबूत करने के उपाय सुझाना तथा राज्य के करों, शुल्कों एवं अनुदानों के उचित वितरण के संबंध में अनुशंसाएं देना है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल सहित विभिन्न विभागीय मंत्री मौजूद थे।

**पवैया के नेतृत्व में आयोग पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों को और अधिक सशक्त बनाने में निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका**


मंत्रालय में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करते पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया।

### निकाय होंगे मजबूत

उप मुख्यमंत्री देवड़ा और शुक्ल ने पवैया को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में राज्य वित्त आयोग पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने भी पवैया को शुभकामनाएं दी।

‘शुद्धि’ के लिए करेंगे हनुमान चालीसा का पाठ

# एम्स में रोजा-इफ्तार, हिंदू संगठनों का विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स के मेन गेट पर सोमवार को हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इसका मुख्य कारण बीते दिनों एम्स परिसर में आयोजित की गई रोजा इफ्तार पार्टी को बताया जा रहा है, संगठनों का आरोप है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थान में इस्लामी धार्मिक आयोजन की अनुमति दी गई, जो गलत है।

इसको लेकर हिंदू संगठनों की ओर से आरोप लगाया गया कि एम्स में रोजा इफ्तार पार्टी हुई है। इसका वीडियो सामने आया है। बजरंग दल इसे जिहादी मानसिकता बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को इस मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने एम्स पहुंचकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। शुद्धि’ के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करने की मांग की है।

### तो हर थाने में करेंगे चालीसा पाठ...

बजरंग दल ने कौटिल्य भवन के सामने नारे लगाकर तख्तियां लहराई। रोजा इफ्तार पार्टी को लेकर बजरंग दल ने सवाल किया कि यदि इफ्तार की अनुमति है, तो हिंदुओं के त्योहार मनाने की अनुमति क्यों नहीं दी जाती। हनुमान चालीसा और कन्या भोज से परहेज क्यों होता है। दल के कार्यकर्ताओं ने साफ चेतावनी दी है कि यह भेदभाव खत्म नहीं हुआ तो वे भोपाल के हर थाने में हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे और शासन प्रशासन के साथ समाज को जगाने का काम करेंगे।

## कुलदेवी के दर्शन की जिद कर रहे युवक ने बाथरूम में लगाई

**भोपाल।** कमलानगर थाना क्षेत्र स्थित नवगृह मंदिर झुग्गीबस्ती में सोमवार सुबह एक युवक ने बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी का कहना है कि उन्हें देवी आती थीं। वह कुलदेवी के दर्शन के लिए सागर जाने की जिद कर रहे थे। पत्नी ने नवमी पर चलने की बात कही तो विवाद होने लगा। शांत होने के बाद उन्होंने बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के मुताबिक नवगृह मंदिर झुग्गीबस्ती निवासी बलदेव रैकवार (46) प्राइवेट काम करते थे। परिवार में पत्नी शीला रैकवार और 11 व 12 साल की दो बेटियां हैं। सोमवार सुबह बलदेव ने पत्नी से कुलदेवी के दर्शन के लिए सागर जाने की जिद की। पत्नी ने कहा कि नवमी पर कुलदेवी के दर्शन के लिए चलेंगे। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद होने लगा। विवाद के दौरान ही बलदेव को देवी आ गईं। कुछ देर बाद शांत होते ही वह बाथरूम में गए और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज....आगर-मालवा और मंदसौर में बड़ी कार्रवाई

# 13 क्विंटल डोडाचूरा जब्त, 3 तस्कर गिरफ्तार 1.72 करोड़ की संपत्ति जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आगर मालवा और मंदसौर जिलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 क्विंटल से अधिक डोडाचूरा जब्त किया गया है। पुलिस ने इस दौरान 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 1 करोड़ 72 लाख रुपए की संपत्ति भी जब्त की है।

**काली बोरियों में छिपाकर रखा था:** आगर मालवा के थाना कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आगर-सारंगपुर मार्ग स्थित गणेश घाटी पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक कंटेनर ट्रक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 31 काली बोरियों में छिपाकर रखा गया 613 किलो 600 ग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जो इस मादक पदार्थ को अन्य राज्य में सप्लाई करने की फिराक में था। आरोपी के कब्जे से कंटेनर ट्रक, दो मोबाइल फोन, नगद राशि एवं अन्य दस्तावेज सहित करीब 1 करोड़ 53 लाख 46 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।


जब्त वाहन

### मंदसौर में कार्रवाई

वहीं मंदसौर जिले के थाना सीतामऊ क्षेत्र में पुलिस ने ग्राम मानपुरा आम रोड पर कार्रवाई करते हुए बोलेरो पिकअप वाहन की तलाशी ली। इसमें 37 प्लास्टिक कट्टों में भरा 7 क्विंटल 22 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया गया। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बोलेरो पिकअप, एक ट्रैक्टर और मोबाइल फोन सहित करीब 19 लाख 3 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की है। दोनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## गोलीकांड के आरोपी शादाब को रिमांड के बाद जेल भेजा

हिस्ट्रीशीटर लल्लू रईस के बेटे इमरान पर फायरिंग कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले के आरोपी कुख्यात अपराधी शादाब कुरैशी उर्फ गेट को पुलिस रिमांड समाप्त होने पर जिला न्यायालय ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए हैं। थाना अशोका गार्डन ने आरोपी को घटना के संबंध में पूछताछ करने एवं हथियार बरामद करने के लिए 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। सोमवार को पुलिस रिमांड की अवधि समाप्त होने पर थाना अशोका गार्डन ने आरोपी को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कृष्णकांत बागरे के समक्ष पेश कर उससे पूछताछ पूरी होना बताते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का अनुरोध किया था। जिला न्यायालय ने आरोपी शादाब कुरैशी उर्फ गेट का जेल वारंट बनाया जाकर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए थे। जिला न्यायालय के आदेश पर जेल वारंट लेकर थाना अशोका गार्डन के पुलिसकर्मी आरोपी को महाराष्ट्र के जलगांव की भुसावल उपजेल में दाखिल कराने को लेकर रवाना हो गई है। आरोपी को 17 मार्च को महाराष्ट्र के जलगांव की थाना भुसावल की पुलिस ने पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर भुसावल उप जेल भेज दिया था। आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना पर भोपाल से क्राइम ब्रांच एवं थाना अशोका गार्डन की संयुक्त टीम ने भुसावल न्यायालय के समक्ष पेश किया था।

## मंदिर के बाहर गाय के अवशेष फेंकने का मामला, अज्ञात आरोपी पर एफआईआर

राजधानी के तलैया थाना क्षेत्र में स्थित काली मंदिर के बाहर गाय के अवशेष मिलने से क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मंदिर के बाहर एक सफेद बोरे में गाय के अवशेष फेंके गए थे। जानकारी मिलते ही जय मां भवानी हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और चक्काजाम कर दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी की पहचान की जा सके। साथ ही अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिससे पूरी घटना की सच्चाई सामने आ सके। संगठन के प्रमुख भानु हिंदू का कहना है कि अवशेषों से साफ प्रतीत होता है कि गाय की हत्या कर उसे मंदिर के बाहर फेंका गया, जिससे सामाजिक माहौल बिगड़ जाए।

## गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त - लिखित में बताने होंगे आरोप, एमपी पुलिस ने दी मौखिक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गिरफ्तारी की प्रक्रिया को पारदर्शी और कानूनी रूप से मजबूत बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश जारी किए हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय उसके खिलाफ लगाए गए आरोपों और गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी लिखित रूप में देना अनिवार्य होगा।

यह निर्देश मिहिर राजेश शाह बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले में दिए गए फैसले के तहत सामने आया है। कोर्ट ने कहा कि यदि पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी नहीं दी जाती है, तो ऐसी गिरफ्तारी को अवैध माना जा सकता है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किए जाने से पहले यह जानकारी देना आवश्यक है तथा उसके परिजनों को भी गिरफ्तारी की सूचना दी जानी चाहिए।

इसी फैसले के पालन में मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय ने राज्यभर के पुलिस आयुक्तों, एसटीएफ, नारकोटिक्स, साइबर सेल और अन्य इकाइयों को निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों में कहा गया है कि बीएनएस सहित सभी कानूनों के तहत दर्ज मामलों में गिरफ्तारी के आधारों की जानकारी आरोपी को उसकी समझ में आने वाली भाषा में लिखित रूप में देना अनिवार्य होगा।

### पुलिस के लिए व्यावहारिक सहूलियत देने वाला कदम

हालांकि, मप्र पुलिस ने व्यावहारिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अपने आदेश में एक लचीलापन भी रखा है। निर्देशों के अनुसार, यदि गिरफ्तार करने वाला अधिकारी किसी कारणवश गिरफ्तारी के समय या उसके तुरंत बाद लिखित रूप में जानकारी देने में असमर्थ होता है, तो वह आरोपी को मौखिक रूप से भी गिरफ्तारी के कारण बता सकता है। इस निर्णय को कानूनी प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ पुलिस के लिए व्यावहारिक सहूलियत देने वाला कदम माना जा रहा है।

सोशल मीडिया के जरिए संज्ञान में आया

## आरजीपीवी: भोजन में छिपकली वीसी ऑफिस पहुंचे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि की कैंटीन के भोजन में छिपकली मिलने का दावा किया गया है। यह मामला कुछ दिन पहले सामने आया था, जिसके बाद वीडिया वायरल होने के बाद शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संज्ञान में आया। छात्रों का आरोप है कि रात में भोजन के दौरान परोसी गई सब्जी में छिपकली मिली, जिसे लेकर जब उन्होंने शिकायत की तो कैंटीन कर्मचारी ने उसे शिमला मिर्च का टुकड़ा बताया। रविवार को अवकाश के कारण सोमवार को छात्रों ने विरोध दर्ज कराया है। छात्रों ने इस घटना का वीडियो भी बना लिया था, जो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

इस मामले में छात्रों ने कुलगुरू ऑफिस पहुंच कर विरोध दर्ज कराने के साथ ही जांच के लिए ज्ञापन भी दिया है। वीडियो सामने आने के बाद अन्य छात्रों और लोगों ने भी कैंटीन व्यवस्था पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। लेकिन केंटीन के कर्मचारी का कहना है वह शिमला मिर्च ही थी। छात्रों का कहना है कि कैंटीन के खाने की गुणवत्ता को लेकर पहले भी कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं।

## डायल-112 टीम की सतर्कता से युवक की बची जान, फांसी लगाने से पहले पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**टीटी नगर थाना क्षेत्र का मामला**

थाना टीटी नगर क्षेत्र में डायल-112 टीम की त्वरित कार्रवाई से एक युवक की जान बचाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 मार्च को शाम डायल-112 पर सूचना प्राप्त हुई। सूचना देने वाले दिनेश ने बताया कि उनके मकान में रहने वाला किराएदार कमरे का गेट बंद कर फांसी लगाने का प्रयास कर रहा है और दरवाजा नहीं खोल रहा है। सूचना मिलते ही डायल-112 में उमेश पटेल एवं योगेन्द्र सिंह सिकरवार तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए और कुछ ही मिनटों में थाना टीटी नगर क्षेत्र के गौतम नगर पहुंच गए।



### फंदे पर लटके युवक को उतारा

मौके पर पहुंचकर टीम ने देखा कि एक व्यक्ति कमरे के अंदर फांसी लगाने का प्रयास कर रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और फांसी के फंदे से लटक रहे व्यक्ति को तुरंत नीचे उतारा।

गाइडलाइन नीति को मार्केट रियलिटी से जोड़ा जाए: मनोज मीक

# सर्किल रेट बढ़ाना समाधान नहीं, वेल्यूएशन फिलॉसफी में सुधार जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला पंजीयक कार्यालय भोपाल की गाइडलाइन 2026–27 के मसौदे पर प्राप्त 63 सुझावों में से 34 को आंशिक रूप से, 4 को पूर्ण रूप से स्वीकार किया गया, 22 को अमान्य माना गया और 3 महत्वपूर्ण सुझाव जो शासन अथवा केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड के स्तर से जुड़े हैं आगे भेजे गए हैं।

बताया गया है कि कुल 2177 कंडिकाओं में लगभग 66 प्रतिशत में कोई वृद्धि प्रस्तावित नहीं है, जबकि लगभग 740 कंडिकाओं में वृद्धि प्रस्तावित है।



क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने इस पर कहा कि संगठन की स्पष्ट राय है कि यह मामला अब केवल लोकल संशोधन का विषय नहीं रह गया है। क्रेडाई भोपाल ने अपने 12 मार्च 2026 के प्रतिवेदन में साफ कहा है कि गाइडलाइन एक गाइडिंग प्रिंसिपल है, इसे हर परिस्थिति में एबसोल्यूट मानकर लागू नहीं किया जाना चाहिए। इसी कारण हमने रेंज-बेस्ड गाइडलाइन, री-ट्रांसफर पर स्टाम्प ड्यूटी एडजस्टमेंट, कृषि भूमि पर अप्राकृतिक उपबंधों का युक्तिकरण, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में फ्लोर-वाइज यथार्थवादी दरें, ग्रीन बेल्ट, नदी-नाले, जलाशय और एफटीएल किनारे उपयोग-प्रतिबंधित भूमि के लिए अलग राहत, लंबित एग्रीमेंट आधारित संपत्तियों हेतु सीमित अवधि की एमनेस्टी स्कीम, तथा कम-से-कम 3 वर्ष की स्टेबिलिटी पीरियड जैसे सुझाव दिए हैं।

### गंभीर आपत्ति कराई दर्ज

क्रेडाई इंदौर की प्रस्तुत आपत्तियां भी यही बताती हैं कि पूरी प्रक्रिया 2018 के नियमों की भावना के अनुरूप, पूरी बेस-मटेरियल के साथ और वास्तविक लैंड-यूज को ध्यान में रखकर होनी चाहिए। वहां यह गंभीर आपत्ति दर्ज की गई है कि पर्याप्त पंजीकृत दस्तावेजी आधार के बिना 10 प्रतिशत से 133 प्रतिशत तक वृद्धि प्रस्तावित कर दी गई, एपेंडिक्स सार्वजनिक नहीं किए गए और कुछ चुनिंदा ऊंची रजिस्ट्रियों के आधार पर पूरी कॉलोनी या प्रोजेक्ट की दरें बढ़ाने का प्रयास किया गया।

## जैन श्वेताम्बर ग्रुप ने खेली होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप, भोपाल के सभी सदस्यों ने मिलकर रंगों के पावन पर्व होली का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान गुलाल एवं फूलों से होली खेली गई तथा एक-दूसरे को रंग लगाकर बधाइयां दी गईं। विशेष रूप से शोभा अशोक नाहर एवं सीमा जितेंद्र जैन ने मनोरंजक होली के लिए विशेष गेम्स का आयोजन किया। साथ ही ग्रुप के अध्यक्ष सुनील डोसी ने ग्रुप की गतिविधियों की जानकारी दी।

स्वादिष्ट व्यंजनों ने वातावरण को और भी आनंदमय बना दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस पर्व का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर आयोजकों ने संदेश दिया कि होली केवल रंगों का ही नहीं, बल्कि भाईचारे, प्रेम और एकता का पर्व है। सभी को प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने एवं पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखने की अपील भी की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और समाज में प्रेम, सद्भाव एवं खुशहाली का संकल्प लिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930